सूर्योदय 5:33 सूर्यास्त 7:04

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10 न्यू | 18 अधि |
| धर्मशाला | 19 न्यू | 25 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,797 |
| निफ्टी | 24,461 |
| सोना 95,282 | चांदी 94100 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



जीवन जीने का तरीका सरल, मैं वर्तमान में जीने का लेता हूं पूरा आनंद

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 6 मई 2025 | 24 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 127, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

### आज के मैच

मुंबई vs गुजरात

समय: रात 7:30 बजे (मुंबई)

## न्यूज शॉर्ट्स

### वक्फ कानून से जुड़े केस की सुनवाई टली



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई टाल दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई 15 मई को न्यायमूर्ति बीआर गवई के समक्ष निर्धारित की है। बीआर गवई देश के अगले मुख्य न्यायधीश होंगे। ऐसे में याचिका अब उनके सामने ही रखी जाएगी। मौजूदा सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना 13 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पिछली सुनवाई में अदालत ने कानून के दो मुख्य पहलुओं पर रोक लगा दी थी। (अनंत ज्ञान)

### अय्यर आईएमएफ बोर्ड में भारत के प्रतिनिधि



**नई दिल्ली।** विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक (ईडी) परमेश्वरन अय्यर को नौ मई की महत्वपूर्ण बैठक से पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बोर्ड में अस्थायी रूप से भारत के नामित निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सरकार ने आईएमएफ में कार्यकारी निदेशक के रूप में के वी सुब्रमण्यन की सेवाओं को उनका तीन साल का कार्यकाल पूरा होने से छह महीने पहले समाप्त कर दिया था। इस बाद कार्यकारी निदेशक का पद रिक्त हो गया था, जिस पर अब सरकार ने अय्यर को अस्थायी रूप से नामित किया है। (अनंत ज्ञान)

### गुरदासपुर में बीएसएफ ने पकड़ा घुसपैठिया

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव का माहौल बना हुआ है। इसी बीच पंजाब के साथ लगते पाकिस्तान की सीमा पर गुरदासपुर सेक्टर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को पकड़ा है। बीएसएफ ने 3-4 मई की आधी रात घुसपैठिए को भारतीय सीमा में दाखिल हुए पकड़ा है। इससे पहले की पाकिस्तानी नागरिक बॉर्डर क्रॉस कर भारत में पहुंच पाता इससे पहले ही बीएसएफ के जवानों ने उसे दबोच लिया। आरोपी का नाम मोहम्मद हुसीनान और वह पाकिस्तान कके गुझरावाला वाला का रहना वाला है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सरकाघाट-दिल्ली बस के समय में बदलाव से यात्री हो रहे लेट - पेज 2
- आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का समय : बिंदल - पेज 3
- नगरोटा अस्पताल में मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं : बाली - पेज 5
- बिलासपुर के सरकारी स्कूलों में बनेंगे साइकोलॉजिकल क्लब -पेज 6
- धान की गैर-बासमती किस्मों की नर्सरी 20 से करें तैयार -पेज 9


# चतुर्थ श्रेणी के अंशकालिक कर्मी बनेंगे दैनिक वेतनभोगी

## शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित होगा वन विभाग का वन्य जीव विंग

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित राज्य मंत्रिमडल की बैठक में विभिन्न विभागों में कार्यरत उन चतुर्थ श्रेणी के अंशकालिक कर्मचारियों को दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों में परिवर्तित करने का निर्णय लिया, जिन्होंने 31 मार्च, 2025 तक सात वर्ष का निरंतर कार्यकाल पूरा कर लिया है।

बैठक में वन विभाग के वन्यजीव विंग को शिमला से जिला कांगड़ा के धर्मशाला स्थित सीपीडी केएफडब्ल्यू परियोजना कार्यालय भवन में स्थानातंरित करने को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ सीपीडी केएफडब्ल्यू परियोजना कार्यालय को वन अरण्यपाल (वन्यजीव) धर्मशाला के खाली भवन में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। जिला कारागार को मंडी से नेरचौक के नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित करने की स्वीकृति दी गई। मंडी के वर्तमान जेल परिसर को महिलाओं की ओपन जेल में परिवर्तित किया जाएगा। इस जेल के सुचारु संचालन के लिए विभिन्न श्रेणियों के आवश्यक पदों को सृजित कर भरने की स्वीकृति भी प्रदान की गई।

बैठक में राजस्व विभाग के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश ऑनलाइन फाइलिंग एंड प्रोसेसिंग ऑफ कोर्ट केस नियम-2025 को मंजूरी प्रदान की गई। इन नियमों के अंतर्गत राजस्व न्यायालय आवेदन, अपील, पुनरीक्षण, समीक्षा आदि अन्य याचिकाएं ऑनलाइन प्राप्त एवं प्रसंस्कृत कर सकेंगे। मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग को परीक्षाओं की फीस तय करने का अधिकार प्रदान करने को स्वीकृति प्रदान की। (अनंत ज्ञान)



कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### कैबिनेट के फैसले

- नेरचौक स्थानांतरित होगा जिला कारागार मंडी
- राज्य चयन आयोग खुद तय करेगा परीक्षाओं की फीस
- कोर्ट केसों की ऑनलाइन प्रोसेसिंग के नियम मंजूर

### शिमला में बनेंगी 14 और 17 मंजिला दो हाई-राइज बिल्डिंगें

**कैबिनेट** में छोटा शिमला व देहात शिमला में 14 और 17 मंजिला दो भवनों के वाणिज्यिक परिसर के निर्माण को मंजूरी दी। इस परियोजना का उद्देश्य शहर की बढ़ती प्रशासनिक और वाणिज्यिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आधुनिक सुविधाओं, पर्याप्त पार्किंग और एक बेहतर डिजाइन लेआउट से युक्त विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है। इन कमर्शियल कॉम्पलैक्स का निर्माण हिमुडा करेगा। 230 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली आधुनिक सुविधाओं से लैस इन बिल्डिंग में कमर्शियल कॉम्पलेक्स के अलावा 400 गाड़ियों की पार्किंग की भी व्यवस्था होगी। मंत्रिमंडल ने 15वें वित्त आयोग के तहत पेयजल आपूर्ति योजनाओं के निष्पादन और रख-रखाव के लिए पंचायतों की ओर से सेवा प्रदाता के रूप में जल शक्ति विभाग को नामित किया।

### 350 नए स्टेज कैरेज रूट्स मंजूर

**बैठक** में परिवहन सेवाओं के सुधार के दृष्टिगत स्थानीय मांग के अनुरूप प्रदेश में 350 नए स्टेज कैरेज रूट्स और अन्य अतिरिक्त मार्गों को 18 सीटर निजी टैंपों ऑपरेटरों द्वारा संचालित करने की स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल ने कैजुअल्टी चिकित्सा अधिकारी के 68 पदों तथा विभिन्न श्रेणियों के 13 पदों सहित चिकित्सा अधिकारियों के कुल 81 पद भरने को मंजूरी दी। यह निर्णय राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों एवं चिकित्सा संस्थानों में आपातकालीन सेवाओं, ट्रॉमा सेंटर, कैजुअल्टी यूनिट्स, ब्लड बैंक तथा तृतीयक कैंसर केयर सुविधाओं को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत लिया गया है। मंत्रिमंडल ने फॉरेंसिक सेवाएं विभाग में फॉरेंसिक क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए एफएसीटी और एफएसीटी प्लस के 18 क्वालीफाईड प्रोफेशनल्स की भर्ती करने को स्वीकृति प्रदान की।

### कृषि विज्ञान केंद्रों में भरे जाएंगे 11 पद

**मंत्रिमंडल** ने विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्रों में विषयवाद विशेषज्ञों के 11 पदों को भरने को मंजूरी दी। वहीं, सरकारी विभागों में रिक्त पदों की मांग, चयन प्रक्रिया और नियुक्ति प्रस्तावों से संबंधित नए दिशा-निर्देशों को स्वीकृति प्रदान की। भविष्य में होने वाली नियुक्तियों के पहलुओं पर विचार के लिए एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति गठित करने का निर्णय लिया गया।

### हाईवे किनारे अनधिकृत निर्माण पर लगेगी लगाम

**मंत्रिमंडल** की बैठक में ऊना जिले के चिंतपूर्णी, जिला शिमला के सराहन विशेष क्षेत्र और जिला हमीरपुर के भोटा योजना क्षेत्र के लिए विकास योजनाएं तैयार करने का निर्णय लिया गया, ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ लगते क्षेत्रों में अनियंत्रित निर्माण और अव्यवस्थित व्यावसायिक विकास पर अंकुश लगाया जा सके।

### एम्स विस्तार के लिए 21 बीघा भूमि देने की मंजूरी

**मंत्रिमंडल** ने एम्स बिलासपुर के विस्तार के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पक्ष में मौजा चंगर पलासियां में 21 बीघा भूमि के हस्तांतरण को स्वीकृति प्रदान की। वहीं, चंबा जिले के रेवेन्यू एस्टेट सरोल में 52-17-00 बीघा भूमि को जवाहर नवोदय विद्यालय के संचालन के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को हस्तांतरित करने को भी मंजूरी दी।

# आतंक के खिलाफ जंग में रूस भारत के साथ

## पुतिन ने पीएम मोदी से की बात, फुल सपोर्ट का दिलाया भरोसा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में रूस ने भारत का साथ देने की प्रतिबद्धता दोहराई है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही।

जायसवाल ने कहा, 'पुतिन ने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके मददगारों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रपति पुतिन को शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस साल के अंत में भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।' (अनंत ज्ञान)

### जापानी रक्षा मंत्री से मिले राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी से द्विपक्षीय मुलाकात की। जापान के रक्षा मंत्री भारत दौरे पर हैं। द्विपक्षीय मुलाकात में जापान सरकार की तरफ से जनरल नाकातानी ने पहलगाम हमले पर अपनी संवेदनाएं प्रकट की। बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी। रक्षा मंत्री ने भारत के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए जापानी रक्षा मंत्री की तारीफ की।

### पाकिस्तान से तनाव के बीच पीएम मोदी से मिले रक्षा सचिव

**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच यह अहम मुलाकात चल रही है। इससे पहले वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में यह अहम बैठक हुई थी। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने भी शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी और उन्हें अरब सागर में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गो की समग्र स्थिति से अवगत कराया था। राष्ट्रीय राजधानी में लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर हुई यह बैठक पीएम की अध्यक्षता में उस बैठक के कुछ दिनों बाद हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए थे। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे।

## कश्मीर में दो हाइड्रो प्रोजेक्ट पर काम शुरू

**नई दिल्ली।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान को लगातार चोट दे रहा है। घटना के बाद भारत ने दशकों पुरानी सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। वहीं, अब भारत ने कश्मीर में दो हाइड्रो प्रोजेक्ट की क्षमता बढ़ाने का काम शुरू कर दिया है। सूत्रों से यह जानकारी मिली है। रॉयटर्स के अनुसार, भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत सरकारी कंपनी NHPC लिमिटेड और जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों ने वीरवार को जलाशय की सफाई की प्रक्रिया शुरू की। इसका मकसद जलाशयों से गाद निकालना है। सूत्रों के अनुसार, सफाई का काम 1 मई से तीन दिनों तक चला। सूत्रों ने रॉयटर्स को बताया कि भारत ने सलाल और बगलीहार परियोजनाओं पर काम शुरू करने से पहले पाकिस्तान को कोई जानकारी नहीं दी। यह काम पहली बार हो रहा है, क्योंकि संधि के अनुसार इस तरह के काम पर रोक थी। सलाल परियोजना 1987 में और बगलीहार परियोजना 2008-09 में बनी थी। (अनंत ज्ञान)

## गृह मंत्रालय के राज्यों को मॉक ड्रिल कराने के निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) के लिए देश के सभी राज्यों को 7 मई को मॉक ड्रिल कराने को कहा है, ताकि किसी आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। केंद्र सरकार के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, इस मॉक ड्रिल में हवाई हमले (एयर रेड) चेतावनी सायरन को सक्रिय किया जाएगा। आम नागरिकों, छात्रों आदि को प्रशिक्षित किया जाएगा कि अगर किसी तरह का हमला हो जाए, तो वे खुद को कैसे सुरक्षित रखें। वहीं, ब्लैकआउट की व्यवस्था की जाएगी। यानी जरूरत पड़ने पर बिजली बंद कर दी जाए ताकि दुश्मन को कोई लक्ष्य न दिखाई दे। महत्वपूर्ण कारखानों और ठिकानों को छिपाने की जल्दी व्यवस्था की जाएगी। निकासी योजना को अपडेट किया जाएगा और उसका अभ्यास (रिहर्सल) भी कराया जाएगा। इससे पहले, रविवार को फिरोजपुर छावनी इलाके में 30 मिनट का ब्लैकआउट अभ्यास किया गया, जिसमें रात 9 बजे से 9:30 बजे तक सभी लाइटें बंद रहीं। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान ने एक और मिसाइल का किया टेस्ट

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान ने सोमवार को एक और मिसाइल का टेस्ट किया। पाकिस्तानी सेना ने बताया कि सतह



से सतह पर मार करने वाली इस मिसाइल की रेंज 120 किलोमीटर है। इससे पहले 3 मई को पाकिस्तान ने बताया था कि हमने बैलिस्टिक मिसाइल अब्दाली का सक्सेसफुल टेस्ट किया। इस मिसाइल की रेंज 450 किमी है।

पाकिस्तानी सेना के मुताबिक इस प्रक्षेपण का मकसद सैनिकों की ऑपरेशनल तत्परता सुनिश्चित करना और मिसाइल की एडवांस नेविगेशन प्रणाली और बढ़ी हुई सटीकता समेत कई प्रमुख तकनीकी स्टैंडर्ड का टेस्ट करना था। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय पोतों के लिए बंद किए बंदरगाह

**इस्लामाबाद।** भारत के सख्त कदमों से बौखलाए पाकिस्तान ने भारतीय ध्वज वाले पोतों को अपने बंदरगाहों पर आने से रोकने का फैसला किया है। पाकिस्तानी जहाजों को भी भारतीय बंदरगाह पर न रुकने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले, भारत ने शनिवार को पाकिस्तान के साथ सभी डाक सेवाएं स्थगित कर दी थीं और भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी झंडे वाले पोतों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### हरियाणा-पंजाब पानी की सियासत हिमाचल पहुंची, मान बोले-

# पंजाब के पास फालतू पानी नहीं

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

हरियाणा-पंजाब पानी की सियासत हिमाचल पहुंच गई है। पानी को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक बार फिर से अपने पड़ोसी राज्यों पर हमला बोला है। भगवंत सिंह मान ने स्पष्ट किया कि पंजाब का किसी से कोई विवाद नहीं है, लेकिन पंजाब राज्य के पास फालतू पानी नहीं है, जिसे वह किसी दूसरे प्रदेश को दे सके। उन्होंने कहा कि हम हर साल अपने पड़ोसी राज्य को छह महीने के लिए जो पानी देते हैं, वह दे रहे हैं। अब वे दो महीने और पानी की मांग कर रहे हैं, जबकि हमारे पास इतना पानी नहीं है।



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पिछले 10 से 15 वर्षों में पंजाब ने काफी तरक्की की है। नहरें विकसित हुई हैं और अब राज्य को अपनी जरूरतों के अनुसार पानी की आवश्यकता है। हमारे किसानों की मांगें बढ़ रही हैं। ऐसे में पंजाब सरकार की प्राथमिकता अपने नागरिकों की जरूरतें पूरी करना है। सोमवार को कांगड़ा एयरपोर्ट से पंजाब लौटने से पहले उन्हें हिमाचल प्रदेश पुलिस की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश के साथ पानी के मुद्दे पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि पानी पंजाब के लिए बहुत ही जरूरी और संवेदनशील मुद्दा है और वो अपने राज्य के हक से कोई समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अब जो पानी दिया जा रहा है, वो सिर्फ इंसानियत के नाते है। (अनंत ज्ञान)

### हरियाणा खटखटाएगा सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**उधर,** हरियाणा सरकार अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में है। केंद्र सरकार के कहने के बावजूद पंजाब पानी देने को तैयार नहीं है। मामला ने इतना तूल पकड़ लिया कि सोमवार को पंजाब विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र इस मुद्दे को लेकर बुलाया गया। भगवंत मान को विपक्ष का भी समर्थन मिलने की उम्मीद है।

# नशा तस्कर की 46 लाख की इंश्योरेंस पॉलिसी जब्त

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला पुलिस की विशेष अन्वेषण इकाई की टीम पुलिस थाना परवाणू के क्षेत्राधिकार में 2 मार्च, 2025 को गश्त पर थी, तो टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक गाड़ी चंडीगढ़ से शिमला जा रही है। इस गाड़ी में कुलदीप व पलविंद्र नाम के दो युवक बैठे हैं, जो भारी मात्रा में हेरोइन को गाड़ी में छिपाकर बेचने के लिए ले जा रहे हैं। पुलिस ने इस सूचना पर कुलदीप कुमार (37) व पलविंद्र सिंह (34) पुत्र हरविंद्र सिंह जिला शिमला को करीब 15 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया था। इस पर पुलिस थाना परवाणू में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की आगामी तफ्तीश की गई और नशा सप्लायर सुशील कुमार निवासी चंडीगढ़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध जिला शिमला के बालुगंज थाने में चिट्टा तस्करी का एक मामला पंजीकृत है। आरोपियों की वित्तीय जांच भी अमल में लाई गई, जिसमें पलविंद्र सिंह, सुशील कुमार व इसके सहयोगियों की कमर्शियल व्हीकल और 46 लाख की इंश्योरेंस पॉलिसी का पता चला। पुलिस ने इंश्योरेंस पॉलिसी को जब्त कर लिया है। जिला सोलन पुलिस द्वारा वर्ष 2024 व 2025 में अभी तक कुल 6 अभियोगों में संलिप्त 18 आरोपियों/सहयोगियों की करीब 5.50 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति जब्त की जा चुकी है।

**2 मार्च को पकड़े थे दो आरोपी**

### सीबीआई के नए निदेशक के नाम पर किया मंथन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए समिति की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना भी शामिल हुए। यह बैठक मौजूदा सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद के दो साल के कार्यकाल के 25 मई को समाप्त होने से पहले हुई है। सीबीआई निदेशक की नियुक्ति केंद्र सरकार की तरफ से तीन सदस्यीय नियुक्ति समिति की सिफारिश पर की जाती है, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं और इसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल होते हैं। बता दें कि, सीबीआई के डायरेक्टर की नियुक्ति कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) करती है। इस उच्च-स्तरीय समिति में प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश और लोकसभा के विपक्ष के नेता शामिल होते हैं। यह समिति सीबीआई के डायरेक्टर के पद के लिए किसी एक नाम पर मुहर लगाती है। यह समिति साथ में बैठकर सीबीआई के डायरेक्टर की नियुक्ति के लिए नाम पर चर्चा करती है और फिर सरकार को नाम की सिफारिश देती है। उसी के आधार पर केंद्र सरकार सीबीआई के अगले डायरेक्टर की नियुक्ति करती है। (अनंत ज्ञान)

### सूरत-ए-हाल रोजाना सैकड़ों लोग जान जोखिम में डाल खतरनाक पुल को कर रहे पार

# असुरक्षित झूला पुल पर झूलती जिंदगियां

**राजेश शर्मा, ऊना**

भाखड़ा बांध के निर्माण के लिए कन्वेयर बैलेट का बैलेंस बनाने के मकसद से सतलुज पर एक झूला पुल बना था। यह पुल नंगल डैम के समीप बना है। पांच दशकों से हिमाचल के एक गांव के लोग कोई अन्य मार्ग न होने के चलते आवागमन के लिए इस खतरनाक पुल का इस्तेमाल कर रहे हैं।

एक तरफ पंजाब का स्वामीपुर बाग और दूसरी ओर हिमाचल का यह नैहला गांव है। बिलासपुर की एक ग्राम पंचायत का यह दुर्गम गांव पंजाब सीमा से सटा है। दूसरी ओर हिमाचल का हंडोला गांव है, जो पंजाब के स्वामीपुर बाग गांव के साथ जुड़ा है। इन गांवों के सैकड़ों लोग सतलुज पर लोहे के बने इस पुराने पुल से पैदल सफर करते हैं। बच्चों के लिए यह पुल बेहद खतरनाक है। हंडोला के सुखदेव और दिलवर और नैहला के शशि का कहना है कि नैहला गांव में बुनियादी सुविधाओं की कमी है।

यह गांव ग्वालथाई पंचायत में पड़ता है। यदि रात के समय कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाए तो गांव में प्राथमिक उपचार तक की सुविधा नहीं है। मरीज को रात के वक्त झूला पुल पार करके ऊना जिले के हंडोला में प्राइवेट डॉक्टर के पास लाना पड़ता है। अगर हंडोला पुल पार न करें तो सड़क के रास्ते लगभग 20 किलोमीटर दूर पंजाब के नंगल जाना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)



नंगल डैम के समीप बने झूला पुल को पार करते लोग।

अनंत ज्ञान विशेष

### न हिमाचल, न ही पंजाब ने स्थायी पुल बनाने की ली जिम्मेदारी

**पंजाब** और हिमाचल की दोनों सरकारों की जिम्मेदारी है, लेकिन किसी ने भी यहां स्थायी पुल बनाने की जहमत नहीं उठाई है। ग्रामीणों के मुताबिक अगर सरकार पुल बना दे तो हंडोला, चंगर, कमून, स्वामीपुर बाग समेत दर्जनों गांवों को पंजाब के नंगल तक पहुंचना और आसान हो सकता है। ऊना जिला के हंडोला और बिलासपुर जिला के नैहला के बीच सतलुज पर बना इस झूला पुल पर अब चलना काफी जोखिम भरा है। फिर भी झूला पुल से रोजाना लोगों का पैदल आना-जाना लगा रहता है। इस पुल पर स्कूटर और मोटरसाइकिल ले जाने की सुविधा नहीं है। क्योंकि पुल पर जगह-जगह लोहे के अवरोधक लगे हैं।

### कुछ साल पहले हुई थी पुल की मरम्मत

**स्थानीय** लोगों ने बताया कि कुछ साल पहले झूला पुल की मरम्मत कराई गई थी। इस पुल से रोजाना दोनों साइड से 500 से 1500 लोग आवागमन करते हैं। चुनाव के समय लोगों को सब्जबाग दिखाए जाते हैं। इसके बाद कोई गंभीरता नहीं दिखाता। उन्होंने सरकार और प्रबंधन से सतलुज दरिया पर स्थायी पुल बनाने की मांग की है, ताकि नैहला और हंडोला सहित साथ लगते गांवों के लोगों को आने जाने में सुविधा हो सके।

### ट्रंप ने विदेशी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को विदेशी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अमेरिका में फिल्म उद्योग बहुत तेजी से खत्म हो रहा है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। उन्होंने अन्य देशों पर आरोप लगाया कि वे तरह-तरह के प्रोत्साहन देकर फिल्म निर्माताओं और स्टूडियो को अमेरिका से दूर कर रहे हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'अमेरिका में उद्योग तेजी से खत्म हो रहा है। अन्य देश हमारे फिल्म निर्माताओं और स्टूडियो को अमेरिका से दूर करने के लिए कई तरह के प्रोत्साहन दे रहे हैं। हॉलीवुड और अमेरिका के कई अन्य क्षेत्र तबाह हो रहे हैं। यह अन्य देशों का सुनियोजित प्रयास है और इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है।' (अनंत ज्ञान)



### तत्काल टैरिफ लागू करने के निर्देश

**ट्रंप** ने आगे कहा, 'यह प्रचार और संदेश भी है। इसलिए, मैं वाणिज्य विभाग और यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव को तुरंत उन सभी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ शुरू करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दे रहा हूं, जो विदेशों में बनी हैं और हमारे देश में आ रही हैं। हम चाहते हैं कि अमेरिका में फिर से फिल्में बनाई जाएं।'

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 8 को



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा हमीरपुर के तत्वाधान में 8 मई को एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 9 से अपराह्न 3 बजे तक उपायुक्त कार्यालय परिसर हमीरपुर में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त एवं अध्यक्ष, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा हमीरपुर ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य रक्त की आवश्यकता को पूरा करना एवं समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उपायुक्त और रेडक्रॉस सोसायटी ने शिविर में भाग लेने हेतु जिले के विभिन्न विभागों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं युवाओं से आह्वान किया गया वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान हेतु आगे आएं। उपायुक्त ने बताया कि इच्छुक रक्तदाताओं के नाम संबंधित कार्यालयों द्वारा रेडक्रॉस को उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

### धनेटा कॉलेज में स्वरोजगार को लेकर प्रशिक्षण शुरू



**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में 2 साप्ताहिक सिलाई, कढ़ाई,बुनाई एवं फैशन डिजाइनिंग कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 मई तक चलेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महाविद्यालय धनेटा के प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा के दिशा-निर्देशन में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रैल के सहयोग से हो रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं द्वीप प्रज्वलन तथा मुख्य अतिथि के स्वागत एवं अभिनंदन के साथ हुआ। कार्यक्रम के प्रभारी प्रो. नीलम कुमारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। कार्यक्रम के अंतर्गत सिलाई करना, कढ़ाई एवं बुनाई करना, वर्तमान तथा प्राचीन सिलाई,कढ़ाई की विधियां बताना, फैशन डिजाइनिंग का सिलाई एवं कढ़ाई और बुनाई में क्या योगदान है आदि तकनीकों और विषयों के बारे में छात्रों को जिनकारी दी जाएगी तथा छात्रों को पूरी तरह से प्रशिक्षित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सुमन शर्मा, अनुदेशक, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रैल स्थित, नादौन, प्रशिक्षक के रूप में महाविद्यालय के छात्रों को प्रशिक्षित करवाएंगी।

### बाल आश्रम डैहर में करवाया योग अभ्यास



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर द्वारा दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट बाल आश्रम डेहर, सुंदरनगर में योग करवाया गया। इस योग कैंप में बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास तथा स्वास्थ्य के लिए योग अभ्यास करवाया गया। योग कैंप में कुल 92 बच्चों ने भाग लिया तथा योग करते हुए खेल-खेल में बहुत कुछ सीखा। इस योग कैंप के दौरान करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर से योग के शिक्षक डॉ. रिंकू कुमार, मिस कमलेश कुमारी, योग के छात्र गुरमीत, शिवांशी तथा बाल आश्रम के अध्यक्ष सत्य प्रकाश व अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस कैंप में बच्चों को खेल-खेल में योग की क्रियाएं सिखाई गईं तथा योग के प्रति जागरूक भी किया ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके व आने वाली पीढ़ी सही दिशा में चले।

### वीमांशु एलीवेटर कंपनी में 17 पदों पर सीधी भर्ती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर स्थित निजी कंपनी मैसर्ज वीमांशु एलीवेटर एंड एस्केलेटर द्वारा विभिन्न पदों हेतु भर्ती के लिए एक दिवसीय साक्षात्कार का आयोजन 8 मई को प्रातः 10:30 बजे, जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी हमीरपुर ने बताया कि कंपनी द्वारा कुल 17 पदों पर योग्य उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी, जिनमें 10 पद टेक्निकल एग्जीक्यूटिव, 2 पद चालक (ड्राइवर) एवं 5 पद मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के शामिल हैं। टेक्निकल एग्जीक्यूटिव पद हेतु अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता प्लस टू या आईटीआई, चालक पद हेतु 10वीं पास तथा व्यावसायिक वाहन चलाने का अनुभव एवं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव पद हेतु किसी भी विषय में स्नातक होना अनिवार्य है। आयु सीमा 20 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 12,000 प्रतिमाह वेतन के साथ आवास सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी जो हिमाचल प्रदेश के स्थायी निवासी हैं और जिनका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है, वे अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

#### पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व भाजपा नेताओं ने उपायुक्त के माध्यम से सरकार को सौंपा ज्ञापन, पूछा

# हिमाचल से कितने पाकिस्तानी वापस भेजे?

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद 140 करोड़ भारतीयों की रक्षा के लिए जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार प्रयास हैं। इस हमले का बदला लेने के लिए केंद्र सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। सिंधु नदी जल समझौते को सस्पेंड किया, साथ ही अवैध या वैध रूप से भारत में रह रहे पाकिस्तानियों की वापस भेजने के लिए डेट तय की गई थी, जब सभी राज्यों को जिसमें अवैध या वैध पाकिस्तानियों को वापस भेजना था, लेकिन गैर भाजपा शासित प्रदेशों में यह कार्रवाई न के बराबर हुई है और हिमाचल प्रदेश में भी स्थिति ऐसी है।

प्रदेश के 12 जिलों में भी इस तरह की कोई कार्रवाई नहीं देखी गई, जहां पाकिस्तान से आए वैध और अवैध नागरिकों को वापस भेजने का काम किया हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी पाकिस्तान के नागरिकों को भारत से बाहर भेजने के लिए कार्य करे। इसी के विरोध में भाजपा ने हमीरपुर के गांधी चौक पर धरना-प्रदर्शन किया और प्रदेश सरकार को उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर विधायक आशीष शर्मा, विधायक आईडी लखनपाल, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष देस राज विशेष रूप से उपस्थित रहे।



अनुराग ठाकुर व अन्य भाजपा नेता पाकिस्तान के नागरिकों पर कार्रवाई को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

उन्होंने कहा कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है कि कांग्रेस को पाकिस्तान की भाषा बोलने पड़ रही है और ऐसी कौन सी मजबूरी है कि पाकिस्तान के नागरिकों को कांग्रेस और गैर भाजपा राज्यों में रखना जरूरी है। हमारा सवाल है कि पाकिस्तान की भाषा कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल क्यों बोल रहे हैं। कांग्रेस के मुख्यमंत्री हों, पूर्व मंत्री हों एक के बाद एक ऐसा बयान आता है कि पाकिस्तान की भाषा बोलने लगते हैं।

उन्होंने कहा कि सवाल यह खड़ा होता है कि क्या कांग्रेस पार्टी आज भारत के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि मेरा प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और पूरी सरकार से आग्रह है कि सोमवार को जो यह ज्ञापन दिया है, उसमें जिलाध्यक्ष के माध्यम से यह स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के नागरिकों को प्रदेश से बाहर भेजा जाए और भारत की सीमा से बाहर भेजा जाए। (अनंत ज्ञान)

### जातिगत जनगणना को लेकर कांग्रेस का चेहरा बेनकाब

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि स्व. इंदिरा गांधी, स्व. राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी इन सभी के बयान और पत्र जातिगत जनगणना के विरुद्ध रहे हैं। ये लोग आरक्षण के हक में भी नहीं थे, आरक्षण के खिलाफ भी थे। जातिगत जनगणना के खिलाफ भी थे और संविधान को तार-तार करने वाली भी कांग्रेस पार्टी ही है। उन्होंने कहा कि नेहरू ने चिट्ठियां लिखकर कहा था, इंदिरा गांधी ने इसका विरोध किया था। यहां तक कि काका कालेलकर की रिपोर्ट को लंबित रखा गया। मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू नहीं किया गया। मंडल कमीशन की रिपोर्ट के विरोध में राजीव गांधी ने दो घंटे भाषण दिया था। कांग्रेस पार्टी ने 2014 तक भारत में राज किया। 2011 में जनगणना हुई, तब क्यों नहीं जाति जनगणना करवाई। उन्होंने कहा कि नोट पैड पढ़ लीजिए, जिसमें कांग्रेस का चेहरा बेनकाब होता है और जिस रिपोर्ट को राहुल गांधी फर्जी कहते हैं कि फर्जी सर्वे बिहार में हुआ, उस समय कांग्रेस की समर्थन वाली ही बिहार में सरकार थी।

## भोरंज के मनोह गांव में तीन दिन से लापता युवक का शव मिला

**अनंत ज्ञान भोरंज**

▶ पत्नी और मासूम बेटी पर टूटा दुखों का पहाड़

मनोह पंचायत में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 23 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। मृतक की पहचान राकेश कुमार पुत्र काल्टू राम, निवासी जोगिंद्रनगर (जिला मंडी) के रूप में हुई है। राकेश पिछले कई वर्षों से मनोह क्षेत्र में लकड़ी काटने का कार्य कर रहा था और यहीं पर रह रहा था। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार राकेश कुमार बीते तीन दिनसे लापता था।

परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। आज जब स्थानीय लोगों को एक स्थान पर दुर्गंध आने की सूचना मिली तो मौके पर पहुंच कर देखा गया, जहां राकेश कुमार का शव पड़ा हुआ था। शव की स्थिति को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि मौत दो-तीन दिन पहले ही हो चुकी थी। राकेश की शादी को ज्यादा समय नहीं हुआ था और उसकी एक तीन माह की छोटी बच्ची भी है। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही भोरंज पुलिस थाना की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ने बताया कि युवक की पहचान हो चुकी है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीरपुर जिला अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

स्थानीय निवासी इस घटना से बेहद स्तब्ध हैं। लोगों का कहना है कि राकेश मेहनती और शांत स्वभाव का युवक था, उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। अब पुलिस जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह हादसा है या इसके पीछे कोई आपराधिक साजिश। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को इस मामले से संबंधित कोई जानकारी हो तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## कैहरवीं गांव में 46 वर्षीय व्यक्ति ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट बरामद

**अनंत ज्ञान, जाहू**

▶ पुलिस ने की मामले की जांच शुरू

उपमंडल भोरंज के कैहरवीं गांव से एक दुखद घटना सामने आई, जहां एक व्यक्ति ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना सुबह करीब 10.15 बजे थाना भोरंज को टेलीफोन के माध्यम से प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

मृतक की पहचान बहादुर सिंह उर्फ रवि पुत्र नानक चंद, निवासी गांव रूढान, डाकघर बलोह, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि बहादुर सिंह ने अपने आवासीय कमरे में फदा लगाकर अपनी जीवन लीला खत्म की है। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और मृतक के शरीर की जांच के साथ-साथ उसके कमरे की तलाशी भी ली। इस दौरान एक हाथ से लिखा हुआ सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिससे यह संकेत मिलता है कि मृतक काफी समय से मानसिक अवसाद से जूझ रहा था।

थाना भोरंज के प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने जानकारी दी कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन फिर भी सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। मृतक के शव को कानूनी प्रक्रिया के तहत पोस्टमार्टम के लिए डॉ. राधा कृष्णन राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय हमीरपुर भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सटीक कारणों का पता चलेगा।

### भोरंज में ड्राइविंग टेस्ट वाहनों की पासिंग 8 को

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज उपमंडल के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ड्राइविंग टैस्ट व वाहन पासिंग का कार्य आगामी 8 मई को कंज्याण हेलीपैड भोरंज में किया जाएगा। पंजीयन एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी भोरंज शशि पाल शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी जो अपना लाइसेंस, री टेस्ट व वाहन पासिंग इत्यादि करवाना चाहते हैं, वह इससे संबंधित फीस 7 मई तक ऑनलाइन या पंजीयन एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 8 मई को कोई भी फीस जमा नहीं की जाएगी तथा फीस व अन्य संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण किए बिना किसी भी अभ्यर्थी को पासिंग व ड्राइविंग टैस्ट की अनुमति नहीं दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ड्राइविंग टेस्ट व वाहन पासिंग के लिए 8 मई को प्रात: 10 बजे कंज्याण हेलीपैड भोरंज में उपस्थित हों।

## हिंद संग्राम परिषद ने 10 प्रार्थना पत्रों पर जताई सहमति

**सुनील कुमार, हमीरपुर**

हिंद संग्राम परिषद इकाई नादौन की बैठक पंडित ब्रह्मदास शर्मा की अध्यक्षता में बड़ा में आयोजित की गई। इस बैठक के मुख्यतिथि पंडित वासुदेव शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष केएस धीमान, प्रदेश के प्रवक्ता बैंक मैनेजर सुदर्शन जरीयाल, जगतयार सिंह, संस्था के सदस्य अमरनाथ धीमान व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। संस्था के प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि संस्था ने इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए।

संस्था के महासचिव ने संस्था में आए प्रार्थना पत्रों को बैठक में चर्चा के लिए रखा गया। पंडित वासुदेव शर्मा व पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से 25 प्रार्थना पत्रों में से सिर्फ केवल 10 प्रार्थना पत्रों पर ही सहमति जताई गई। इस बैठक में ही बड़ा निवासी संजीवना कुमारी पत्नी स्व. सुखदेव सिंह ग्राम बड़ा, तहसील नादौन जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश की लड़की की शादी में आर्थिक सहायता देने का प्रार्थना पत्र आया था।



हिंद संग्राम परिषद इकाई नादौन की बैठक पंडित ब्रह्मदास शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

पंडित वासुदेव शर्मा ने घर की जानकारी लेने के लिए संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष केएस धीमान, ब्रह्मदास शर्मा को मौका पर भेजा। घर की स्थिति को देखते हुए संस्था ने संजीवना के घर जाकर एक धाम का राशन दिया गया। इस बैठक में सभा को संबोधित करते हुए पंडित वासुदेव शर्मा ने कहा कि संस्था तन-मन-धन से दिन दुखियों की सेवा में लगी हुई है।

शर्मा ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से अपील की है कि संस्था में ज्यादा से ज्यादा से सदस्य जोड़ने की कोशिश करें ताकि ज्यादा से ज्यादा दिन दुखियों कि सेवा की जा सके। बैठक में संस्था के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को शाल देकर सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

## रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव 5 जून को

**शशि सोनल, नादौन**

रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक यशपाल साहित्य सदन नादौन में आयोजित की गई। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं बारे विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष पीडी शर्मा ने की। बैठक में एसोसिएशन के महासचिव विजय चौधरी, चीफ पैटर्न डीएस मिन्हास, प्रीतम चंद, अमर नाथ मनोहर लाल, अमर नाथ, शांति स्वरूप शर्मा, केहर सिंह, रणजीत सिंह, नानक चंद, विश्म्बर लाल शर्मा, बेली राम जस्वाल, डॉ. कुलदीप गढ़वाल, मंशा राम, रत्तन चंद, शिव कुमार डोगरा, सुरेश रत्न, खुशविंद्र सिंह, सिमरन जीत सिंह आदि लोगों ने भाग लिया। बैठक में नादौन ट्रेजरी में कार्यरत सीनियर सहायक संदीप कुमार व ऊमा शर्मा को अच्छे कार्य व अच्छे व्यवहार के लिए एसोसिएशन द्वारा शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महासचिव विजय चौधरी ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन के चुनाव 5 जून को नादौन में होंगे।



रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में ट्रेजरी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि वे चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करें। बैठक में एक अन्य प्रस्ताव में सरकार से 2016 से 2022 तक सभी पेंशनर्स के एरियर, पेंशनर्स का अर्नलीव, कम्यूटेशन ग्रेच्युटी तथा नए वेतनमान का एरियर तथा पेंशनर्स के चिकित्सा बिलों का भुगतान शीघ्र किए जाने का आग्रह किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## ठाकुरद्वारा जमलीधाम में धूमधाम से मनाई मां बगलामुखी जयंती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

▶ गोसेवा में सहयोग करने वालों को किया सम्मानित

▶ सहयोगी संस्थाओं को किया था आमंत्रित

ठाकुरद्वारा जमलीधाम समिति द्वारा सोमवार को मां बगलामुखी जयंती धूमधाम से आयोजित की गई। इस दौरान मंदिर में हवन यज्ञ किया गया। इसी के साथ ठाकुरद्वारा जमलीधाम के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सिल्वर जुबली समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। ठाकुरद्वारा जमली धाम समिति द्वारा गोसेवा में सहयोग करने वाली संस्थाओं और सेवकों को आमंत्रित किया गया था।

इस अवसर पर सांसद अनुराग ठाकुर ने सभी गोसेवा में सहयोग करने वाले गोसेवकों को सम्मानित किया और उन्हें भविष्य में भी ऐसे कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## काम करने से व्यक्ति हमेशा निखरता है : कै. रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

विधायक कै. रणजीत सिंह ने बमसन खंड के खंड अधिकारी व सभी पंचायतों के सचिव सहायक व टेक्निकल सहायकों की बैठक ली। इसमें विधायक ने चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। विधायक ने खंड विकास अधिकारी की खूब तारीफ की और उनसे सीख लेने को कहा।

विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि जो व्यक्ति काम करने कि इच्छा रखता है वह हमेशा निखरता है, इसलिए सभी कार्यों को निष्ठा से करें। अंत में विधायक ने विभाग को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आम व्यक्ति जनता को किसी प्रकार कि समस्या नहीं आनी चाहिए और धीमे चल रहे विकास कार्यों को गति देने के लिए कहा। किसी भी व्यक्ति को बेबजाह दौड़ाना नहीं है और ईमानदारी से कार्य करना है। वहीं, विधायक ने नाडसी पंचायत के गांव खंदेड़ा का दौरा किया और कुलदीप सिंह के घर में बीते 2 दिन पहले आग लगने से 2 कमरों को आग लगी थी, उसका निरिक्षण किया और हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया।



विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने आग से पीड़ित के घर का भी निरीक्षण किया।

विधायक कै रणजीत सिंह ने ग्राम पंचायत जंदरु व ग्राम पंचायत पौहंज में दो वर्षाशालिका का उद्घाटन कर स्थानीय जनता को समर्पित किया। उद्घाटन के उपरांत विधायक ने जनता की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर जोनल प्रेजिडेंट टौणी देवी सुरेश, जोनल प्रेजिडेंट प्यार चंद, उपप्रधान सचिन व स्थानीय जनता उपस्थित रही।

## लेबर चौक से अमतर संपर्क सड़क की हालत खस्ता, वाहन चालक परेशान

**अनंत ज्ञान, नादौन**

उपमंडल नादौन के अंतर्गत लेबर चौक से अमतर क्रिकेट स्टेडियम तक जाने वाली संपर्क सड़क की हालत खराब हो गई है। सड़क पर मरम्मत का कार्य काफी लंबे समय से नहीं हुआ है, जिससे इस 300 मीटर लंबे हिस्से पर चलना वाहन चालकों सहित राहगीरों का मुश्किल हो गया है।

सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस सड़क पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन लोक निर्माण विभाग ने अब तक कोई ध्यान नहीं दिया है। इससे सड़क की स्थिति और खराब होती जा रही है। स्थानीय निवासियों ने सड़क की मरम्मत की मांग करते हुए कहा कि सड़क की लंबाई कम होने से इस पर ज्यादा खर्च नहीं आएगा और इससे आवागमन में सुधार होगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन आए दिन विकास के बड़े-बड़े दावे करता रहता है, लेकिन सड़क की देखरेख और गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन से जल्द ही सड़क की मरम्मत की अपील की है, ताकि उनकी मुश्किलों को हल हो।

### भट्ठा-सलौणी-दियोटसिद्ध सड़क 31 तक बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मजिस्ट्रेट हमीरपुर अमरजीत सिंह ने एक आदेश जारी करते हुए भट्ठा-सलौणी-दियोटसिद्ध तक की सड़क की मरम्मत एवं उन्नयन कार्य के कारण 2 से 31 मई तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस सड़क पर मरम्मत एवं उन्नयन का कार्य दिनांक 25 अप्रैल से आरंभ हो चुका है। निर्माण कार्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही यह आदेश जारी किए हैं।

इस अवधि के दौरान वाहन चालक रंगस से धनेटा मार्ग को वैकल्पिक मार्ग के रूप में प्रयोग में ला सकते हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों और आमजन से आग्रह किया है कि वे वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें और लोक निर्माण विभाग द्वारा चलाए जा रहे निर्माण कार्य में सहयोग प्रदान करें।

**परेशानी** लोगों ने की मांग-बस का पूर्व निर्धारित समय सुबह 4.40 ही दोबारा किया जाए बहाल

## सरकाघाट-दिल्ली बस के समय में बदलाव से यात्री हो रहे लेट

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

सरकाघाट से दिल्ली जाने वाली वाया भरेड़ी व शिमला नवाही बस के समय में हाल ही में परिवहन विभाग द्वारा किए गए बदलाव से स्थानीय यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे पंचायत अमरोह, भुक्कड़, हनोह, डाडू, पपलाह, गरसाहड़, धमरोल, भलवानी आादि गांवों के लोगों को परेशानी हो रही है।

पूर्व में यह बस सरकाघाट से सुबह 4 बजकर 40 मिनट पर प्रस्थान करती थी और जाहू में सुबह 5 बजकर 10 मिनट पर पहुंचती थी। इस समयानुसार चलने से यात्रियों को जाहू में शिमला या अन्य गंतव्यों की ओर जाने वाली बसों का आसानी से कनेक्शन मिल जाता था। हालांकि, अब इस बस का प्रस्थान समय बदलकर सुबह 5 बजे कर दिया गया है। समय में इस मामूली-सी लगने वाली देरी के कारण, अब यह बस शिमला जाने वाली अन्य बसों से कनेक्ट नहीं हो पाती। परिणामस्वरूप, यात्रियों को शिमला या दिल्ली पहुंचने में देरी हो रही है, जिससे उन्हें अन्य बसें पकड़ने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।



शिमला बस के छूट जाने से परेशान यात्री।

ग्रामीणों में सुरेंद्र जरयाल, अमरोह पंचायत प्रधान मीना देवी, कक्कड़ पंचायत प्रधान विनोद कुमार, भुक्कड़ प्रधान किशोर चंद, गरसाहड़ पंचायत प्रधान रेखा देवी, उपप्रधान विकास शर्मा, पपलाह पंचायत प्रधान अंकुश सैणी, उपप्रधान अनूप शर्मा, धमरोल प्रधान बीना देवी, उपप्रधान विजय कुमार, भलवानी प्रधान अमनदीप व यात्रियों की मांग है कि बस का पूर्व निर्धारित समय सुबह 4.40 बहाल किया जाए। एचआरटीसी मंडी के डीएम विनोद ठाकुर ने बताया कि सरकाघाट क्षेत्रीय प्रबंधक से जानकारी हासिल लेने के बाद ही अगली कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### शिमला से आने वाली बस को वाया भरेड़ी किया जाए

जाहू से वाया भरेड़ी सरकाघाट के 5.30 बजे शाम को कोई भी बस नहीं जाती है, अत: जो बस शिमला से सरकाघाट आती व वाया पांवटा 7.30 पर शाम को आती है, उसे वाया भरेड़ी किया जाए क्योंकि वाया पांवटा उस समय पर दो बसें जाती हैं, अत: शिमला बस को वाया भरेड़ी किया जाए ताकि लोगों को असुविधा न हो।

## एचपीसीईटी प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी

### चंडीगढ़ सहित 16 केंद्रों पर होगी तकनीकी विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

▶ 10517 अभ्यर्थियों ने किया है कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के आवेदन

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने 10 और 11 मई को होने वाले हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एचपीसीईटी-2025) के एडमिट कार्ड जारी किए हैं। तकनीकी विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा चंडीगढ़ सहित प्रदेश के 16 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

तकनीकी विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा बिलासपुर में 889, चंबा में 200, गौतम कॉलेज हमीरपुर में 1900, तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर में 620, कुल्लू में 180, मंडी में 1341, डीएवी कांगड़ा में 1000, नगरोटा बगवां में 653, पालमपुर में 778, आरकेएमवी शिमला में 634, सिरमौर में 107, सोलन में 223, उना में 818 और चंडीगढ़ में 376 अभ्यर्थी सुबह के सत्र में परीक्षा देंगे। वहीं, सायं के सत्र के लिए चार स्थानों पर परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं, जिसमें डीएवी कांगड़ा में 260, मंडी में 62, सोलन में 56 और तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर हमीरपुर में 397 परीक्षा देंगे।

बता दें कि इस वर्ष 10517 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं, जिसमें स्नातक विषयों में 9782 और स्नातकोत्तर में 735 आवेदन हैं। बीटेक में 5387, बी फार्मेसी में 3408, एमसीए में 322 एमबीए में 346, बीएचएमसीटी में 38, बीएससी एचएम में 50, एमएससी फिजिक्स में 25, एमएससी पर्यावरण विज्ञान में 23 और एमबीए पर्यटन में 11 आवेदन हैं। तकनीकी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि एचपीसीईटी-2025 की परीक्षा के लिए चंडीगढ़ सहित प्रदेश के 10 जिलों में परीक्षा केंद्र स्थापित करने की तैयारियां पूरी कर ली है। अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किए कर दिए हैं, जिसमें प्रवेश परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश भी अभ्यर्थियों को दिए जाएंगे।

10 मई को सुबह के सत्र में बीटेक (डायरेक्ट एंट्री), बी फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) व एमएससी भौतिक विज्ञान और सायं के सत्र में एमबीए, एमबीए पर्यटन, एमसीए, बीएससी (एचएम एंड सीटी) व बीएचएमसीटी की प्रवेश परीक्षा होगी। 11 मई को सुबह के सत्र में एमएससी पर्यावरण विज्ञान की प्रवेश परीक्षा प्रस्तावित है, जो सिर्फ तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर में सुबह के सत्र में आयोजित की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नगर देवता मंदिर बहराल से 176 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब उपमंडल में पुलिस की डिटेक्शन सेल ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर देवता मंदिर बहराल से 176 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी ने इस मादक पदार्थ को मंदिर के भंडार गृह में छिपा रखा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि मंदिर परिसर में एक व्यक्ति द्वारा नशे का सामान छिपाया गया है। सूचना मिलते ही डिटेक्शन सेल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मंदिर परिसर में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान भंडार गृह के भीतर एक कैरी बैग बरामद हुआ, जिसमें से 176 ग्राम चरस मिली। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी रामेश्वर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी से यह पता लगाने में जुटी है कि यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। मंदिर जैसे धार्मिक स्थान पर मादक पदार्थ छिपाने की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

### चरस और चिट्टे सहित तीन आरोपी काबू



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जिला कुल्लू पुलिस टीमों ने 309 ग्राम चरस और 3.400 ग्राम चिट्टा के साथ तीन आरोपी धरे हैं। पुलिस जानकारी के अनुसार पुलिस थाना मणिकर्ण और मनाली की टीमों ने 2 अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 309 ग्राम चरस और 3.400 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। पहले मामले में मणिकर्ण पुलिस थाना की टीम ने रस्कट क्षेत्र के पास नाकाबंदी के दौरान एक बाइक (पीबी 65 बीजी-3505) को जांच के लिए रोका। बाइक पर 2 युवक सवार थे, जिनकी पहचान जशनप्रीत सिंह (20) निवासी मनसा (पंजाब) और फायस फारूक (22) निवासी त्रिस्सुर (केरल) के रूप में की गई। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 309 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना मणिकर्ण में मामला दर्ज कर लिया है और मामले में आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। वहीं, दूसरे मामले में मनाली पुलिस थाना की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अलेउ गोंपा स्थित एक होम स्टे में दबिश दी। तलाशी के दौरान एक कमरे में ठहरे शुभम कुमार (26) निवासी अंबाला (हरियाणा) से 3.400 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना मनाली में मामला दर्ज किया गया है। दोनों मामलों की पुष्टि एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 15 मई से शुरू होगी फसलों की खरीद

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश सरकार 15 मई से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्राकृतिक खेती से तैयार की गई गेहूं और कच्ची हल्दी की खरीद शुरू करेगी। 60 रुपए प्रतिकिलो की दर से गेहूं और 90 रुपए प्रति किलो की दर से कच्ची हल्दी की खरीद की जाएगी। इसके अलावा पांगी घाटी से 60 रुपए प्रति किलो एमएसपी पर जौ की खरीद के लिए भी उपज का आकलन किया जा रहा है। सचिव कृषि सी. पाल रासु ने शिमला से जारी बयान में बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा 2025-26 के बजट में निर्धारित कीमतों पर सरकार द्वारा मक्की व गेहूं की खरीद की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री की घोषणा को मूर्त रूप देने के लिए विभाग ने पांगी उपमंडल को संपूर्ण प्राकृतिक खेती क्षेत्र घोषित करने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। चंबा जिला के पांगी उपमंडल को जल्द ही संपूर्ण प्राकृतिक क्षेत्र के तौर पर घोषित किया जाएगा। इस संबंध में विभाग ने समिति गठित कर इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। पांगी घाटी को सहभागिता गारंटी प्रमाणीकरण के अंतर्गत वृहद क्षेत्र प्रमाणीकरण के रूप में प्रमाणित किया जाएगा। पांगी घाटी की 19 पंचायतों ने इस संबंध में विभाग को पत्र लिखे हैं जिनमें इन पंचायतों ने किसी भी तरह के रासायनिकों के प्रयोग को प्रतिबंधित कर केवल प्राकृतिक खेती अपनाने का निर्णय लिया है।

### हिमाचल की सियासत में दो दिग्गज नेताओं ने अपनी ही सरकार पर साधा निशाना

# सोशल मीडिया में पोस्ट वार बना हथियार

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल की सियासत में दो दिग्गज नेता सुर्खियों में छाए हैं। दोनों नेताओं ने सांकेतिक भाषा में अपनी ही सरकार पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से एक के बाद एक पोस्टें जारी की गई। पोस्ट वार के माध्यम से अपनी ही सरकार पर सीधा प्रहार करने की कोशिश की गई है। साफ तौर पर दबाव की राजनीति के दर्शन मिले हैं।

**संगठन के पुनर्गठन को लेकर हो रही जोर-अजमाइश**

सूत्र बताते हैं कि आर्थिक मोर्चे पर सुक्खू सरकार पहले ही संभल, फिसल रही है। कमजोर वित्तीय स्थिति को पटरी पर लाने के प्रयास जारी है, 93000 करोड़ का ऋण भार कर्मचारियों की तनख्वाह देने में बाधा बन रहा है। वेतन, भत्तों को लेकर कर्मचारियों के कई संगठन सड़क पर संघर्षरत है। आर्थिक प्रबंधन को पटरी पर लाने की हर मुमकिन कोशिशें कहीं ना कहीं दूसरी तरह की परेशानियां भी सरकार को घेरने में लगी है।

सोशल मीडिया में पोस्ट वार इसी परिपेक्ष्य में छेडा गया है, जो सरकार पर भारी दबाव बना रहा है। सांकेतिक भाषा में पहले डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कई छुपे सवालों के साथ सरकार पर वार किया और हर उस दबाव से खुद को अलग बताया, जो उन्होंने अपनी सांकेतिक भाषा में पोस्ट के द्वारा व्यक्त किया था। उनकी पोस्ट का बवाल अभी थमा भी नहीं था कि उनके समर्थन में युवा कांग्रेस के दिग्गज नेता, जो वर्तमान में लोक निर्माण मंत्री है, ने उनकी पोस्ट पर अपनी सीधी प्रतिक्रिया जाहिर कर दी। (अनंत ज्ञान)



### वीरभद्र सिंह की पाठशाला से निकले विद्यार्थी मजबूत और निडर

**विक्रमादित्य** ने राज्य की राजनीति में एक नया शब्द गढा, जो होली लॉज की मजबूती को दर्शाता है। उन्होंने डिप्टी सीएम को वीरभद्र सिंह की ताकतवर राजनीतिक पाठशाला का विद्यार्थी बताया। जहां पर डर और दबाव की राजनीति नहीं चलती। इस पाठशाला से निकले राजनीतिज्ञ निडर रहते हैं। साथ ही दूसरों को भी निडर बनाना सिखाते हैं।

### सीएम सुक्खू ने ओढ़ी खामोशी

**ऐसे** में दोनों ने अपनी पोस्ट वार से सुक्खू सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश की है, फिलहाल सीएम सुक्खू खामोश है और वह किसी भी तरह के विवादास्पद बयान देने से बच रहे हैं। अब देखना यह होगा कि आगे चलकर इस तरह की सियासत के क्या मायने निकलने वाले हैं।

### सुक्खू शिमला से दिल्ली तक दिखा रहे मजबूती

**जानकार** विक्रमादित्य सिंह की सांकेतिक भाषा के कई अर्थ निकल रहे हैं। दरअसल दिल्ली में अभी कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय स्तरीय मीटिंग रखी गई थी, जिसमें प्रदेश कांग्रेस संगठन के पुनर्गठन का मुद्दा खूब जोर-जोर से उछला और मंत्रिमंडल विस्तार सहित कुछ विभागों में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष मनोनीत करने का मामला भी खूब गर्माया। इसमें सीएम सुक्खू द्वारा सुझाए गए ज्यादातर नामों पर ही हाईकमान ने अपनी सहमति जताई, जो दोनों दिग्गज नेताओं के समर्थकों को किसी बड़े राजनीतिक झटके से कम नहीं थी।

# सरकार में अंतर्कलह से प्रदेश को हो रहा नुकसान : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



मंडी से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और सुक्खू सरकार का अंतर्कलह अब प्रदेश के समाने आ गया है। स्थिति अब एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी और लड़ाई-झगड़े तक पहुंच गई है। यह बात भारतीय जनता पार्टी या कोई बाहरी व्यक्ति नहीं कह रहा है। क्या बातें सरकार के मंत्री तथा पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कह रहे हैं। बिलासपुर में पार्टी अध्यक्ष के सामने जो कुछ हुआ और आए दिन कांग्रेस के नेता संगठन के बारे में, सरकार के बारे में जिस तरीके के बयान दे रहे हैं उससे यह साफ है कि प्रदेश सरकार और कांग्रेस में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है।

ऐसी ही स्थिति वर्तमान में सुक्खू की सरकार की भी है। सरकार में मंत्रियों के बीच जबरदस्त गुटबाजी और खींचतान चल रही है। हालात यह बन गए हैं कि उप मुख्यमंत्री ही मुख्यमंत्री के खिलाफ बातें कर रहे हैं और एक मंत्री उनके समर्थन में खड़े हैं। दोनों तरफ से बड़ी-बड़ी बातें हो रही है। डराने, धमकाने और साजिश करने की बातें हो रही हैं। प्रदेश के लोग भी समझ नहीं पा रहे हैं कौन किसको डरा-धमका रहा है। सरकार के मंत्रियों को जो ऊर्जा प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाने के लिए लगानी चाहिए वह ऊर्जा अपने शक्ति प्रदर्शन में लगा रहे हैं।

जयराम ने कहा कि सरकार की इस गुटबाजी और आपसी लड़ाई का नुकसान प्रदेश की जनता को हो रहा है। प्रदेश के विकास का नुकसान हो रहा है। मंत्री अपने ऑफिस में नहीं बैठ रहे हैं। यह बातें अब भारतीय जनता पार्टी नहीं कह रही है। यह सारी बातें कांग्रेस के ही नेता, सुक्खू सरकार के मंत्री कह रहे हैं। जयराम ने कहा कि हिमाचल के इतिहास में यह पहला कार्यकाल है जब कोई सरकार विकास की उल्टी राह पर चल रही है। सरकार में बैठे लोगों को प्रदेश और प्रदेशवासियों के हित की बजाय अपने हितों की चिंता है। जिसका खामियाजा प्रदेश और प्रदेशवासियों को उठाना पड़ रहा है। बड़ी-बड़ी बातें करके सत्ता में आए लोग आज आपस में लड़ रहे हैं।

# भाजपा प्रदेश हित में नहीं कर रही सहयोग : नरेश

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल मार्गदर्शन एवं गतिशील नेतृत्व में मजबूती से काम कर रही है, क्योंकि उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन की सोच को लेकर जो फैसले लिए हैं उनसे बड़े पैमाने पर लोग लाभान्वित हो रहे हैं। वह सोमवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि सरकार दृढ़ निश्चय के साथ काम कर रही है । मुख्यमंत्री ने प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं जिनके आने वाले समय में दूरगामी परिणाम सामने आएंगे। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश में सभी मंत्री और विधायक एकजुटता से काम कर रहे हैं तथा विकास के कार्यों को गतिशीलता प्रदान की जा रही है। चौहान ने विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर को नसीहत दे कि वह कांग्रेस पार्टी अथवा सरकार के कामकाज को लेकर अनावश्यक छींटाकशी करने की बजाए अपनी पार्टी के कार्यों की तरफ ध्यान दें। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा आज मुद्दा विहीन और नेता विहीन पार्टी हो गई है। भाजपा नेताओं में लीडरशिप को लेकर छटपटाहट चल रही है वह किसी से छिपी नहीं हैं। वे अपनी नेतागिरी चमकाने के लिए भाजपा हाईकमान के साथ संपर्क रखते हैं।

### हर्ष महाजन को लेकर छटपटा रही भाजपा

**हर्ष** महाजन को कांग्रेस पार्टी से भाजपा में गए अभी मात्र एक वर्ष का ही समय हुआ है लेकिन भाजपा हाईकमान में उनके संपर्क और संबंधों को लेकर भाजपा में जो स्थिति बनी हुई है, उससे भी इनमें छटपटाहट है। नरेश चौहान ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारी सरकार को सत्तासीन हुए दो वर्ष से अधिक का समय हो गया है, लेकिन भाजपा नेताओं ने कभी भी प्रदेश हित अथवा जनहित में सरकार का सहयोग नहीं दिया। सरकार के मंत्रियों के बारे में सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे दुष्प्रचार पर चुटकी लेते हुए कहा कि यह भाजपा की सोची समझी चाल है, जो इस प्रकार की भ्रांतियां फैलाकर साजिश करने में लगी हुई है।

# आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का समय : बिंदल



डॉ. बिंदल की अगुवाई में जनआक्रोश रैली में भाग लेते भाजपा के कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में सोमवार को भाजपा ने राज्य के सभी 17 संगठनात्मक जिलों में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किए। इसी क्रम में शिमला जिले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के नेतृत्व में सीटीओ चौक पर विशाल प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधीश शिमला को ज्ञापन सौंपकर यह मांग की गई कि प्रदेश सरकार तत्काल प्रभाव से प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजे।

डॉ. बिंदल ने कहा कि यह हमला सिर्फ पर्यटकों पर नहीं, अपितु यह भारत की आत्मा पर सीधा हमला है।

### प्रदेश की सुरक्षा ताक पर

**बिंदल** ने कहा कि अपने वोट बैंक के स्वार्थ के लिए प्रदेश की सुरक्षा को ताक पर रखना कांग्रेस की आदत बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार प्रदेश में पाकिस्तान से आए हुए लोगों को संरक्षण दे रही है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए घातक है। डॉ. बिंदल ने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति अब हिमाचल तक फैल चुकी है। उन्होंने कहा, देश पहले ही बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के दुष्परिणाम भुगत रहा है, अब अगर हिमाचल में भी यही गलती दोहराई गई, तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी।

### सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत

**अनंत ज्ञान, गोहर।** सराज के बगड़ा थाच में एक कार दुर्घटना में कुल्लू जिला के भुंतर निवासी 2 लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि हादसे में कार सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला सवार ने घटनास्थल से निकालने पर कुछ दूरी पर दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान मीना देवी और उनके बेटे गौरव निवासी भुंतर के रूप में हुई है जबकि बुद्धि सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद कुल्लू रैफर किया गया है।

पुलिस के अनुसार 2 दिन पहले ही इस परिवार ने नई कार ली थी। सोमवार को गौरव और उसकी माता मीना देवी और पिता बुद्धि सिंह इसी में सवार होकर खुडीजहल मंदिर देहुरी जा रहे थे। बगड़ाथाच के समीप सड़क के तंग प्वाइंट पर कार अनियंत्रित हो गई और करीब 100 मीटर खाई में लुढ़क गई। सूचना मिलने पर जंजैहली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लिया। थाना प्रभारी रामकृष्ण ठाकुर ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए हैं।

# पहलगाम में देश की एकता और अखंडता पर सीधा हमला : त्रिलोक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश भाजपा के महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा कि पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर सीमा पार से आतंकियों द्वारा हमला बेहद निंदनीय है ऐसे में नागरिकों का बलिदान जाया नहीं होने देंगे। कपूर ने कहा कि जिन आंतकियों और जिन्होंने इन आंतकियों को संरक्षण दिया है केंद्र की मोदी सरकार उनको छोड़ने वाली नही है।

उन्होंने कहा कि आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने कड़ा कदम उठाया है। प्रदेश भाजपा महामंत्री ने कहा कि आंतकी हमले जिन परिजनों ने अपनों को खोया है भाजपा उनके साथ खड़ी है। भाजपा प्रवक्ता के रूप में हम उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। हम उन्हें खत्म करके रहेंगे। त्रिलोक कपूर ने कहा कि जब से केंद्र में श्री नरेन्द्र मोदी सरकार आई है, तब से जब भी दुश्मनों ने हमें एक राष्ट्र के रूप में चुनौती दी है, तब-तब हमने एकजुट होकर उन्हें जवाब दिया है।

उन्होंने कहा केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में आतंकवाद की जड़ पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि अभी हमें एकजुट होना चाहिए। हमें पीड़ित परिजनों के साथ खड़े होना चाहिए, उनका अपमान नहीं करना चाहिए। इस विषय पर किसी तरह की राजनीति नहीं होना चाहिए।

इस मौके पर पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी, पूर्व विधायक अरुण मेहरा, प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा, जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी विश्व चक्षु, भाजपा नेता चद्रभूषण नाग सहित आदि मौजूद रहे।

# पाक की भाषा बोलती है कांग्रेस : अनुराग

**अनंत ज्ञान टीम, हमीरपुर/धर्मशाला**

पहलगाम आतंकवादी हमले में निर्दोष लोगों की जान चली गई, इस घटना के बाद पूरे देश के लोगों में गुस्सा है। देश में पाकिस्तान के नागरिकों को वापस भेजा जा रहा है, लेकिन हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने न तो कोई आंकड़ा दिया और न ही पाकिस्तानियों को यहां से भेजा। इसी बात को लेकर भाजपा ने हमीरपुर के गांधी चौक पर धरना-प्रदर्शन किया।



हमीरपुर में संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि जिन परिवारों ने अपने सदस्यों को खोया है उन परिवारों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। वहीं देशभर में 140 करोड़ देशवासियों में इस घटना को लेकर बहुत गुस्सा है। न जाने कांग्रेस ने कौन से पाप किए हैं जिसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ रहा है।

जम्मू-कश्मीर धारा 370 और 35 ए राज्य का विशेष दर्जा जिसके कारण आज तक 40 हजार जानें चली गई। 1950 में किए गए सिंधु जल समझौते के कारण लाखों लीटर पाकिस्तान को जाता है, लेकिन हिंदुस्तान के किसानों को पानी नहीं मिलता। भारत विभाजन में पंडित नेहरू के समय और कांग्रेस के समय में लिए निर्णयों से खामियाजा भारत भुगत रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग रहते तो भारत में हैं, लेकिन उनकी सोच पाकिस्तान से मिलती है।

उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले का जब भी भारतीय सेना ने जवाब दिया तो सेना की कार्रवाई पर ही प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए। हमारी सेना के जवान दूसरे देश में घुसकर आतंकवादी ठिकानों पर ध्वस्त करते हैं, लेकिन उनके साथ खड़ा होने की बजाए ऐसे नेता उनकी शूर वीरता पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। यही नहीं कांग्रेस शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और मंत्रियों के ऐसे बयान दिए हैं जिससे उनका पाकिस्तानी प्रेम झलक रहा है।

उन्होंने कहा कि क्या कांग्रेस ने ठाना है कि पाकिस्तान को समर्थन देना है और क्यों पाकिस्तान के बोल कांग्रेस पार्टी बार-बार बोलती है। उन्होंने कहा कि भाजपा भारतीय सेना के साथ खड़ी है, लेकिन कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान की भाषा बोलती है यही कारण है कि कांग्रेस नेताओं के बयान यूनाइटेड नेशन में और पाकिस्तान में बार-बार कोड किए जा रहे हैं।

वहीं अनुराग ठाकुर कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर तीखी प्रतिक्रिया दी। इसके साथ ही संजौली मस्जिद गिराने के आदेश को लेकर पूछे गए सवाल पर अनुराग ने कहा, प्रदेश भर में वक्फ बोर्ड की यही हालत है। बिना कागजात के कब्जा जमाया हुआ है। यही वजह है कि अदालत को संजोली मस्जिद को गिराने का आदेश देना पड़ा, कानून से ऊपर कोई नहीं है।

# ओलावृष्टि व तूफान ने किसानों बागवानों की तोड़ी कमर : राठौर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश में ओलावृष्टि और तूफान से किसानों-बागवानों की फसलों को तबाह करके रख दिया है। इसकी क्षतिपूर्ति के लिए मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री और बागवान मंत्री को तुरंत हरकत में आना चाहिए और क्षतिपूर्ति का आकलन कर उनके लिए राहत राशि का इंतजाम करना चाहिए।



यह मांग करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं विधायक कुलदीप सिंह ने बताया कि हाल ही में प्रदेश में हुई बेमौसमी वर्षा व ओलावृष्टि से हुए नकदी फसलों व फलों के नुकसान का आंकलन करवाकर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएं। प्रदेश में ओलावृष्टि से सेब की फसल पूरी तरह तबाह हो गई है। राजस्व विभाग को आंकलन करने के जल्द निर्देश दिए जाने चाहिए।

### वैज्ञानिक शोध की जरूरत

**कुलदीप** राठौर ने कहा कि पिछले दो सालों में प्रदेश में प्राकृतिक आपदा में बढ़ोतरी पर कहा कि इस पर अब वैज्ञानिक शोध की जरूरत है। बढ़ता ग्लोबल वार्मिंग इसकी एक मुख्य बजह हो सकती है। बागवानी व कृषि के लिए दीर्घकालिक नीतियां बनाई जानी चाहिए जिससे इन्हें किसी भी प्राकृतिक आपदा के चलते आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकें।

### एंटी हेलगन पर हो व्यापक शोध

**राठौर** ने कहा कि ऊपरी शिमला में कई जगह ओलावृष्टि रोकने के लिए एंटी हेलगन लगाई गई है। बागवांनों का मानना है कि इसका विपरीत प्रभाव दूसरी जगहों पर पड़ रहा है और ओलावृष्टि उनके क्षेत्र की ओर रुख कर रही है। इस पर शोघ करने की जरूरत है कि इसकी बजह से दूसरे साथ लगते क्षेत्रों में ओलावृष्टि का रुख तो नही बदल रहा है और अगर ऐसा नही है तो ठियोग क्षेत्र में भी एंटी हेलगन लगाई जानी चाहिए।

**प्रदर्शन** एंबुलेंस कर्मचारियों का नेशनल हेल्थ मिशन दफ्तर के बाहर प्रदर्शन

# आंदोलनकारियों और पुलिस के बीच हुआ टकराव

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश 108 एवं 102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन संबंधित सीटू ने श्रम कानूनों व न्यायिक आदेशों को लागू करने, न्यूनतम वेतन व कर्मचारियों की प्रताड़ना बंद करने सहित अन्य मांगों को पूर्ण करने के लिए नेशनल हेल्थ मिशन के प्रबंध निदेशक कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सैकड़ों कर्मचारी शामिल रहे। इस दौरान आंदोलनकारियों व पुलिस प्रशासन के मध्य टकराव हो गया। नौकरी से निकाले गए मजदूरों व ट्रांसफर किए मजदूरों को बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलनकारी आक्रोशित हो गए और एनएचएम कार्यालय गेट पर कई घंटे डटे रहे।

प्रबंध निदेशक सीटू कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए गेट पर आए और बातचीत के माध्यम से एमडी ने जल्द ही मांगों के समाधान का आश्वासन दिया । यूनियन ने चेताया है कि अगर शीघ्र ही मांगों की पूर्ति न हुई तो यूनियन निर्णायक संघर्ष की ओर बढ़ेगी। यूनियन ने चेताया है कि अगर कर्मचारियों को प्रताड़ित किया गया तो यूनियन के आह्वान पर कर्मचारी गाड़ियां बंद करके हड़ताल पर उतर जाएंगे। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, महासचिव प्रेम गौतम, उपाध्यक्ष जगत राम, विवेक कश्यप ने कहा कि मुख्य नियोक्ता एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत मेडस्वेन फाउंडेशन के अधीन काम कर रहे सैंकड़ों पायलट, कैप्टन व ईएमटी कर्मचारी भयंकर शोषण के शिकार हैं।

यूनियन के नेतृत्वकारी कर्मचारियों का या तो तबादला कर दिया जाता है या फिर उन्हें मानसिक तौर पर प्रताड़ित करके नौकरी से त्यागपत्र देने के लिए मजबूर कर दिया जाता है।



सीटू के कार्यकर्ता शिमला में अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए।

### नियमानुसार न्यूनतम वेतन दिया जाए

**उन्होंने** मांग की है कि कर्मचारियों को सरकारी नियमानुसार न्यूनतम वेतन का भुगतान किया जाए। 12 घंटे कार्य करने पर नियमानुसार डबल ओवरटाइम वेतन का भुगतान किया जाए। कर्मचारियों को नियमानुसार सभी छुट्टियों का प्रावधान किया जाए।

### कोर्ट से संबंधित आदेशों को तुरंत लागू करें

**गाड़ियों** की मेंटेनेंस व इंश्योरेंस के दौरान कर्मचारियों का वेतन न काटा जाए व कर्मचारियों को पूर्ण वेतन का भुगतान किया जाए। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय, लेबर कोर्ट, सीजेएम कोर्ट शिमला व श्रम विभाग के न्यूनतम वेतन में आदेशों को तुरंत लागू किया जाए।

# 10वीं और 12वीं की परीक्षा का मूल्यांकन 8 तक होगा पूरा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मार्च में हुई 10वीं और 12वीं की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का काम 8 मई तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद अन्य औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद बोर्ड 15 मई तक दोनों के परिणाम को घोषित कर देगा। वहीं, रिजल्ट निकलने के साथ ही अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट भी डिजीलॉकर पर अपलोड कर दिए जाएंगे।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं लाहौल-स्पीति और पांगी क्षेत्र को छोड़ कर प्रदेश भर में 4 मार्च से शुरू हुई थीं। इन परीक्षाओं का आयोजन अप्रैल के पहले सप्ताह तक चला। स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 18 अप्रैल तक 12वीं का परिणाम निकालने की योजना बनाई थी, लेकिन जिला चंबा के एक सेंटर की गलती के कारण 12वीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा को दोबारा करवाना पड़ा। इसके चलते मूल्यांकन कार्य भी देरी से शुरू हुआ। अब 10वीं-12वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 8 मई तक पूरा कर लिया जाएगा। मूल्यांकन का कार्य पूरा होने के बाद बोर्ड प्रबंधन आगामी प्रक्रिया शुरू करेगा और और 10वीं-12वीं कक्षा के परिणाम को 15 मई तक घोषित करने की योजना बना रहा है। वहीं हिमाचल प्रदेश बोर्ड की 10वीं और 12वीं का रिजल्ट 2025 जारी होने के बाद, छात्र **HPBOSE** की आधिकारिक वेबसाइट **hpbose.org** पर जाकर अपने नतीजों की जांच कर सकते हैं।

MOTION
PATHANKOT
JEE | NEET | FOUNDATION
8th to 12th Pass Students
Begin your Medical / Engineering Dreams Journey
Kota System of Education
Highest Selection Ratio
Small Batch Size
Test Series / Mock Tests
Motion Learning App
Exclusive Study Material
Student Performance Report
Appear in MOST & Get Up To 100% Scholarship
Separate Set of Faculties for JEE & NEET Batches
Transport & AC Hostel Facility
Apply Now : pathankot.motion.ac.in
82889-99303

निमित्तानि च पश्यामि विपरीतानि केशव। न च श्रेयोऽनुपश्यामि हत्वा स्वजनमाहवे॥

**हे केशव!** मैं लक्षणों को भी विपरीत ही देख रहा हूं तथा युद्ध में स्वजन समुदाय को मारकर कल्याण भी नहीं देखता॥



# हर साल तिल जितना बढ़ता है तिलभांडेश्वर महादेव शिवलिंग

हमारे देश में ऐसे कई मंदिर मौजूद हैं, जिनके दर्शन मात्र से व्यक्ति को फल मिलता है और उसके पाप मिट जाते हैं। ऐसा ही एक मंदिर उत्तर प्रदेश के काशी में स्थित है, जिसके दर्शन मात्र से पाप मिट जाते हैं। इसके साथ ही, मंदिर की एक और मान्यता है कि इस मंदिर में मौजूद शिवलिंग का आकार हर साल बढ़ जाता है। इस मंदिर का नाम तिलभांडेश्वर है, जो एक प्राचीन मंदिर है और यहां हर साल शिवलिंग का आकार तिल के बराबर बढ़ता है। काशी को भगवान शिव की नगरी कहा जाता है, यहां अनेक ऐसे प्राचीन शिवलिंग हैं जिसकी गिनती करना तक संभव नहीं है। यह मंदिर वाराणसी के बंगाली टोला में स्थित। यहां शिवलिंग के दर्शन करने के लिए सावन, महाशिवरात्रि के साथ-साथ सामान्य दिनों में भी भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। इस प्राचीन मंदिर के बारे में बताया कि सनातन संस्कृति के धर्मशास्त्र काशी महात्म के काशी खंड में इस बात का उल्लेख है कि भगवान शिव की नगरी काशी में तिलभांडेश्वर महादेव का मंदिर स्थित है। धर्मशास्त्र के अनुसार, ऋषि विभांड ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कठिन तपस्या की थी। कठोर तप का प्रभाव उनके शरीर पर भी देखा जा रहा था। इससे व्याकुल देवताओं ने उन्हें मनाने का प्रयास किया। तभी ऋषि विभांड ने सबको वरदान दिया। उसी समय से इस प्राचीन शिवलिंग में हर वर्ष तिल जितनी वृद्धि होती है।



## ऐसे पड़ा मंदिर का नाम?

*__मान्यता__ है कि ये भगवान स्वयंभू हैं। यह क्षेत्र ऋषि विभांड की तप स्थली थी और यहीं पर वह ध्यान लगाकर पूजा करते थे। उन्हीं की पूजा से भगवान शिव प्रसन्न हुए और उन्हें वरदान दिया कि यह शिवलिंग (तिलभांडेश्वर) हर साल तिल के बराबर बढ़ता रहेगा। इस शिवलिंग के दर्शन से अश्वमेध यज्ञ से मिलने वाले पुण्य के बराबर पुण्य फल मिलता है। तिल के समान प्रतिवर्ष बढ़ने के कारण और ऋषि विभांड के नाम पर इस मंदिर को 'तिलभांडेश्वर' नाम से जाना जाता है।*




## असाध्य रोगों से मिलती है मुक्ति

**यहां** हर माह श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जाती है। विशेष तौर पर यहां तिल, जौ, शुद्ध जल चढ़ाने का विशेष महत्व है। मान्यता है कि सच्ची श्रद्धा से जो कोई भी श्रद्धालु भगवान तिलभांडेश्वर का दर्शन करता है और उन्हें तिल जौ अर्पित करता है, उसे असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है। इसके अलावा अनेक मनोकामनाओं की प्राप्ति भी इस शिवलिंग के दर्शन करने से होती है। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक काशी विश्वनाथ मंदिर में सावन के महीने में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ता है। सुबह से श्रद्धालु बड़ी संख्या में काशी विश्वनाथ भगवान का दर्शन के लिए पहुंचे हैं।

## भक्तों को हर बार बढ़ा लगता है शिवलिंग

*__एक__ कथा यह भी कही गई है कि यहां पर इस शिवलिंग को 15 दिन शुक्ल पक्ष में बढ़ोतरी के रूप में देखा जाता है, जबकि कृष्ण पक्ष के 15 दिन या शिवलिंग घटता है। इस शिवलिंग की आकृति को बढ़ने से रोकने के लिए इसे नारियल की जटाओं से सुबह-शाम घिस घिसकर साफ किया जाता है, ताकि इस में होने वाली बढ़ोतरी रोकी जा सके। यहां आने वाले भक्त ों का भी कहना है कि हम लोग काफी वक्त से शिवलिंग के दर्शन कर रहे हैं और जब भी दर्शन करते हैं तो यह शिवलिंग पहले की अपेक्षा ज्यादा बढ़ा प्रतीत होता है।*

## तीन फुट ऊंचा है शिवलिंग

**इस** मंदिर का निर्माण 18वीं शताब्दी में हुआ था। तिलभांडेश्वर महादेव के मंदिर से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की दूरी करीब एक किलोमीटर है। यह मंदिर पांडे हवेली में स्थित है। हर साल तिल के बराबर बढ़ने वाले तिलभांडेश्वर शिवलिंग की वर्तमान में ऊंचाई लगभग तीन फुट है।



## मुगल शासकों ने किया हमला

ऐसा कहा जाता है कि मुगल शासन के दौरान मंदिर को नष्ट करने की कोशिश भी की गई। इस दौरान मंदिर पर एक नहीं तीन बार मुस्लिम शासकों ने हमला भी किया, मगर उस समय इस शिवलिंग को कुछ भी नहीं हुआ। इसके बाद मुगल शासकों को यहां से वापस लौटना पड़ा। इसके अलावा ब्रिटिश शासन काल में अंग्रेजों ने शिवलिंग की महिमा सुनकर इसके आकार में हो रही बढ़ोतरी को जांचने के लिए इसके चारों तरफ धागा भी बांधा था, लेकिन धागा बार-बार टूट जा रहा था, जो यह साफ कर रहा था कि यह शिवलिंग प्रतिदिन बढ़ता है। इस शिवलिंग के बारे में शिव पुराण में भी जिक्र मिलता है, जिसमें स्पष्ट तौर पर लिखा है कि यह शिवलिंग तिल के बराबर बढ़ता है। हालांकि, शिवलिंग में हो रही बढ़ोतरी कैसे और क्यों होती है। यह आज तक कोई नहीं जान पाया है।




# जयसिंहपुर के आलमपुर से पिंडी रूप में आए हैं गरोड़ू स्थित बाबा बालक रूपी

## मंडी व कांगड़ा जनपद के लोगों की है कुलज

## प्रतिवर्ष हजारों लोग पहुंचते हैं दर्शनार्थ

**मंडी** जिले के जोगिंद्रनगर के गरोड़ू स्थित बाबा बालक रूपी कांगड़ा जिले के जयसिंहपुर क्षेत्र के आलमपुर के जांगल गांव के समीप से पिंडी के रूप में यहां आए हैं। बाबा बालक रूपी गरोड़ू मंडी व कांगड़ा जनपद के लोगों की कुलज भी है और प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु बाबा के दर्शनों यहां पहुंचते हैं। बाबा बालक रूपी के इस पवित्र दरबार में जहां लोग अपने बच्चों के मुंडन संस्कार के लिए पहुंचते हैं, तो वहीं घर में हुए मुंडन संस्कार के बाद बच्चों के बाल भी चढ़ाते हैं। इस मंदिर का इतिहास मंडी रियासत काल से ही जुड़ा हुआ है। स्थानीय जानकार बताते हैं कि काफी समय पूर्व इस क्षेत्र के कस गांव की एक महिला बाबा बालक रूपी की सेवा के लिए जयसिंहपुर क्षेत्र के आलमपुर के समीप जांगल गांव में स्थित मंदिर में जाया करती थी। महिला के वृद्ध होने के चलते उसने बाबा बालक रूपी से क्षमा मांगते हुए कहा कि बुढ़ापे के कारण अब वह सेवा करने के लिए यहां नहीं आ सकती है। कहते हैं कि स्वप्र में बाबा बालक रूपी ने महिला से कहा कि वह एक पत्थर पिंडी से स्पर्श कर ले जाए तथा इसकी पूजा करे। बाबा ने महिला से कहा कि वह इस स्पर्श किए हुए पत्थर को रास्ते में कहीं भी धरती पर न रखे, अन्यथा उसी स्थान पर स्थापित हो जाएगा। स्वप्न अनुसार उस महिला ने एक पत्थर को बाबा बालक रूपी की पिंडी से स्पर्श कर उसे लेकर अपने घर कस की ओर चल पड़ी। कहते हैं कि जब वह गरोड़ू स्थित वर्तमान बाबा बालकरूपी मंदिर वाले स्थान पर पहुंची तो वह शौचालय के लिए रुकी। इस बीच उस महिला ने स्पर्श किए हुए पत्थर को एक चट्टान पर रख दिया। उस समय इस स्थान पर घना जंगल हुआ करता था। जैसे ही वह महिला शौचालय करने के बाद उस पत्थर को उठाने लगी तो वह इसे उठाने में असमर्थ रही तथा इसी स्थान पर स्थापित हो गया। वह चट्टान आज भी मंदिर परिसर में मौजूद है।

कहते हैं कि इसी बीच बाबा बालक रूपी ने तत्कालीन मंडी रियासत के राजा को स्वप्न में दर्शन देते हुए कहा कि राजन मैं आपकी रियासत में पहुंच चुका हूं और मेरा वहां एक मंदिर बनवाओ। तब राजा ने यहां पर एक छोटा सा मंदिर बनवाया तथा मंडी रियासत के साथ-साथ कांगड़ा जनपद के लोगों के कुल देवता (कुलज) के रूप में प्रसिद्ध हुए। कहते हैं कि रियासतकाल में ही लोगों की सुविधा के लिए तत्कालीन राजा ने गरोड़ू स्थित बाबा के मंदिर से एक पत्थर स्पर्श कर उसे मंडी में भूतनाथ गली में भी स्थापित कर वहां मंदिर का निर्माण करवाया है। लोग कुलज के रूप में इन्हे वहां भी पूजते हैं तथा कई लोग अभी भी गरोड़ू में आना पसंद करते हैं।

### स्थापना के समय से ही सरकारी नियंत्रण में है मंदिर

**इस** मंदिर की अहम बात यह है कि अपनी स्थापना के समय से ही सरकारी नियंत्रण में रहा है। रियासत काल में यह मंदिर राजा के अधीन रहा, जबकि स्वतंत्रता के बाद सीधे सरकारी नियंत्रण में आ गया। वर्तमान में एसडीएम जोगिंद्रनगर इस मंदिर कमेटी के अध्यक्ष हैं।

### आषाढ़ माह में होते हैं शनिवार के मेले, शिवरात्रि पर होती शिव महापुराण कथा

बाबा बालक रूपी मंदिर में आषाढ़ व मार्गशीर्ष माह में शनिवार मेलों का आयोजन होता है। शिवरात्रि पर्व के अवसर पर महाशिवपुराण कथा भी आयोजित की जाती है। महाशिवपुराण कथा का आयोजन पिछले लगभग 25 वर्षों से निरंतरता में किया जा रहा है। इसके अलावा शिवरात्रि पर्व के मौके पर झांकी भी निकाली जाती है।

### श्रद्धालुओं के लिए कई सुविधाएं जुटाईं : मनीष

**मंदिर** समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी का कहना है कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कई तरह की सुविधाएं जुटाई गई हैं। मंदिर में लंगर या भंडारा लगाने के लिए एक बड़े हाल का निर्माण किया गया है। साथ ही श्रद्धालुओं के ठहरने को चार कमरे भी निर्मित किए गए हैं। इनमें शौचालय एवं किचन की सुविधा उपलब्ध है। मुंडन संस्कार के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर जहां तीन नए शौचालय निर्मित किए हैं। वहीं, गिजर के साथ बाथरूम की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। मेले आयोजन के लिए ग्राउंड का भी निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण भी किया गया है।


### कैसे पहुंचे बाबा बालकरूपी मंदिर

**बाबा** बालक रूपी मंदिर जोगिंद्रनगर बस स्टैंड से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जोगिंदरनगर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालु बस व रेल के माध्यम से आ सकते हैं। जोगिंद्रनगर सीधे रेल नेटवर्क के साथ जुड़ा हुआ है और वाया पठानकोट, पालमपुर-बैजनाथ होकर यहां पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा पठानकोट, कांगड़ा, धर्मशाला, बैजनाथ, मंडी इत्यादि स्थानों से भी सीधे सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकते हैं। सबसे नजदीकी हवाई अड्डा कांगड़ा है।

**प्रस्तुतिः अभिषेक शर्मा**

# मोहिनी एकादशी पर करें भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विशेष पूजा, मिलेगा शुभ फल

## तुलसी के पास दीपक जलाकर करें चालीसा का पाठ



***मोहिनी एकादशी के दिन साधक को भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए विधि-विधान से उनकी पूजा-आराधना करना चाहिए. इस मौके पर तुलसी के उपाय करने से लक्ष्मी-नारायण प्रसन्न होते हैं। हिंदू धर्म में साल में 24 एकादशी व्रत होते हैं। हर महीने में 2 बार एकादशी आती है। धार्मिक मान्यता है कि एकादशी तिथि पर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विशेष पूजा करने से शुभ फल मिलते हैं। वैशाख मास को भी माघ और कर्तिक मास की तरह पवित्र माना गया है, इसलिए वैशाख मास की एकादशी का भी बेहद खास महत्व है। इसी महीने में मोहिनी एकादशी आने वाली है।***

**मोहिनी एकादशी कब मनाई जाएगी?** वैदिक पंचांग के अनुसार, वैशाख माह के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। यह तिथि 7 मई को सुबह 10:19 बजे शुरू होगी और 8 मई को दोपहर 12:29 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार, मोहिनी एकादशी का व्रत 8 मई को रखा जाएगा।


**तुलसी चालीसाः** नौकरी या व्यापार में अगर बहुत प्रयास के बाद भी विघ्न-बाधा आ रही है, तो मोहिनी एकादशी पर तुलसी के पास 11, 21 या 51 दीपक जलाकर तुलसी चालीसा का पाठ करें. मान्यता है कि ऐसा करने से बाधाएं दूर होती है।

**शृंगार की वस्तुः** बहुत प्रयास के बाद भी वैवाहिक जीवन सुखमय नहीं चल रहा है, तो मोहिनी एकादशी के दिन तुलसी के पौधे को 16 शृंगार की सामग्री अर्पित करें। यह बहुत ही लाभकारी है। इससे वैवाहिक जीवन में खुशहाली आती है और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है।

**तुलसी मंजरीः** सफलता हाथ नहीं लग रही है, धन टिक नहीं पा रहा तो इस एकादशी पर स्नान-ध्यान करने के बाद भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की पूजा करें। पूजा के समय गाय के कच्चे दूध में तुलसी की मंजरी मिलाकर भगवान विष्णु का अभिषेक करें। यह उपाय करने से आर्थिक स्थिति में सुधार आता है।


**गृह शांतिः** घर में कलह मची है, शांति नहीं बनी रहती तो मोहिनी एकादशी के दिन तुलसी के पौधे पर कलावा चढ़ाएं। इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव कम होता है, जिससे सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

# श्री नृरसिंह भगवान ने दिलाई थी हिरण्यकशिपु के आतंक से मुक्ति



**वैशाख** मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को नृसिंह जयंती मनाई जाती है। इसी दिन भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने नृसिंह रूप में अवतार लिया था। नृसिंह अवतार में भगवान विष्णु ने आधे मनुष्य और आधे शेर का शरीर धारण करके हिरण्यकशिपु का वध किया था। प्राचीनकाल में कश्यप नामक ऋषि थे, जिनकी पत्नी का नाम दिति था। उनके दो पुत्र हुए, जिनमें एक का नाम हरिण्यक्ष और दूसरे का हिरण्यकशिपु था। हिरण्यक्ष को भगवान श्री विष्णु ने पृथ्वी की रक्षा के लिए वराह रूप धरकर मार दिया था। अपने भाई की मृत्यु से दुखी और क्रोधित हिरण्यकशिपु ने अपने भाई की मृत्यु का प्रतिशोध लेने के लिए अजेय होने का संकल्प लिया। सहस्त्रों वर्षों तक उसने कठोर तपस्या की, उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी ने उसे 'अजेय' का वरदान दिया। तत्पश्चात वह संपूर्ण लोकों का अधिपति होकर अत्याचार करने लगा। इसी दौरान हिरण्यकशिपु की पत्नी कयाधु ने एक पुत्र को जन्म दिया, जिसका नाम प्रह्लाद रखा गया। भक्ति से प्रह्लाद का मन दूर हो गया और अपने जैसे दुर्गुणों की निंदा के लिए हिरण्यकशिपु ने बहुत प्रयास किया, लेकिन वह नाकामयाब हुआ। भगवान विष्णु की कृपा से प्रह्लाद हर संकट से उबर गए और बच गए। इस घटना को देखने के बाद हिरण्यकशिपु ने अपना क्रोध प्रकट किया और अब भगवान विष्णु की पूजा की, तब एक दिन हिरण्यकशिपु ने प्रह्लाद से पूछा कि बताओ, तेरा भगवान कहां है? इस पर प्रह्लाद ने निराधार भाव से कहा कि प्रभु तो सर्वत्र हैं, हर जगह व्याप्त हैं। क्रुद्ध हिरण्यकशिपु ने कहा कि क्या तेरा भगवान इस स्तंभ (खंभे) में भी है? प्रह्लाद ने हां कहा। इससे क्रोधित क्रोधित हिरण्यकशिपु ने स्तंभों पर प्रहार कर दिया, जिससे श्री नृसिंह भगवान प्रकट हो गए और हिरण्यकशिपु का वध कर दिया।

## विष्णु के 10वें अवतार भगवान बुद्ध



**वैशाख** पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। भगवान बुद्ध को भगवान विष्णु के 10वें अवतार के रूप में देखा जाता है। गौतम बुद्ध का जन्म समय 563 ईसा पूर्व माना जाता है। बुद्ध की साधना के बाद बोध गया जो बिहार में स्थित है, उस स्थान पर बोधि वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ। सिद्धार्थ गौतम की प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण रूप से हुई। उन्हें वेद और उपनिषद का ज्ञान मिला, राजकाज और युद्ध-विद्या की भी शिक्षा उन्होंने प्राप्त की। सिद्धार्थ का विवाह यशोधरा के साथ विवाह हुआ। पिता शुद्धोधन सिद्धार्थ को सभी प्रकार की सुख प्रदान किए गए। बुद्ध में करुणा और दया की भावना बहुत गहरी थी। वह सभी पर एक प्रकार का व्यवहार करते थे। जीवन और उनकी साख के प्रति उनके मन में सदैव ही प्रेरणा बनी रही। भगवान बुध का यह स्वरूप मोक्ष के मार्ग की ओर ले जाने के लिए विख्यात है।

## न्यूज ब्रीफ

### पीटीसी डरोह में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने प्रेस बयान में कहा कि मंगलवार को 11 केवी डरोह फीडर की तारों को बदलने के चलते उपमंडल डरोह के तहत आने वाले डरोह, पीटीसी डरोह, बस्केहड़, अटियालादाई, रडा, मंडप, मलोग, मरूंह, देवी, नौरा, केढ़ारा, भोडा, जैंद, खडुल और बनियाल आदि में सुबह 10:00 से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### साहिल को हेड ब्वॉय व सेजल को हेड गर्ल चुना

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पुन्नर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए हेड ब्वॉय साहिल, हेड गर्ल सेजल, डिप्टी हेड ब्वॉय अक्षित व डिप्टी हेड गर्ल दिशा को सर्वसम्मति से चुना गया। विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या सुनीता रानी ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी व उनसे अपने कर्तव्यों के प्रति सत्यनिष्ठ रहने की अपील की, ताकि विद्यालय में अनुशासन बना रहे। इस दौरान समस्त अध्यापक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### भेड़पालकों को जल्द राहत दे सरकार : मनोज

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज कुमार ने दो दिन पहले चंबा जिले की रायपुर पंचायत के धिल्ली में बादल फटने से भेड़पालकों को हुए नुकसान पर दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बिन मौसम के बादल फटने से 60 से 70 भेड़ बकरियां नाले में बह गईं। साथ में अमरु नाम का भेड़पालक भी चपेट में आ गया था, जिसका शव दो दिन बाद मिला था। उन्होंने कहा कि त्वरित राहत राशि के तौर पर इन्हें 25000 रुपए तो दे दिए हैं, लेकिन ये राशि उनके लिए वाजिब नहीं है। एक भेड़ या बकरी की कीमत 15 से 20 हजार के तक होती है, ऐसे में इन भेड़पालकों को लाखों का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग करेंगे कि इस आपदा को 2023 में हुई त्रासदी की तर्ज में लेकर इन भेड़पालकों को उचित मुआवजा मिले।

### अभियान चलाकर लोगों को किया जाएगा जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय बचत राज्य सलाहकार बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद करड़ ने कहा कि स्मॉल सेविंग को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। लघु बचत बोर्ड की आमदनी बढ़ाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे। धर्मशाला में उपायुक्त कार्यालय में लघु बचत बोर्ड के तहत कांगड़ा जिले में अर्जित उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद करड़ ने इस संबंध में व्यापक अभियान शुरू किए जाएंगे। बचत बोर्ड पिछले काफी दशकों से अपनी लोकप्रिय लघु बचत योजनाओं से समाज के सभी वर्गों में विशेषकर महिलाओं में लघु बचत की भावना को बढ़ा कर महिला सशक्तिकरण तथा महिला आत्मनिर्भरता में अपना विशेष योगदान देता आ रहा है। बोर्ड के तहत स्मॉल सेविंग एजेंट ग्रामीण क्षेत्रों के पोस्ट ऑफिसों में लोगों के खाते खुलवाते हैं और वर्तमान में प्रदेश में करीब 15000 एजेंट काम कर रहे हैं, जबकि 2 लाख से ज्यादा लोग जुड़े हैं।

### भुगतान राशि के लिए राज्यपाल से गुहार

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जलशक्ति विभाग व लोक निर्माण विभाग फतेहपुर के तहत सरकारी ठेकेदारों ने भुगतान राशि समय पर न मिलने को लेकर उपमंडल अधिकारी फतेहपुर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेज जल्द भुगतान राशि दिलाने की गुहार लगाई है। ठेकेदारों का कहना है कि विभागों की ओर से उनसे विकास कार्य करवा लिए हैं, लेकिन अभी तक उन्हें भुगतान नहीं किया गया है। ठेकेदार बिट्टू, निर्मल, विनय कुलवंत,दिलराज, मनमोहन, संदीप, अजय, राकेश, उपेंद्र का कहना है कि बैंक से लोन लेकर कार्य किए, लेकिन लोन की किस्त न भर पाने के कारण नोटिस आ रहे हैं। इससे परिवार मानसिक व आर्थिक तंगी से परेशान है। ठेकेदारों ने कहा कि 10 दिन के भीतर भुगतान नहीं किया गया, तो परिवारों सहित सड़कों पर न्याय के लिए गुहार लगाएंगे।

### चेयरमैन पद के लिए पांच ने जताई दावेदारी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व सैनिक लीग पालमपुर के चेयरमैन पद के लिए सोमवार को नामांकन प्रक्रिया में पांच लोगों ने दावेदारी जताई है। 5 मई को नामांकन भरे गए, जबकि 7 मई को नाम वापसी और 10 मई शनिवार को चुनाव करवाए जाएगा। लीग प्रवक्ता कुलदीप राणा ने बताया कि सोमवार को बड़ी संख्या में लीग कार्यालय पहुंचे। पूर्व सैनिकों ने पहचान पत्र बनवाए। वहीं, पांच लोगों ने चेयरमैन पद के लिए पर्चा दाखिल किया है। भारतीय अवकाश प्राप्त सैनिक लीग (आईईएसएल) की हिमाचल प्रदेश इकाई की देखरेख में होने वाले चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष कर्नल वाईएस राणा भी टीम सहित पालमपुर पहुंचेंगे।

# धर्मशाला में भाजपा का प्रदर्शन

## पाक नागरिकों को वापस भेजने की मांग को लेकर निकाली रैली, कहा- सुक्खू सरकार देख रही तमाशा, आंकड़ा भी नहीं जुटाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पहलगाम** आतंकी हमले के खिलाफ और हिमाचल से पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की मांग को लेकर धर्मशाला में सोमवार को कचहरी चौक से डीसी कार्यालय में रैली निकालकर भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि इस आंतकी हमले का मोदी सरकार पूरा बदला लेगी। प्रदेश भाजपा के महामंत्री त्रिलोक कपूर ने सुक्खू सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आंतकी हमले को लेकर जहां पूरा देश गुस्से में है और कांग्रेस सरकार चुप रहकर तामाशा देख रही है। उन्होंने कहा कि क्यों सुक्खू सरकार अभी तक हिमाचल में रह रहे पाकिस्तानियों को उनके देश जाने के आदेश नहीं दे रही। सरकार अभी तक यह आंकड़ा पेश नहीं कर पाई है कि प्रदेश में कितने पाकिस्तानी रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर मोदी सरकार लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कर रही है। वहीं, कांग्रेस पाकिस्तान की भाषा बोल रही है। उन्होंने सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि तुरंत पता लगाया जाए हिमाचल में रह रहे पाकिस्तानियों की संख्या कितनी है और कब पाकिस्तान भेजा जाएगा।



धर्मशाला में सोमवार को विरोध-प्रदर्शन के बाद प्रेसवार्ता करते त्रिलोक कपूर।

### डीसी के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**त्रिलोक** कपूर व अन्य नेताओं ने डीसी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अभी तक जो फैसले लिए हैं, उनसे पाकिस्तानियों व आतंकियों की नींद उड़ चुकी है।

### पाकिस्तान को सबक सिखाना जरूरी : सरवीण

**पूर्व** मंत्री सरवीण चैधरी ने कहा कि पाकिस्तान को सबक सिखाना जरूरी है, तभी आंतकबाद को जड़ से खत्म किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जिसके ऊपर कभी विश्वास नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि आज पूरा विश्व आतंकवाद को लेकर भारत देश के साथ खड़ा है।

## नूरपुर में भी पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ निकाली रोष रैली

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** भाजपा जिला नूरपुर की ओर से सोमवार को पहलगाम हमले के खिलाफ रोष रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया। इसकी अध्यक्षता पूर्व मंत्री विपिन परमार ने की। प्रदर्शन रैली में चारों विधानसभाओं से कार्यकर्ता शामिल हुए। बचत भवन से चली यह प्रदर्शन रैली संयुक्त कार्यालय नूरपुर पहुंची, जहां एसडीएम नूरपुर गुरसिमर सिंह के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया गया। पत्रकारों से बात करते हुए परमार ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद पूरे देश मे पाकिस्तानी आतंक के खिलाफ रोष है। केंद्र सरकार ने कई प्रतिबंध पाकिस्तान पर लगाए हैं और पाक नागरिकों को डिपोर्ट करने का आदेश पारित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस मामले पर कोई संजीदगी नहीं दिखाई है। इसके चलते एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया है, ताकि राज्यपाल प्रदेश सरकार को इस मामले पर कार्रवाई करने का आदेश जारी करें। वहीं, रोष प्रदर्शन रैली से नूरपुर के पूर्व विधायक और वन मंत्री राकेश पठानिया, जवाली से पूर्व विधायक अर्जुन ठाकुर और नूरपुर से स्थानीय विधायक रणबीर सिंह निक्का रैली से नदारद रहे। जब इस संबंध में विपिन परमार से सवाल पूछा गया तो वे उखड़ गए। उन्होंने कहा कि यह संख्या बल लाखों के बराबर है। राकेश पठानिया और अर्जुन ठाकुर की अनुपस्थिति पर उन्होंने इसे व्यक्तिगत सवाल बताया

**भाजपा जिला नूरपुर की रैली से कई नेता नदारद**

## हैप्पी बर्थडे



विवान रांगड़ा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



रक्कड़ की मन्नत को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## भाजपा सरकार के समय चरम पर था भ्रष्टाचार : सपन सूद

**अनंत ज्ञान, देहरागोपीपुर।** कांगड़ा कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता सपन सूद ने कहा कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति को लेकर सुक्खू सरकार सराहनीय कार्य कर रही है। सीएम सुक्खू ने अपने अढ़ाई साल के कार्यकाल में राजनीतिक गलियारों से भ्रष्टाचार की गंदगी को जड़ से उखाड़ कर प्रदेश को आर्थिक सुदृढ़ किया है। सीएम ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत 101 करोड़ रुपए का फंड स्वीकृत करके प्रदेश के 6 हजार अनाथ बच्चों को गोद में लेने का ऐतिहासिक निर्णय लेकर मानवता की सच्ची सेवा की है। सपन सूद ने पत्रकारवार्ता में कहा कि पूर्व भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा तक पहुंच गया था। भाजपा के कार्यकाल जनहित में होने वाले निर्माण कार्यों को कई गुना दाम बढ़ाकर अपने चेहते ठेकेदारों को नियमों को दरकिनार करके आवंटित करके प्रदेश के खजाने को लुटाया गया।

## पालमपुर में पहलगाम हमले के विरोध में प्रदर्शन बोले-पाकिस्तान नागरिकों को भेजा जाए वापस

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**भाजपा** संगठनात्मक जिला पालमपुर के कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं श्री नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा की अध्यक्षता में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में रैली निकालकर प्रदर्शन किया।

वहीं, हिमाचल में रह रहे पाकिस्तानियों को वापस उनके देश भेजने की मांग की। रैली में जिला अध्यक्षा रागिनी रकवाल, पूर्व विधायक रविंदर रवि धीमान, मुल्खराज प्रेमी, प्रभारी पंकज जम्वाल व महामंत्री राजेश रानू विशेष रूप से उपस्थित रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं को गांधी मैदान में रागिनी, रविंदर धीमान व रणधीर शर्मा ने संबोधित किया। वक्ताओं ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। वहीं, केंद्र सरकार की उठाए कदमों की सराहना की। भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता पाकिस्तान और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए एसडीएम कार्यालय गए और एसडीएम के माध्यम से हिमाचल के मुख्यमंत्री व राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। रणधीर शर्मा ने कहा कि पाक नागरिकों को तत्काल वापस भेजने के निर्णय लेने में प्रदेश सरकार ढिलाई बरत रही है। पहलगाम घटना के पश्चात केंद्र सरकार ने फैसला लिया है कि भारत में रह रहे पाकिस्तान के नागरिकों को तत्काल वापस भेजा जाएगा। इस संबंध में गृह मंत्री ने स्वयं सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्री से दूरभाष पर बात कर देशहित में इस निर्णय को तत्काल तथा प्रभावी ढंग से धरातल पर मूर्त रूप देने के निर्देश दिए हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है। उन्होंने कहा कि देश में पहलगाम जैसी किसी भी घटना का इतिहास देखा जाए, तो कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण इस प्रकार की घटनाओं को भारत विरोधी शक्तियां अंजाम देने में सफल रही हैं।





पालमपुर में सोमवार को पहलगाम हमले के विरोध में रैली निकालती भाजपा।

## भवानी ने किया ऐतिहासिक धरोहर तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** राज्य योजना बोर्ड उपाध्यक्ष व स्थानीय विधायक भवानी सिंह पठानिया सोमवार को कस्बा राजा का तालाब की लगभग दो हेक्टेयर में फैले ऐतिहासिक धरोहर तालाब के जीर्णोद्धार के चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जीर्णोद्धार के कार्य के प्रति स्थानीय लोगों की राय जानी। उन्होंने कहा कि जब से नैचुरल जलाशय सूखने लगे हैं। तब से जमीन का जलस्तर नीचे जाने लग पड़ा है।

राजा का तालाब का जलस्तर कभी 140 फुट के करीब होता था, जोकि अब 185 फीट तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि हम जमीन से पानी तो खूब मात्र में निकाल रहे हैं, परंतु वाटर को रिचार्ज करने के लिए हमारे प्रयास बहुत ही कम हैं। उन्होंने कहा कि नेचुरल जलाशयों का रखरखाव और इनका जीर्णोद्धार जलस्तर को ऊपर लाने में काफी हद तक मददगार साबित होता है।

## विपिन परमार करें कांग्रेस के योगदान का गहराई से अध्ययन : सुदर्शन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस के देश की आजादी के प्रति योगदान का गहराई से अध्ययन कर प्रदर्शन किया करें, क्योंकि हमारे राष्ट्रीय नेता खड़गे ,राहुल गांधी की ओर से देश की एकता अखंडता, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए दलगत की राजनीति से ऊपर उठकर कांग्रेस केंद्र सरकार के साथ है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा के लिए मोदी सरकार जो भी निर्णय लेगी, हमें मंजूर होगा। उन्होंने कहा कि परमार ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार पाकिस्तानी नागरिकों को राज्य से बाहर निकालने में गंभीरता नहीं दिखा रही है, उनका यह आरोप निराधार है।

# विधायक संजय ने 178 लाभार्थियों को बांटे 19 लाख रुपए के चेक

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

**विधायक** ज्वालामुखी संजय रत्न ने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह ज्वालामुखी में मुख्यमंत्री राहत कोष के 15 लाभार्थियों को 7 लाख, घर बनाने के लिए 3 लाभार्थियों को 1.5 लाख और गरीब बेटियों के विवाह के लिए ज्वालामुखी मंदिर न्यास से लगभग 160 लाभार्थियों को 8 लाख 16 हजार के चेक वितरित किए।

विधायक रत्न ने कहा कि वर्तमान सरकार गरीब व्यक्ति के हितों की सुरक्षा के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड से पंजीकृत पात्र महिलाओं को गृह निर्माण के लिए तीन लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी जा रही है। महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार किए गए उत्पादों की बिक्री के लिए ई-कॉमर्स वेबसाइट शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि 'महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना' को मंजूरी प्रदान की है। इस योजना के तहत 2 लाख 50 हजार रुपए से कम सालाना आय वाले वाल्मीकि समुदाय के सफाई कर्मचारियों को घर बनाने के लिए 3 लाख रुपए की सहायता का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि ज्वालामुखी मंदिर न्यास का पैसा मंदिर का सौंदर्यीकरण के साथ-साथ ज्वालामुखी क्षेत्र की साफ-सफाई और शौचालय बनाने के लिए उपयोग किए जा रहे है। विधायक ने कहा कि 31 मार्च, 2025 तक जो भी प्रार्थना पत्र मंदिर न्यास के पास आए थे, उन सभी की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में पानी की समस्या को दूर करने के लिए खुंडिया तहसील में 9 ट्यूबवेल और ज्वालामुखी तहसील के बल्ला में मिनी ट्यूबवेल स्थापित किए गए है ताकि गर्मियों के मौसम में पानी की समस्या न आए। इस अवसर पर विधायक ने जनसमस्याओं को सुना और अधिकारियों को इन्हें निपटाने के निर्देश दिए।

**बोले- सुक्खू सरकार निर्धन लोगों के हितों की सुरक्षा को कृतसंकल्प**

## गरीबी उन्मूलन के लिए बनाए मानक तर्कसंगत नहीं : मनजीत

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश में गरीबी उन्मूलन के कार्यक्रम के लिए पात्र लोगों को चयनित करने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से जो मापदंड बनाए गए हैं, वह तर्कसंगत नहीं हैं। किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने कहा कि मनरेगा के तहत 100 दिन के काम की शर्त तथा 50,000 रुपए से कम आय का प्रमाण पत्र, पक्का मकान होने पर पात्र नहीं माने जाएंगे। प्रदेश में 100 दिन का रोजगार मनरेगा में क्या सृजित हो पा रहा है, पिछले चार-पांच माह से मनरेगा मजदूरों को मजदूरी नहीं दी गई, मटेरियल वेंडर्स को पिछले एक वर्ष से धन का भुगतान नहीं किया गया, ऐसी हालत में क्या 100 दिन का काम मनरेगा में मिल पा रहा होगा ?

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा के छात्रों ने झटके 58 मेडल



जेएमके इंटरनेशनल स्कूल पठानकोट में हुई इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप।

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**प्रताप** वर्ल्ड स्कूल इंदौरा चनौर के छात्रों ने प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में जेएमके इंटरनेशनल स्कूल पठानकोट में इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप में भाग लिया। इसमें मुख्यत: 18 स्कूलों ने भाग लिया।

प्रिंसिपल रेणु परमार ने बताया कि होनहारों ने ओपन इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 58 मेडल (स्वर्ण, रजत व कांस्य) प्राप्त किए। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यार्थियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। डॉ. रिचा ने कहा कि छात्रों ने जिस अनुशासन, मेहनत और समर्पण का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। इस सफलता से न केवल विद्यालय का नाम रोशन हुआ है, बल्कि अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिली है। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने और छात्रों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# आशीष बुटेल ने किया रजेहड़ पंचायत भवन का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**विधायक** आशीष बुटेल ने सोमवार को विकास खंड पालमपुर की रजेहड़ पंचायत में 10.5 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायतें प्रशासनिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। प्रदेश सरकार पंचायतीराज व्यवस्था को ओर अधिक मजबूत बनाने की दिशा में प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि पंचायतों के पास जहां पंचायत में कानून व्यवस्था बनाने की अहम जिम्मेदारी रहती है। वहीं गांव-गांव सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन भी किया जाता है और लोगों तक सरकार की नीतियों तथा कार्यक्रमों का लाभ पहुंचता है। उन्होंने कहा कि 9.80 करोड रुपए की लागत से रामपुर-रजेहड़-सारसावा वाया कपेण संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। लगभग 11 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्मित होने से रजेहड़ क्षेत्र सहित 11 पंचायतों के हजारों लोगों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने रजेहड़ में खेल मैदान की निर्माण के लिए चरणबद्ध नंबर तरीके से 5 लाख, श्मशानघाट में स्टोर बनाने के लिए 2 लाख, शहीद स्मारक में शेड के निर्माण के लिए 2.5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर पार्षद दिलबाग, शशि राणा, खंड विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह, ग्राम पंचायत प्रधान शशि पाल, सार्थक सूद आदि मौजूद रहे।



रजेहड़ पंचायत में 10.5 लाख से निर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण करते बुटेल।

### नैहण में बनाया जाएगा विद्युत सब-स्टेशन

**आशीष** बुटेल ने कहा कि गेहड़ से सपैडू सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिस पर 6.75 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कंडबाड़ी में बन रहे राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की बिजली समस्याओं के समाधान के लिए नैहण पंचायत में नया विद्युत सब स्टेशन बनाया जाएगा।

# आयुष हेड ब्वॉय और पलक बनी हेड गर्ल



स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में अलंकरण समारोह का आयोजन।

**अनंत ज्ञान, जवाली**

**स्प्रिंग** डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। यूकेजी से बारहवीं कक्षा से दर्पिता, श्रीजा, आनिका देवी, कविश, काशवी, सीरत, गुरकीरत, हार्दिक, फैजान, अक्षिता, रिद्धिमा, सानिया, अमायरा, यक्षिका ठाकुर, रियांश जरियाल, समक्ष, कविश, अरनव, अवन्या, करनप्रीत, अराध्या, अपराजिता, गुरलीन कौर, नव्या, आरव, साहिर खान, नव्या सूर्यांश, संघवी, कृतिका, अरनव, वेदिका, अभय राणा, शक्शीयत, अस्मिता, कृतिका, धैर्य शर्मा अशनीत, आर्शी, वंशिका, श्रुति तथा रिया को प्रथम व द्वितीय मॉनिटर्स बनाया गया। भगत हाउस से 12वीं की छात्रा रुचिका को कप्तान, 11वीं की छात्रा वंशिका को उपकप्तान, गांधी हाउस से 12वीं की छात्रा अंशिका मनकोटिया को कप्तान तथा आदित्य को उपकप्तान, झांसी हाउस से 12वीं के छात्रा अंशिका बलोरिया को कप्तान तथा आरुषि को उप कप्तान, शिवाजी हाउस से रसम को कप्तान तथा 11वीं कक्षा के छात्र सौरभ को उपकप्तान बनाया गया।

12वीं कक्षा के आयुष को हेड ब्वॉय, पलक को हेड गर्ल बनाया गया। रिजूल और इशिता ठाकुर को स्पोर्ट्स हेड ब्यॉय और हेड गर्ल बनाए गए। प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल ने सभी चयनित स्कूल कैबिनेट विद्यार्थियों को बधाई दी।

**कार्यक्रम** पर्यटन निगम के अध्यक्ष की अध्यक्षता में नगरोटा अस्पताल में हुई रोगी कल्याण समिति की बैठक

# नगरोटा अस्पताल में मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं : बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**पर्यटन** निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे, ताकि रोगियों को किसी भी तरह दिक्कतें न झेलनी पड़ें। सोमवार को नगरोटा अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि अस्पताल में उच्च तकनीक की स्वास्थ्य उपकरण स्थापित करने के पर विशेष फोकस रहेगा।

उन्होंने कहा कि रोगी कल्याण समिति आज के समय में सभी अस्पतालों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका रखती है। समिति की बैठकों के समय-समय पर आयोजन होने से अस्पताल की कमियों का पता चलता है और उन्हें पूरा करने से मरीजों को इसका लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में रोगी मित्र योजना' के तहत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में रोगी मित्रों की नियुक्ति की जाएगी और 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के मेरे बड़े भाइयों व बहनों को 'मुख्यमंत्री वृद्धजन देखभाल योजना' के तहत न्तर्गत स्वास्थ्य और पैरामेडिकल स्टाफ मोबाइल स्वास्थ्य वैन के माध्यम से घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध करवाने का भी प्रावधान करने जा रहे हैं। इससे पहले बीएमओ नगरोटा रूबी भारद्वाज ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और सुशील धीमान ने आरकेएस के तहत 2024-25 के कार्यों का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में आरकेएस के तहत 92 लाख 72 हजार 103 रुपए का अनुमानित बजट रखा है।

### 80 लाख रुपए के विकास कार्यों के किए उद्घाटन

**आरएस** बाली हटवास पंचायत में बिजली के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया, जिस पर 21 लाख लाख रुपए की राशि खर्च की गई है। उन्होंने कहा बिजली के इस ट्रांसफार्मर के लगने से बिजली जाने की समस्या से निजात मिलेगी। यहां के लोगों की बिजली की यह समस्या कई वर्षों से चली आ रही थी। उन्होंने भदरेड़ और हल्दवाड़ी में 21 लाख 5 हजार रुपए की लागत से निर्मित पेयजल भंडारण टंकी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा पेयजल की टंकियों के बनने से लोगों को पानी की समस्या से निजात मिलेगी। आरएस बाली ने 27 लाख 10 हजार रुपए की लागत से तैयार 1 किलोमीटर दूरी की सड़क का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा इस सड़क के बन जाने से यहां के लोगों को आने-जाने में सहूलियत होगी। लोग अपने घरों तक अपने वाहन आसानी से ले जा सकेंगे।



पेयजल भंडारण टंकी का उद्घाटन करते विधायक आरएस बाली।

## आईमा में अंबेडकर भवन को अपने कब्जे में ले बाबा भीमराव समिति : प्रवीण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सम्मान में कई कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के शासनकाल में 2007 से 2012 के बीच प्रदेश के हर विधानसभा सभा क्षेत्र में अंबेडकर भवनों का निर्माण किया था, जिसके परिणामस्वरूप आज हर शहर व गांव में जो मैरिज पैलेस बने हैं, उनके एवज में इन अंबेडकर भवनों में नाम मात्र का शुल्क अदा करके विवाह, शादी, मुंडन, यज्ञोपवीत इत्यादि समारोहों का निरंतर आयोजन होता आ रहा है। उन्होंने कहा कि आईमा पंचायत जो वर्तमान में नगर निगम पालमपुर के वार्ड में परिवर्तित हो चुकी है। ऐसे में अब अंबेडकर भवन को नगर निगम पालमपुर ने अपने कब्जे में लेकर इसे अपनी संपत्ति घोषित कर दिया है। उन्होंने पालमपुर हल्के की बाबा भीमराव अंबेडकर समिति से कहा कि सरकार की सेवा में आवेदन कर इस भवन को अपने कब्जे में ले।

## न्यूज ब्रीफ

### अपर डाबर सड़क की सफलतापूर्वक पासिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई क्षेत्र के तहत उपतहसील कलबोग की ग्राम पंचायत क्यारवी के बघाल से भीवनी वाया बड़ेचकुफर अपर डाबर सड़क की प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक पासिंग की गई। जुब्बल-नावर-कोटखाई में वर्ष 2022 से अब तक रिकॉर्ड 120 सड़कों की सफलतापूर्वक पासिंग हो चुकी है। यहां के लोगों ने जानकारी दी है कि शिक्षा रोहित ठाकुर के अथक प्रयासों से सोमवार को कोटखाई तहसील के उबादेश क्षेत्र की ग्राम पंचायत क्यारवी की बघाल से भीवनी वाया बड़ेचकुफर अपर डाबर संपर्क सड़क की सफलता पूर्वक पासिंग की गई। ग्राम पंचायत क्यारवी के बघाल व डाबर की समस्त जनता व लाभार्थियों ने सड़क की सफलतापूर्वक पासिंग के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार जताया है।

### संजौली में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जंजघर संजौली में श्री राम कथामृत का आयोजन किया गया है। कथा से पूर्व हरिलाल एवं प्रेमलता के परिवार ने पूजन किया। इस दौरा संजौली में जय श्रीराम के जयकारे गूंजे। कथा वाचन करते हुए आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास साध्वी सुश्री सौम्या भारती ने प्रभु श्रीराम जन्म प्रसंग को भगवत प्रेमियों के आगे बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। साध्वी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हमें प्रेरणा देते हैं कि हम अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को धारण करें, जो नैतिक मूल्य मानव के व्यक्तित्व को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की मानिंद सुंदर बनाते हैं। लेकिन आज इस समाज का यह दुर्भाग्य है कि प्रभु श्री राम के भक्त होने पर भी हम अपनी सुंदर संस्कृति व संस्कारों को न अपनाकर पाश्चात्य संस्कृति के अनुसार अपनी जीवनशैली को अपनाते हैं। जिसके परिणाम स्वरूप आज बच्चे माता-पिता का सम्मान नहीं करते, वृद्ध आश्रमों की संख्या निरंतर बढ़ती चली जा रही है।

### पीड़ित परिवार को दी 10 हजार की मदद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** उपमंडल में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा में बाड़ी गांव निवासी प्रेमचंद मेहता के मकान को भारी क्षति पहुंची है। भारी तूफान के कारण उनका मकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। इस संकट की घड़ी में संजीवनी परिवार ने अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारी निभाते हुए उनकी 10 हजार रुपए से आर्थिक मदद की है। उल्लेखनीय है कि संजीवनी सहारा समिति एक सामाजिक संस्था है, जिसमें लगभग 300 सदस्य सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। संस्था के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने बताया कि समिति पिछले 13 वर्षों से लगातार जन सेवा के कार्यों में सक्रिय है और आगे भी हर संभव सहायता करती रहेगी। इस दौरान प्रेस सचिव रविंद्र शर्मा, अशोक मेहता, प्रेम झामटा सहित कई सदस्य मौजूद रहे। संस्था के इस मानवीय कार्य की क्षेत्रवासियों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

### नशे से होता है पूरे परिवार का नाशः एडीसी

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** नशा निवारण जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काज़ा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं तहसील कल्याण विभाग काज़ा द्वारा एक दिवसीय नशा निवारण कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। अतिरिक्त उपायुक्त काज़ा शिखा ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर शिखा ने कहा कि नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है जो न केवल व्यक्ति के मस्तिष्क, तन, मन और धन बल्कि पूरे परिवार का नाश करता है। उन्होंने कहा कि परिवार में परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा नशा करने से परिवार के सभी सदस्य परेशान होते हैं। नशा केवल शरीर को ही नहीं बल्कि व्यक्ति के भविष्य को भी खराब करता है। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यदि आप अपने आज को संभालेंगे तभी आपका भविष्य उज्जवल होगा। इस मौके पर रिसोर्स पर्सन आयुर्वेदिक विभाग काज़ा से डॉ. सचिन, पुलिस विभाग से हैड कांस्टेबल अमरदीप, क्षेत्रीय अस्पताल से विद्या सागर व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किब्बर से प्रवक्ता लोबज़ग ने भी नशे से होने वाले विभिन्न दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में पुलिस महिला आरक्षी उपस्थित बच्चों एवं लोगों को नशा निवारण पर शपथ भी दिलाई। इस मौके पर कार्यकारी प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काज़ा लोबज़ग ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

# जूट उत्पादों से ईको फ्रेंडली उत्पाद होंगे तैयार

## सीएलएफ खुशाला बना रहा जूट व चीड़ की पत्तियों से उत्पाद, बनार के पेड़ से तैयार रस्सी बनेगी मजबूत

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**ग्रामीण** अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में जिला शिमला में सरकार के प्रयासों को तीव्रता से धरातल पर उतारा जा रहा है। जिला के क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) खुशाला ने जूट से बने उत्पादों और चीड़ की पत्तियों के उत्पादों को तैयार करके अपने स्वरोजगार को सुनिश्चित करना शुरू कर दिया है। फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को उपायुक्त अनुपम कश्यप से उनके कार्यालय में भेंट की।

उपायुक्त ने फेडरेशन की ओर से तैयार किए जा रहे उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि इन उत्पादों में स्थानीय कच्चे माल का इस्तेमाल करें। ताकि ईको फ्रेंडली प्रणाली विकसित हो सके। उन्होंने सुझाव दिया कि बनार के पेड़ की रस्सी का इस्तेमाल जूट के बैग के हैंडल बनाने के लिए करना चाहिए। इस सुझाव को फेडरेशन ने स्वीकार करते हुए कहा कि अब सभी नए जूट के उत्पादों में बनार की रस्सी को इस्तेमाल किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि क्लस्टर लेवल फेडरेशन खुशाला बेहतर कार्य कर रही है और उनके स्थानीय उत्पादों को बाजारों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा। इसके अलावा उत्पादों की गुणवत्ता और पैकिंग बेहतरीन करने की दिशा में भी निर्देश दिए गए हैं ताकि अधिक से अधिक लोग इन उत्पादों को खरीद सके। इस दौरान एडीएम प्रोटोकॉल ज्योति राणा, क्लस्टर लेवल फेडरेशन खुशाला की प्रधान प्रेरणा, महासचिव विमला सहित कई मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



शिमला में उपायुक्त अनुपम कश्यप से मिलता फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल।

### लैपटॉप बैग सहित ये उत्पाद किए जा रहे हैं तैयार

**जूट** के माध्यम से लैपटॉप बैग, कांफ्रेंस बैग, फाईल फोल्डर, लंच बाक्स बैग आदि तैयार किया जा रहे हैं। इसके अलावा, चीड़ की पत्तियों से डेकोरेशन के उत्पाद, हॉटकेस, पेन स्टैंड, कोस्टर, प्लेसमेंट ट्रे, बॉस्कट, बाउल, मिनी चेस्ट और हैंगिंग लैंप आदि तैयार किए जा रहे है।

### विशेष प्रशिक्षण शिविर होंगे आयोजित

**जिला** प्रशासन जल्द ही इनके लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगा ताकि यह महिलाएं अत्याधुनिक मशीनों का उपयोग और मार्केटिंग तकनीकों को सीख सके।

### एक हजार महिलाएं फेडरेशन से जुड़ीं

**टुटू** विकास खंड के तहत क्लस्टर लेवल फेडरेशन खुशाला में अभी तक 1009 के करीब महिलाएं जुड़ीं हुईं। इसमें 110 स्वयं सहायता समूह हैं। महिलाएं स्थानीय उत्पादों को तैयार करके अपनी अजीविका कमा रही हैं। एनआरएलएम के मिशन एक्जीक्यूटिव कुशाल सिंह ने कहा कि क्लस्टर स्तर पर सभी समूह एक जूट होकर जूट और चीड़ की पत्तियों से उत्पाद तैयार कर रहे हैं। इन्हें बाजार मुहैया करवाने और अन्य चुनौतियों से निपटने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करवाई जा रही है।

### चियोग स्कूल की इशिता का खेलो इंडिया के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग की 12वीं कक्षा की छात्रा इशिता ने राष्ट्रीय स्तर की अंडर- 19 जूडो प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करके खेलो इंडिया में दस्तक दी है। इससे समूचे चियोग क्षेत्र में जश्न का माहौल है। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने बताया कि बीते दिनों इशिता ने महाराष्ट्र के पूणे में अंडर-19 जूडो प्रतियोगिता में हिमाचल की ओर से भाग लिया था, इसमें इशिता के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए इनका खेलो इंडिया के लिए चयन हुआ है। वर्तमान में इशिता बिहार के पटना में खेलो इंडिया योजना के तहत आयोजित जूडो प्रतियोगिता में भाग ले रही है। प्रधानाचार्य व एसएमसी के पदाधिकारियों ने इशिता को अपनी शुभकामनाएं दी है और इस उपलब्धि के लिए छात्रा के अभिभावकों को बधाई दी है। इशिता चियोग के डुमैहर गांव से ताल्लुक रखती है। इनके पिता कुलदीप सिंह एक प्रगतिशील किसान और माता सुष्मा ठाकुर सफल गृहिणी है।

## आरएसए की खेलकूद प्रतियोगिता समाज में लाएगी एक नई क्रांतिः मोहन लाल ब्राक्टा

**दशमी रावत, रोहड़ू**

**रोहड़ू** स्पोर्ट्स एसोसिएशन व मेला समिति रोहड़ू की ओर से इंडोर खेल मैदान रोहड़ू में पंचायत स्तरीय वॉलीबाल, कबड्डी व बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह के अवसर पर विधायक मोहन लाल ब्राक्टा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। वॉलीबाल में रोहड़ू, छौहारा व जुब्बल खंड की 30 टीमें और कबड्डी में 20 टीमें एवं बैडमिंटन में 30 टीमें महिला व पुरुष वर्ग की शामिल रही। आरएसए की ओर से 2017 से हर साल इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है जो अपने आप में एक ऐतिहासिक पहल है।

इस दौरान विधायक ने कहा कि आरएसए इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवा रही है जो निश्चित रूप से हमारे समाज में एक नई क्रांति लाएगी। विधायक ने आरएसए से निवेदन किया है कि वह इस तरह की प्रतियोगिता रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव में भी आयोजित करें। इस अवसर पर जिला परिषद शिमला उपाध्यक्ष सुरेंद्र रेटका, पूर्व कांग्रेस मंडल रोहड़ू अध्यक्ष करतार सिंह कुल्ला, कृषक सलाहकार समिति रोहड़ू के अध्यक्ष सोहन लाल चौहान, रविंद्र जोरटा, मीडिया प्रभारी हैप्पी वनित मेहता सहित आरएसए के सभी सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



विजेता टीम के साथ मुख्यातिथि विधायक मोहन लाल ब्राक्टा।

### वॉलीबाल में पुजारली नंबर चार की टीम बनी विजेता

**पंचायत** स्तरीय पुरुष वर्ग वॉलीबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बिजोरी व पुजारली नंबर चार के मध्य खेला गया। जिसमें पुजारली नंबर चार की टीम 2-0 से विजयी रही। पुजारली नंबर चार की ओर से अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी पंकज शर्मा व राष्ट्रीय खिलाड़ी अक्षय कपटा भी अपनी पंचायत की टीम से खेले। वहीं बिजोरी टीम के राष्ट्रीय खिलाड़ी अमित रांटा भी अपनी पंचायत की टीम से खेले। महिला वर्ग में कबड्डी का फाइनल मुकाबला छौहारा जोन व जुब्बल के मध्य खेला गया। इसमें छौहारा जोन की टीम विजयी रही। उल्लेखनीय है कि छौहारा जोन की टीम में राष्ट्रीय खिलाडी रेशमा गोग्लुवान ने आलरांउड खेल का प्रदर्शन कर अपनी टीम को विजयी बनाया।

### चौपाल में नशीले पदार्थों के साथ दो नेपाली युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला शिमला के चौपाल उपमंडल में पुलिस ने दो नेपाली युवकों के कब्जे से मादक पदार्थ 188.410 ग्राम पोपी स्ट्रॉ (भुकी) बरामद किया है। आरोपियों के विरुद्ध चौपाल थाने में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार चौपाल थाने के एएसआई सुखदेव सिंह अपनी टीम के साथ रविवार देर शाम चौपाल बाजार, रियूणी, खिड़की, चंबी आदि क्षेत्रों में गश्त पर थे। इस दौरान संदिग्ध गतिविधियों को देखकर दो युवकों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 188.410 ग्राम पोपी स्ट्रॉ/भुकी बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अजय कुमार पुत्र गोपाल सिंह निवासी गांव धारटीगांव, तहसील धारटीगांव, जिला रोल्पा, आंचल बेरी, नेपाल (वर्तमान में वार्ड नंबर 2, नगर पंचायत चौपाल) और सुरज पुत्र घनश्याम निवासी गांव छोटा धिमाली, तहसील धिमलाई, नेपाल (वर्तमान में वार्ड नंबर 2, नगर पंचायत चौपाल) के रूप में हुई है।

## पाक नागरिकों को वापस भेजने के लिए गंभीर नहीं प्रदेश सरकार : नंदा



ठियोग में प्रदर्शन में भाग लेते भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**केंद्र** सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ दस बड़े कदम उठाए। वहीं पर हिमाचल में कांग्रेस सरकार को एक कदम उठाने में तकलीफ हो रही है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने ठियोग में हुए प्रदर्शन में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा बेकसूरों की निर्मम हत्यों के दृष्टिगत केंद्र की मोदी सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ अनेक डिप्लोमैटिक कदम उठाए हैं, जिनमें से एक निर्णय यह है कि पाकिस्तानी नागरिक, जो भारत में अधिकृत अथवा अनाधिकृत रूप से रह रहे हैं, उन्हें तुरंत उनके देश वापस भेजा जाए।

इसी कड़ी में अनेक राज्यों में यह कार्य तीव्र गति से चल रहा है, परन्तु दुख का विषय यह है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार राज्य में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढने और उन्हें वापस भेजने के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। यह एक चिंता का विषय है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा और ठियोग विधानसभा क्षेत्र से विधायक पद के उम्मीदवार रहे अजय श्याम सहित दर्जनों अन्य पदाधिकारियों ने भी प्रदर्शन में भाग लिया।

### पहलगाम मसले पर प्रदर्शन कर ध्यान भटका रही भाजपा : संदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि पहलगाम मसले पर भाजपा ध्यान भटकाने का काम कर रही है। भाजपा ने अपना धरना-प्रदर्शन करके अपनी विफलताओं का परिचय दिया है। उन्होंने कहा जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार के समय आतंकवादी हमले होते हैं, तब भी भाजपा कांग्रेस को कोसती है और अब जब केंद्र में भाजपा की सरकार है, तब भी भाजपा अपनी विफलताओं को छिपाने के हिमाचल की कांग्रेस सरकार को कोस रही है, जबकि यह जानते हुए की विफलता केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय की है और विदेश मंत्रालय की है और सबसे बड़ी बात तो इंटेलिजेंस फेलियर है। भाजपा अपनी इस दोहरी राजनीति और रणनीति की वजह से जनता में एक्सपोज हो चुकी है। भाजपा पहलगाम मसले पर ध्यान भटकाने में लगी हुई है। संदीप कहा कि गृह मंत्रालय भारत सरकार ने सभी प्रांतों को पाकिस्तानी नागरिकों की सूची भेजी थी, उनमें से हिमाचल को पंद्रह नागरिकों की सूची भेजी थी।

# बिलासपुर के सरकारी स्कूलों में बनेंगे साइकोलॉजिकल क्लब

## बच्चों को मानसिक रूप से सशक्त और नशे से दूर रखने की अनूठी पहल

**शुभम राही, बिलासपुर**

**शिक्षा** के क्षेत्र में लगातार नवाचारों को बढ़ावा देने वाले बिलासपुर जिले ने एक बार फिर मिसाल कायम की है। जिले के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के मानसिक विकास और उन्हें नशे से दूर रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। शिक्षा विभाग बिलासपुर की ओर से सभी सरकारी स्कूलों में साइक्लोजिकल क्लब स्थापित किए जाएंगे। यह अपनी तरह का पहला प्रयास है, जिससे बिलासपुर प्रदेश का ऐसा पहला जिला बन गया है, जहां इस प्रकार की पहल शुरू की गई है।

साइक्लोजिकल क्लब में छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें रीडिंग सेशंस, इंडोर गेम्स, कक्षा में मानसिक परीक्षण (टेस्ट) और प्रेरणादायक चर्चाएं शामिल होंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों की एकाग्रता और सोचने की क्षमता को बढ़ाया जाएगा, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को भी विकसित किया जाएगा। हर सप्ताह जिन विद्यार्थियों का प्रदर्शन श्रेष्ठ रहेगा, उन्हें स्कूल प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा, सामाजिक दबाव और डिजिटल युग की चुनौतियों के बीच स्कूली छात्र-छात्राएं मानसिक तनाव का शिकार हो रहे हैं। कई बार यह तनाव आत्महत्या या नशे की ओर भी ले जाता है। उच्च शिक्षा उपनिदेशक रेणू कौशल ने बताया कि सभी स्कूल प्रधानाचार्यों को इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिए गए हैं, ताकि जल्द से जल्द क्लबों का गठन कर गतिविधियां आरंभ की जा सकें। हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे जीवन की चुनौतियों का डटकर सामना कर सकें। साइक्लोजिकल क्लब इसी दिशा में एक अहम पहल है। यह कदम न केवल जिले के बच्चों के लिए फायदेमंद सिद्ध होगा, बल्कि यह राज्य के अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन सकता है। यदि यह मॉडल सफल होता है, तो आने वाले समय में इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जा सकता है। वहीं, बिलासपुर शिक्षा विभाग की यह पहल न केवल एक शैक्षिक नवाचार है, बल्कि यह समाज को एक सकारात्मक दिशा में ले जाने वाला प्रयास भी है। बच्चों की मानसिक स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उठाया गया यह कदम आने वाले समय में उनके जीवन को संवारने में सहायक सिद्ध हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

**रीडिंग और मानसिक परीक्षण जैसी गतिविधियां होंगी शामिल**

**हर सप्ताह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र होंगे सम्मानित**






**बिलासपुर** जिले के सरकारी स्कूलों में साइक्लोजिकल क्लब स्थापित किए जा रहे हैं। इस संदर्भ में सभी प्रधानाचार्य को आदेश जारी कर दिए गए हैं। विभाग की ओर से विद्यार्थियों को मानसिक तौर पर मजबूत करने के इरादे को लेकर इस तरह की शुरुआत की है।

**-रेणू कौशल, उपनिदेशक, उच्च शिक्षा बिलासपुर।**

### प्रदेश सरकार कर रही युवाओं, महिलाओं के साथ धोखा : देशराज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** **भाजपा** किसान मोर्चा घुमावीं के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं, महिलाओं और श्रमिक वर्ग के साथ धोखा कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार गारंटियों के सहारे सत्ता में आई, लेकिन अभी तक अपनी गारंटियां पूरी नहीं की हैं। उन्होंने कहा कि ढाई साल बीत चुके हैं, लेकिन न तो बेरोजगारों को रोजगार मिला और न ही महिलाओं 1500 रुपए प्रतिमाह। बेरोजगार युवाओं को पहले से 1000 रुपए महीना भत्ता मिल रहा था, वह भी अब पिछले 6 माह से बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि जिले में बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत 1850 युवक-युवतियां पंजीकृत हैं, लेकिन ट्रेजरी से बिल पास न होने के चलते इन्हें पिछले आधे साल से कोई भुगतान नहीं हुआ। इससे साफ जाहिर है कि सरकार की प्राथमिकता में न तो युवाओं का भविष्य है, न ही उनकी समस्याएं। उन्होंने वहीं, भत्ते पर निर्भर कई युवा अब गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं।

### झंडूता में डीजे बंद करने पर मारपीट, युवक घायल

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता के वांडा गांव में रविवार रात को डीजे बंद करने को लेकर मारपीट हो गई, जिससे एक युवक घायल हुआ है। अक्षय कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी बडी बिलौर, झंडूता, को उपचार के लिए सीएचसी झंडूता लाया गया। अक्षय ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया कि रात करीब 10:30 बजे वह वांडा गांव में सतीश कुमार के घर लकी डीजे की शाई लगाने गया था। जब उसने समय अधिक होने के कारण डीजे बंद करने का फैसला किया, तो 3-4 युवकों ने उसे रोककर गाने चलाने की जिद की। अक्षय के मना करने पर मनीश कुमार उर्फ मोनी, निवासी वांडा ने कुर्सी उठाकर उसके सिर पर मार दी, जिससे उसे गंभीर चोट लगी। आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। कार्यवाहक थाना प्रभारी अश्विनी कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मोहित मिस्टर और माही बनी मिस फ्रेशर

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी।** डीएवी पब्लिक स्कूल श्री नयना देवी में नए छात्रों के स्वागत के लिए फ्रेशर डे का कार्यक्रम का आयोजन यिका गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉक्टर हरीश शर्मा ने की। प्राइमरी तथा प्री प्राइमरी की कक्षाओं के बच्चों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों ने कविता पाठ और मधुर गायन प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।वहीं, सातवीं कक्षा के मिस्टर फ्रेशर मोहित पुंडीर तथा मिस फ्रेशर माही कपूर को चुना गया। कार्यक्रम का समापन डीएवी गान गाकर किया गया।

### मंडी-भराड़ी मारपीट, एक व्यक्ति घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर सदर पुलिस थाना क्षेत्र के तहत मंडी-भराडी गांव में गत रात्रि मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए बिलासपुर एम्स मे भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में राजेदर सिंह निवासी बरोडू डाकघर आनंदपुर जिला रुपनगर पंजाब ने बताया कि वह फोरलेन निमार्ण कंपनी में बतौर मजदूर काम करता है और उन्हें मंडी भराडी में ठेकेदार की ओर से पडगल में उपलब्ध एक किराऐ के मकान में रहते हैं। गत दिवस वह काम करने के बाद अपने कमरे में आ गए। वहीं, अमित निवासी नोग कुडाणी, जिला बिलासपुर व शशी पाल, राकेश निवासी मरोतन तहसील झंडूता आए और शराब पीने लगे। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि अमित कुमार व शशी पाल ने उन्हें रोक दिया। अमित, शशी पाल ने कसाव के साथ मारपीट शुरू कर दी और टीन नुमा शैड पर गिरा गया। डीएसपी जिला मुख्यालय व पुलिस प्रवक्ता मदन धीमान ने पुष्टि की है।

**रोष** भाजपा ने बिलासपुर में किया रोष प्रदर्शन, एडीसी के माध्यम से सीएम और राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

# बिलासपुर में भाजपा का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**हिमाचल** से पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की मांग को लेकर भाजपा ने बिलासपुर मुख्यालय में प्रदर्शन किया। चंगर सेक्टर स्थित शहीद स्मारक पर भाजपा नेता और कार्यकर्ता भारी संख्या में इकट्ठे हुए। भाजपा नेताओं ने कहा कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार प्रदेश में पाकिस्तानी नागरिकों न तो चिह्नित कर रही है और न ही वापस भेजने के लिए कोई प्रयास कर रही है।

शहीद स्मारक से उपायुक्त कार्यालय तक रोष रैली भी निकाली गई। इसके बाद अतिरिक्त उपायुक्त के माध्यम से पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने की। मुख्य वक्ता के रूप में सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल रहे। झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल और पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग विशेष रूप से उपस्थित हुए। शहीद स्मारक पर पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पाकिस्तान और कांग्रेस सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए। त्रिलोक ने कहा कि पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों ने हिंदू पर्यटकों की निर्मम हत्या की गई, उसके तुरंत बाद भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को सात दिन वापस भेजने का निर्णय लिया। गृह मंत्री ने प्रदेश सरकारों को निर्देश दिए कि कोई पाकिस्तानी नागरिक वापस नहीं जाता है, तो उसकी पहचान कर जेल भेजा जाए। पूरे देश की सरकारों ने यह काम किया, लेकिन हिमाचल की कांग्रेस ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। यही नहीं सुक्खू सरकार के मंत्री जगत सिंह नेगी प्रेसवार्ता में एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाते हैं। कांग्रेस के उच्च नेतृत्व भी सेना से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगते हैं। इसी मानसिकता के कारण आज कांग्रेस पार्टी हाशिए पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुई घटना पर पूरा देश एकजुट है, लेकिन कांग्रेस कुछ नेता घटिया राजनीति कर रहे हैं। पहलगाम में हुई घटना का अंजाम पाकिस्तान को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह देश की सुरक्षा का विषय है, इसलिए इससे समझौता नहीं होना चाहिए। प्रदेश सरकार से मांग है कि पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजा जाए।



बिलासपुर में पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की मांग को लेकर रैली निकालते जिला भाजपा के पदाधिकारी।

**कांग्रेस के कुछ नेता कर रहे घटिया राजनीतिः त्रिलोक**

# घुमारवीं बस स्टैंड में नालियों पर लगे लोहे के जाले यात्रियों के लिए बने खतरा

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

**घुमारवीं** बस स्टैंड में नालियों पर लगाए गए लोहे के जाले अब यात्रियों के लिए खतरे का कारण बनते जा रहे हैं। बस स्टैंड परिसर के भीतर और वर्षा शालिका के पास स्थित नालियों पर लगे लोहे के जाले पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए लगाए गए ये जाले अब दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

दुकानदारों और यात्रियों का कहना है कि जैसे ही किसी व्यक्ति का पांव इन कमजोर जालों पर पड़ता है, ये तुरंत टूट जाते हैं। इसके चलते कई बार यात्री चोटिल हो चुके हैं। वर्षाशालिका के पास स्थित जालों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि किसी भी समय कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। वहीं, बस स्टैंड में लगे पानी के कूलर के नीचे लगे लोहे के जाले भी पूरी तरह से टूट चुके हैं। इनकी मरम्मत या इन्हें बदलने की दिशा में कोई प्रयास अब तक नहीं किया गया है। यात्रियों और दुकानदारों की ओर से कई बार शिकायतें करने के बावजूद संबंधित विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि पिछले कुछ समय में कई लोग इन टूटे जालों की वजह से घायल हो चुके हैं। हाल ही में बस स्टैंड के बाहर लगी नालियों के एक जर्जर जाले में एक महिला का पांव फंसने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने मांग की है कि बस स्टैंड प्रशासन तुरंत संज्ञान ले। (अनंत ज्ञान)



घुमारवीं बस अड्डे पर नालियों पर लगे टूटे हुए लोहे के जाले।

**सभी** टूटे हुए जालों को बदलने का प्रपोजल व एस्टीमेट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजा है। जैसे ही कोई प्रावधान होगा, तो इन जालों को बदल दिया जाएगा।

**जयपाल मन्हास, बस अड्डा प्रभारी, घुमारवीं।**

# आतंकवाद के खिलाफ गरजी भाजपा

## सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज, विधायक हंसराज सहित बीजेपी नेताओं ने चंबा में निकाली रोष रैली

**आरके सहगल, चंबा**

**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में हाल ही में हुए निर्दोष 26 नागरिकों की निर्मम हत्या के खिलाफ देशभर में जनाक्रोश उभर रहा है। इस नृशंस आतंकी हमले के विरोध में सोमवार को भाजपा ने चंबा जिला में रोष रैली का आयोजन किया, जिसमें पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए।

रैली की अगुवाई कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने की। उनके साथ मंच साझा किया डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर, चुराह के लोकप्रिय विधायक डॉ. हंसराज, भटियात के पूर्व विधायक बिक्रम सिंह जरियाल, और भाजपा चंबा जिला के अध्यक्ष धीरज नरयाल ने। इन सभी नेताओं ने आतंकवाद के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद करते हुए प्रदेश सरकार की कमजोर प्रतिक्रिया और केंद्र के निर्देशों की अनदेखी पर गंभीर चिंता जताई।

रैली उपायुक्त कार्यालय से प्रारंभ होकर चंबा के मुख्य चौक तक पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने आतंक के विरुद्ध नारे



चंबा में रोष रैली के बाद बीजेपी नेता उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल को ज्ञापन सौंपते हुए।

लगाकर आम जनता को भी जागरूक किया। रैली के बाद प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा, जिसमें आतंकवाद के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की मांग रखी गई।

सांसद डॉ.राजीव भारद्वाज ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि देशवासियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या न केवल मानवता के खिलाफ अपराध है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता को चुनौती देने वाला कृत्य है। केंद्र सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भारत में रह रहे विदेशी नागरिकों के वीजा की समीक्षा की जाए और यदि उनकी गतिविधियां संदिग्ध पाई जाए तो 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया जाए। अफसोस की बात है कि हिमाचल सरकार इन निर्देशों की गंभीरता को नहीं समझ पा रही है। विधायक डॉ. हंसराज ने कहा कि यह रैली किसी राजनीतिक मंचन का हिस्सा नहीं, बल्कि जनभावनाओं की अभिव्यक्ति है। विधायक डीएस ठाकुर ने दो टूक कहा कि अगर अब भी प्रदेश सरकार नहीं जागी, तो भाजपा जन-जागरण अभियान को गांव-गांव ले जाएगी।

पूर्व विधायक बिक्रम सिंह जरियाल ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध नीति में सख्ती जरूरी है। वहीं जिला अध्यक्ष धीरेज नारयणाल ने प्रदेश प्रशासन से अपील की कि वो सुरक्षा संबंधी मामलों में केंद्र सरकार से पूर्ण सहयोग करें।

राजनीतिक दृष्टिकोण से यह रैली न केवल एक सशक्त जनमत की अभिव्यक्ति थी, बल्कि यह भी संदेश था कि भारत अब आतंकी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा के नेताओं ने यह भी आग्रह किया कि सामाजिक समरसता को बनाये रखते हुए नागरिकों को सतर्क रहना चाहिए। इसके साथ ही सेना या सुरक्षा बलों की आवाजाही या उनकी लोकेशन से संबंधित जानकारी सोशल मीडिया पर साझा न की जाए। (अनंत ज्ञान)

# चुराह की वादियों में फिर लौटेगी पर्यटकों की रौनक

## बैरागढ़ से रानीकोट तक सड़क को खोलने का लिया निर्णय ऐतिहासिक

**हाशु शेख, तीसा**

**चुराह** की दिलकश वादियों और बर्फ से ढकी पहाड़ियों को निहारने की तमन्ना लिए पर्यटकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। प्रशासन ने चंबा-पांगी राष्ट्रीय मार्ग पर बैरागढ़ से रानीकोट तक की सड़क को पर्यटकों के लिए औपचारिक रूप से खोलने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह फैसला न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय व्यापारियों, होटलों और गाइड सेवाओं को भी नई रफ्तार देगा।

शनिवार को चुराह के व्यवसायियों ने उपायुक्त से इस संदर्भ में आग्रह किया था कि पर्यटकों को बैरागढ़ से आगे जाने की अनुमति दी जाए। उनकी इस मांग को गंभीरता से लेते हुए रविवार को उपायुक्त चंबा और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से मार्ग का जायजा लिया और रानीकोट तक मार्ग को पर्यटन के लिए खोलने का निर्णय लिया। गौरतलब है कि भारी बर्फबारी के कारण चंबा-पांगी मार्ग लंबे समय से बंद था, जिससे पर्यटकों को सचे जोत और उससे आगे के प्राकृतिक सौंदर्य से वंचित रहना पड़ रहा था। लेकिन अब स्थिति बदल गई है।

इस फैसले से पहले कार्यकारी एसडीएम आशीष ठाकुर, थाना प्रभारी अशोक कुमार और प्रशासनिक टीम ने रानीकोट तक सड़क की व्यवस्थित जांच की। रिपोर्ट के अनुसार मार्ग अब पर्यटकों के लिए पूरी तरह सुरक्षित है और विशेष सुरक्षा इंतजाम भी किए जाएंगे ताकि यात्रा सहज, रोमांचक और सुरक्षित हो। (अनंत ज्ञान)



### सुरक्षा व्यवस्था को किया जाएगा मजबूत

**प्रशासन** ने यह भी स्पष्ट किया है कि पुलिस बल द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरे मार्ग पर रैपिड रिस्पॉन्स सिस्टम सक्रिय रहेगा।

# प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे अधिकारों की रोशनी तभी बनेगा समावेशी भारत: सुरजीत भरमौरी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**भारत** में सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे जातीय जनगणना के समर्थन में सोमवार को चंबा सर्किट हाउस में एक उल्लेखनीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता एचआरटीसी निदेशक एवं हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष सुरजीत भरमौरी ने की। उनके साथ मंच पर त्रिलोक कुमार (पूर्व जिलाध्यक्ष, अनुसूचित जाति विभाग, चंबा), दिनेश शाह (पूर्व उपाध्यक्ष, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन), अशोक कुमार (उपाध्यक्ष, युवा कांग्रेस मेहला), बिट्टू शर्मा (उपाध्यक्ष, युवा कांग्रेस), भूपिंदर राजू (ब्लॉक अध्यक्ष, सेवा दल चंबा), शिवकरण (पूर्व अध्यक्ष, आंबेडकर सोसायटी चंबा) सहित कई सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक की शुरुआत में सुरजीत भरमौरी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए शहीदों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दो टूक कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है।



बैठक की अध्यक्षता करते एचआरटीसी निदेशक एवं प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष सुरजीत भरमौरी।

इसके बाद बैठक का फोकस जातीय जनगणना के महत्व पर गया। सुरजीत भरमौरी ने कहा कि देश में यदि हर तबके को उसके हक और योजनाओं का लाभ दिलाना है, तो हमें पहले उसकी सटीक सामाजिक स्थिति जाननी होगी। आज हमारे पास अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामान्य वर्ग के आंकड़े उपलब्ध हैं, मगर अन्य पिछड़ा वर्ग के आंकड़े अधूरे या पूरी तरह ग़ैर-मौजूद हैं। जब तक यह तस्वीर साफ़ नहीं होगी, तब तक योजनाएं भी अधूरी रहेंगी और कई वर्ग वंचित बने रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जातीय जनगणना केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक बराबरी और हकदारी की बुनियाद है। यह आंकड़े सरकार को यह जानने में मदद करेंगे कि कौन-सा वर्ग कितनी संख्या में है, और उसे किन योजनाओं से लाभ मिलना चाहिए। 2011 में आखिरी बार सामाजिक-आर्थिक और जातीय जनगणना करवाई गई थी, लेकिन जातीय आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं किया गया।

# शिक्षकों पर दर्ज एफआईआर लें वापस : संघ

## राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला चंबा ने प्रेसवार्ता कर उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राजकीय** प्राथमिक शिक्षक संघ, जिला चंबा ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता आयोजित कर प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग को संवेदनशील चेतावनी दी। संघ ने न सिर्फ अपनी मांगों को दोहराया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि यदि शिक्षकों की उपेक्षा और दमन का क्रम नहीं रुका, तो यह आंदोलन हिमाचल में एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप ले सकता है। इस प्रेसवार्ता की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पुनीत निराला ने की, जिनके साथ जिला महासचिव देव राज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इम्तियाज़ खान, तथा विभिन्न खंडों के अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

संघ ने सरकार से सवाल किया कि क्या किसी राज्य की रीढ़ समझे जाने वाले शिक्षकों के साथ इस तरह का व्यवहार तर्कसंगत है? संगठन ने कहा कि हमारी मांगें नई नहीं हैं। पिछले डेढ़ वर्षों में शिक्षा सचिव और शिक्षा मंत्री से कई दौर की वार्ताएं हो चुकी हैं, जिसमें वादे तो मिले, लेकिन ज़मीनी स्तर पर आज भी कोई हल नहीं मिला।

वर्तमान में शिक्षक संघ निदेशालय शिमला के बाहर क्रमिक अनशन पर बैठा है, और यह अनशन तब तक जारी रहेगा जब तक कि निलंबित शिक्षकों को तत्काल बहाल नहीं किया जाता। इसके अलावा दर्ज एफआईआर को वापस नहीं लिया जाता। मांग पत्रों पर गंभीर और समयबद्ध वार्ता नहीं की जाती। संघ ने ये भी संकेत दिया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आगामी दिनों में शिमला में एक ऐतिहासिक प्रदर्शन होगा, जिसमें 20,000 से अधिक शिक्षक भाग लेंगे। प्रेसवार्ता के अंत में संघ ने बेहद द्रढ़ लेकिन संतुलित लहजे में सरकार से अपील की है कि हम कोई राजनीति नहीं कर रहे, यह आंदोलन न पद की भूख है, न सत्ता की लड़ाई। यह शिक्षक के आत्मसम्मान, भविष्य की पीढ़ियों और शिक्षाव्यवस्था की गरिमा को बचाने की एक ईमानदार कोशिश है। सरकार संवाद करे, न कि दबाव डाले।



राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्य प्रेसवार्ता करते हुए।

# देश की सुरक्षा के साथ स्वीकार नहीं होगा कोई समझौता : राकेश जम्वाल




सुंदरनगर में विधायक राकेश जम्वाल सहित कई लोग विरोध-प्रदर्शन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**सुंदरनगर** में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर निकालने की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता राकेश जम्वाल के साथ-साथ विधायक दिलीप ठाकुर, जिलाध्यक्ष हीरालाल, रजत ठाकुर ने भी जनसभा को संबोधित किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री ओम प्रकाश, नगरपरिषद अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा और जिला, मंडल के पदाधिकारी व भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि देश की सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी नागरिक हिमाचल में रह रहे हैं और उनकी संलिप्तता संदिग्ध गतिविधियों से जोड़ी जा रही है, जो न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। राकेश जम्वाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि देश में रह रहे पाक नागरिकों की शीघ्र पहचान कर उन्हें निष्कासित किया जाए, परंतु कांग्रेस सरकार इस गंभीर मुद्दे पर पूरी तरह मौन है। यह आंखें मूंदे बैठना देश की शांति और अखंडता के लिए खतरा बनता जा रहा है।

# प्रशिक्षुओं को अनुशासित जीवन शैली के बारे में दिए टिप्स



अंतर्निर्माण में पांच दिवसीय अनुशासित जीवन शैली प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रशिक्षु।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**अंतर्निर्माण** परिसर में 'अनुशासित जीवन शैली (सहित माइंड स्पा) बेहतर स्वास्थ्य और प्रबंधन' के विषय पर आधारित 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हुआ। इसमें उत्तराखंड जल विद्युत निगम उत्तराखंड की ओर से 46 नए कनिष्ठ अभियंता प्रशिक्षु अंतर्निर्माण में आए हुए थे। इसमें प्रशिक्षुओं को अनुशासित जीवन शैली जीने के बारे में बताया गया। जिससे भारतवर्ष के ऋषियों, संतों की तरह वह सब भी बिना दवाइयों के दीर्घायु तक स्वस्थ भी रहें व अपने संगठन के लिए उत्कृष्ट के साथ कार्य भी कर पाएं। इसके अलावा आसन, प्राणायाम, ध्यान, आयुर्वेदिक पद्धति, जीवन शैली रोग और स्वास्थ्य, शरीर की आंतरिक संरचना, आर्युश्वसन, शरीर, मन-सद्भाव और खुशी, नाड़ी शोधन, प्रतिरक्षण क्षमता में वृद्धि, एक्यूप्रेशर, इंटरैक्टिव कार्यशाला आदि विषयों पर ट्रस्ट के मुख्य समन्वयक एसके डोडेजा, राजेंद्र सिंह, पूर्व कार्यकारी निदेशक यूजेवीएनएल, डॉ मीनाक्षी ओबेरॉय, और अन्य समन्वयक रणवीर सिंह, पुनम, काजल व राहुल ने जानकारियां दी।

# सराज की बागाचनोगी पाठशाला में महज एक ही प्रवक्ता: एसएमसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सराज विधानसभा क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बागा चनोगी थाच में इस समय महज एक ही प्रवक्ता जीव विज्ञान का रह गया है और पाठशाला में इस कारण से पढ़ाई पूरी तरह से ठप होकर रह गई है।

स्कूल प्रबंधन समिति ने सोमवार को इसे लेकर उपायुक्त मंडी के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को भेजा। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान श्याम सिंह की अगुवाई में दिए गए इस ज्ञापन में बताया गया कि इस समय पाठशाला में गणित, रसायन एवं भौतिकी विज्ञान के प्रवक्ताओं के पद रिक्त चल रहे हैं। पिछले चार सालों से यही हाल है। यह पाठशाला बेहद दुर्गम व दूरस्थ क्षेत्र की है। यह पाठशाला निकटवर्ती उच्च व माध्यमिक पाठशालाओं की संगठन पाठशाला भी है तथा संकुल स्तरीय पाठशाला भी है। प्रवक्ता ने होने से परेशान अभिभावकों को अपने बच्चे 40 से 60 किलोमीटर दूरी पर स्थित पाठशालाओं में भेजने पड़ रहे हैं। यहां पर पंजीकृत बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। स्कूल प्रबंधन समिति ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि बच्चों के भविष्य को देखते हुए बागा चनोगी थाच पाठशाला में प्रवक्ताओं के खाली पदों को भरा जाए ताकि क्षेत्र के बच्चों का जो नुकसान पढ़ाई का हो रहा है वह न हो।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कसान, विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी हि.प्र.**

ग्राम पंचायत कसान विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित्त वर्ष 2025-26 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 20.05.2025 को 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी व दिनांक 21.05.2024 को अपराहन 12 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।
1. रेत (KANSA QUERRY)- Per cubic meter, 2. रेत (CRUSHER) -Per cubic meter, 3. बजरी (20MM KANSA QUERRY) - Per cubic meter, 4. बजरी (10, 20, 40 MM CRUSHER)- Per cubic meter, 5. सोलिंग/बोल्डर पत्थर- Per cubic meter, 6.पत्थर (CUT STONE) Per cubic meter, 7. ईट -Per brick/per thousand, 8. जेसीबी कार्य ढुलाई व ब्रेकर -Per hour , 9. सेटरिंग लकड़ी, स्टील इत्यादि -Per sqm, 10. सीमेंट किराया HPS CSC Depot Per Bags
**शर्तें:** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं। 3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता की व विभाग से हस्ताक्षरित एम-फार्म जमा करवाने होंगे। 4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. निविदादाता प्रति सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाड़ी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी। 8. निविदाता को 20000/-रू धरोहर राशि साथ में जमा करवानी होगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत कसान विकास खंड सदर मंडी**

**सूडोकु नवताल- 7422** (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल - 7421 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

अनंत Classifieds

### बेदखली सूचना

**मैं चरण दास** आयु 53 साल पुत्र श्री मंगत राम वासी ग्राम डडोली, डाकघर गदराणा, तहसील इन्दौरा, जिला कांगडा, हि.प्र. शपथ पत्र द्वारा यह घोषणा करता हूं कि मेरी बेटी प्रीति देवी मेरे कहने सुनने से बाहर है अत: मैं अपनी बेटी प्रीति देवी को अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

### नाम परिवर्तन

**मैं, किरन (26)** पत्नी पंकज कुमार निवासी गांव छलखी, डाकघर दियारगी तहसील बल्ह, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे का असली और सही नाम अधर्व के बजाए अथर्व है। सभी संबंधित नोट करें।

### नाम परिवर्तन

**मैं कमला** पत्नी नानक चंद निवासी गांव पाली, डाकघर चुनाहन, तहसील बल्ह, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि मेरा वास्तविक और सही नाम सरला देवी और सही जन्म तिथि 01-07-1970 है। सभी संबंधित नोट करें।

### सूचना

**मैं नानक चंद** (64) पुत्र हीरू निवासी गांव पाली, डाकघर चुनाहन तहसील बल्ह, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरी जन्मतिथि 1965 गलत दर्ज की गई है। मेरी वास्तविक और सही जन्म तिथि 01-07-1960 है। सभी संबंधित नोट करें।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

मंगलवार, 6 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** नवमी (08:41): **नक्षत्र** मघा (03:52), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** ध्रुव (00:29) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:51-12:44) **राहुकाल** (03:38-05:18)।

**विशेष दिन**

- 06 मई : संत भूराभगत जयंती आज।
- 06 मई : विश्व एथलेटिक्स दिवस कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** अनजान लोगों से संबंध स्थापित होंगे। जीवनशैली में परिवर्तन से लोग अचंभित होंगे। आय के नए स्रोत सामने आएंगे। अपने भविष्य के प्रति भय रहेगा।

**वृषभ:** अपनी समझदारी से रुके कार्य पूरे करेंगे। यश प्राप्ति के योग हैं। व्यावसायिक कार्यप्रणाली सुधरेगी। नई योजना बनेगी। निवेश शुभ रहेगा। कुसंगति से हानि होगी।

**मिथुन:** कई दिनों से रुके कार्य पूरे होंगे। अपने व्यवहार को नम्र रखें। पिता की चिंता रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। सामाजिक कार्य में रुचि रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी।

**कर्क:** अपने वाक्य चातुर्य से कार्यस्थल पर सभी का मन जीत लेंगे। जीवनसाथी की चिंता रहेगी। निवेश में हानि संभव है। दिल को ठेस पहुंच सकती है, धैर्य रखें।

**सिंह:** अपमानित होने से बेहतर है कि अपनी आदत सुधारें। व्यवसाय में लाभ हो सकता है। प्रेम-प्रसंग में सावधानी रखें, अन्यथा स्थिति बिगड़ सकती है। राजकीय सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** व्यवसाय में प्रयास सफल रहेंगे, उत्साह वृद्धि होगी। सुख के साधन मिलेंगे। शत्रु परास्त होंगे। पीड़ा रहेगी। यात्रा सुखद रहेगी। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

**तुला:** किसी के बारे में ज्यादा सोचना ठीक नहीं है। जल्दबाजी न करें, काम बिगड़ सकते हैं। अस्वस्थता रह सकती है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा। चोरी आदि से बचें।

**वृश्चिक:** क्रोध की अधिकता से बने काम बिगड़ जाएंगे। राजकोप का सामना करना पड़ सकता है। अस्वस्थता रहेगी। भय का वातावरण बनेगा। यात्रादि से लाभ होगा।

**धनु:** कारोबार में उन्नति के अवसर मिलेंगे। सब को साथ में लेकर चलें। आर्थिक संकट संभव है। अचानक बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**मकर:** संतान के किए कार्य मन को सुख देंगे। गृहस्थ से सुख मिलेगा, प्रसन्नता रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। परिश्रम अधिक होगा। आजीविका के कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** भूमि-भवन से संबंधित निवेश कर सकते हैं। राजकार्य से जुड़े जातकों के लिए समय अनुकूल चल रहा है। अपने कार्यस्थल पर सहकर्मियों से विवाद संभव है।

**मीन:** सुख-सुविधा के सामानों पर खर्च होगा। पत्नी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। जिद न करें, परिजनों की बात मानें लाभ होगा। घर की साफ-सफाई करने में समय बीतेगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत देई का नौण**
विकास खण्ड हमीरपुर जिला हमीरपुर (हि0प्र0)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत मे वित्तीय वर्ष 2025-26 (21-05-2025 से 31-03-2026 तक) में निर्माण कार्यों पर निर्माण सामग्री (रेत, बजरी व अन्य) की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमन्त्रित करने बारे। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खंड कार्यालय हमीरपुर के अधीन पड़ने वाली ग्राम पंचायत देई का नौण में विभागीय कार्यों हेतु वर्ष 2025-26 हेतु पंजीकृत सप्लायर / ठेकेदारों से निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर उस क्षेत्र में प्रचलित सामग्री दरों पर करने [illegible]

**कार्यालय ग्राम पंचायत देई का नौण**
विकास खण्ड हमीरपुर जिला हमीरपुर (हि0प्र0)

## QUOTATION

**Gram Panchayat Gadiara**
**Block Baijanth, District Kangra H.P.**

The sealed quotations are hereby invited for Financial Year 2025-26 to supply the following materials/items in the office of Gram Panchayat Gadiara of Development Block Baijanth, District Kangra H.P.

| Sr. No. | Particular | Unit | Rate | |
|---|---|---|---|---|
| | | | In Figures | In Words |
| 1 | Crushed Sand | Cft. | | |
| 2 | Local Sand | Cft | | |
| 3 | Crushed Aggregate 10mm, 20mm | Cft. | | |
| 4 | Crushed Aggregate 40mm | Cft. | | |
| 5 | Brick 1st class | Number | | |
| 6 | Brick 2nd class | Number | | |
| 7 | Soling Stone | Cum | | |
| 8 | cut stone (6 inch) | no. | | |
| 9 | Cut Stone (8 inch) | No. | | |
| 10 | Cutting/Excavation by JCB Machine (Hydraulic excavator) | Hour | | |
| 11 | Hire charges of Steel Shuttering | Sqm | | |
| 12 | Hire Charge of wooden Shuttering | Sqm | | |
| 13 | Interlocking Concrete paver 40mm (ISI) | Sqm | | |
| 14 | Interlocking Concrete paver 80mm (ISI) | Sqm | | |
| 15 | Cement Carriage & Loading, Unloading from civil supply to Panchayat | per unit | | |
| 16 | Aggrigate 60mm | Cft | | |
| 17 | Aggrigate 90mm | cft | | |
| 18 | Interlocking Concrete paver 60mm (ISI) | Sqm | | |
| 19 | Carriage of material from road side to work side by mules | Cft | | |
| 20 | Sing Board with writing | No. | | |

The interested firms/contractors are requested to submit their sealed quotations for supply of above mentioned materials/items through registered post or in person on a before 10 April, 2025 up to 03:00PM in the office of concerned Gram Panchayats. The quotations will be open on dated 11 April, 2025 at 12:00 PM in the presence of participants or their representatives before purchase committee of concerned Gram Panchayat.

**Terms and Conditions:- 1.**Conditional quotation will not be accepted. **2.** The firm/Vendor must have GST Number. **3.** Rates quoted should include GST and all other charges. **4.** 100 % payment will be made through PFMS and RTGS to firms/Contractors. **5.** The rates should be F.O.R. nearest to the work site of concerned Gram Panchayat. **6.** Firms/ Vendor are required to quote their rates clearly in words and figures. **7.** Rates from contractors/Firms should be received in Performa issued by concerned GP. **8.** Firms/Vendor who are applying as a vendor will have to Pledge the Fixed Deposit of Rs.25000/- (Twenty five Thousands only) as security money in the respective gram Panchayat and those vendor whose quotation accepted, whose security money will be kept as a earnest money and those vendor whose quotation rejected their security money will be re-funded. If Firms/vendor whose quotation approved fails to fulfill the terms and conditions of the agreement, his agreement would be liable to be cancelled and his security money stand forfeited. **9.** Firm/Vendor will have to deposit Rs.1000/-(Rs. One Thousands only) towards the stationary expenses who are applying for vendor and this amount is non refundable. **10.** The quotations which do not follow terms and conditions will be rejected. **11.** All quotations should be submitted in the office of concerned Gram Panchayat. **12.** As per Panchayat Raj Act Rule 1997 under section 137 of Himachal Pardesh no office bearer of Panchayat (Paradhan, Up-Pardhans, Ward Members or any other Person in his/her blood relation cannot be vendor in same Gram Panchayat.

**Gram Panchayat Gadiara**

> **सही** शिक्षा से ही समाज की बेहतर व्यवस्था का निर्माण किया जा सकता है।
> –पंडित मोतीलाल नेहरू

## संपादकीय

# पर्यावरणीय जोखिम

**मु**ख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कैबिनेट ने छोटा शिमला में 14 और 17 मंजिल ऊंची बिल्डिंग बनाने को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन कमर्शियल कॉम्पलैक्स का निर्माण हिमुडा करेगा। बेशक यह कमर्शियल लिहाज से फैसला सही प्रतीत होता है, लेकिन अगर राजधानी शिमला की भौगोलिक परिस्थिति को देंखे तो इससे आने वाले समय में खासकर भूकंप के तगड़े झटके से बहुत ज्यादा नुकसान हो सकता है। कई जिंदगियां मौत के आगोश में समा सकती हैं। हालांकि, इस निर्णय का उद्देश्य शिमला के विकास को गति देना और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है, लेकिन दूसरी ओर यह कदम शिमला के पर्यावरणीय और भूकंपीय जोखिमों को नजरअंदाज करता प्रतीत होता है, जो भविष्य में गंभीर संकट का कारण बन सकता है। निश्चित रूप से विपक्षी भाजपा सरकार के इस निर्णय का पुरजोर विरोध करेगी। भाजपा वैसे भी सरकार को किसी भी मोर्चे पर घेरने का अवसर नहीं चूकती। ऐसे में भाजपा के हाथ बैठे-बिठाए एक और बड़ा मुद्दा हाथ लग गया है, जिसका आने वाले समय में भारी विरोध हो सकता है। भाजपा सड़कों पर भी उतर सकती है। शिमला शहर हिमालय की पर्वत श्रृंखला में स्थित है, जो भूकंपीय दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील है।

यह क्षेत्र भूकंपीय जोन चार और पांच में आता है, जो उच्चतम भूकंपीय जोखिम वाले क्षेत्र माने जाते हैं। शिमला में 186 इमारतें ऐसी हैं, जो पांच मंजिलों से अधिक ऊंची हैं, जबकि यह क्षेत्र भूकंपीय दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील है। इसके अतिरिक्त, शिमला में 65 प्रतिशत इमारतें उच्च भूकंपीय जोखिम वाली पाई गई हैं, जिनमें से अधिकांश ने निर्माण मानकों का पालन नहीं किया है। शिमला में बढ़ते निर्माण कार्यों के कारण वनस्पति क्षेत्र में कमी, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और भू-स्खलन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। विशेषज्ञ तर्क देते हैं कि शिमला में 20,000 से अधिक लोग भूकंपीय आपदा के जोखिम में हैं। यदि शिमला में ऊंची इमारतों का निर्माण जारी रहता है, तो यह भूकंपीय आपदा के समय में गंभीर संकट का कारण बन सकता है। इमारतों का निकटता, अपर्याप्त निर्माण मानक और आपातकालीन सेवाओं की पहुंच में कठिनाई जैसे कारक आपदा के प्रभाव को बढ़ा सकते हैं। शिमला की भौगोलिक और भूकंपीय स्थिति को देखते हुए 14 और 17 मंजिला इमारतों का निर्माण एक अत्यधिक जोखिमपूर्ण निर्णय प्रतीत होता है।

इससे न केवल पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित होगा, बल्कि भविष्य में भूकंपीय आपदाओं के समय में जनहानि और संपत्ति की हानि भी हो सकती है। ऊंची इमारतों के कई नुकसान होते हैं, विशेषकर जब उन्हें असुरक्षित, भू-संवेदनशील या भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में बनाया जाता है। शिमला जैसे पर्वतीय और भूकंपीय क्षेत्र में इनका प्रभाव और भी गंभीर हो सकता है। ऊंची इमारतें भूकंप की तीव्रता को अधिक महसूस करती हैं। यदि निर्माण में भूकंपीय कोड का पालन नहीं किया गया, तो यह जानलेवा साबित हो सकता है। भू-स्खलन और भूमि कटाव भी बढ़ जाता है। पहाड़ी इलाकों में ऊंची इमारतों के लिए की जाने वाली खुदाई और कटाई से जमीन कमजोर हो जाती है। इससे भू-स्खलन की घटनाएं बढ़ सकती हैं। ज्यादा मंजिलों का मतलब है ज्यादा आबादी और जल की मांग। इससे पहले से ही सीमित जल स्रोत और अधिक दबाव में आ जाते हैं। आग, भूकंप या अन्य आपदाओं में ऊंची इमारतों से लोगों को सुरक्षित निकालना कठिन होता है, खासकर जब शिमला जैसे इलाके में सड़कें संकरी और घुमावदार हों। हरे-भरे क्षेत्रों की कटाई, जैव विविधता का नुकसान और तापमान में वृद्धि होती है। हिल स्टेशन का नैसर्गिक सौंदर्य और पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित होता है। ज्यादा लोगों का एक जगह एकत्रित होना ट्रैफिक, पार्किंग संकट और जनसुविधाओं पर भार को बढ़ाता है।

हाईराइज बिल्डिंग्स अक्सर अमीर वर्ग के लिए होती हैं, जिससे सामाजिक असंतुलन और शहरी विभाजन बढ़ता है। ऊंची इमारतें यदि अत्यधिक सोच-विचार और सही स्थान के बिना बनाई जाएं, तो वे सुरक्षा, पर्यावरण और सामाजिक ढांचे तीनों के लिए खतरा बन सकती हैं। सरकार को इस निर्णय की पुन: समीक्षा करनी चाहिए और शिमला के विकास को सुरक्षित और सतत बनाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। शिमला में ऊंची इमारतों के निर्माण पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए और नई बहुमंजिला इमारतें नहीं बनानी चाहिए। वर्तमान इमारतों की भूकंपीय सुरक्षा की जांच की जानी चाहिए और आवश्यकतानुसार उनका पुनर्निर्माण या मरम्मत की जाए। शिमला के पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने के लिए सख्त नियम और नीतियां बनाई जानी चाहिए। भूकंपीय आपदा के लिए आपातकालीन सेवाओं की तैयारी और पहुंच को बेहतर बनाया जाए। शिमला के सतत और सुरक्षित विकास के लिए सरकार को समग्र दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है, इसी में सबकी भलाई है। ■

# सेवानिवृत्ति के बाद आदमी शून्य क्यों हो जाता है ?



**जिं**दगी के वे पल बेहद दुखद होते हैं जब किसी व्यक्ति को सेवानिवृत्ति के बाद अपने साथियों, समाज, कार्यालय या संस्थान द्वारा वह मान-सम्मान नहीं मिलता जो कभी उसको वहां कार्य करते समय मिलता था। सोचने की बात यह है कि वर्तमान समय में प्रेम प्यार का स्थान रूखेपन ने क्यों ले लिया है? संभवत: भौतिकतावाद हम सब पर भारी है। आजकल देखने में कोई भी प्रसन्नचित नहीं दिखता। बस इंसान ने झूठ का एक मुखौटा सा पहन रखा है। देखिए जो खुद खुश नहीं वो कैसे किसी को खुश देख सकता है? ईर्ष्या से भरा है बहुत से इंसानों का दिल। बहुत से लोग भीतर से कुछ और बाहर से कुछ और होते हैं। निस्संदेह प्राचीन समय अपेक्षाकृत बढ़िया था तब लोगों में प्रेम-प्यार एवं भातृत्व की भावना प्रबल थी। अफसोस! आजकल परस्पर सौहार्दपूर्ण संबंध की भावना न मात्र ही है। लोग स्वार्थी बनते जा रहे हैं। संभवत: इसीलिए रिश्ते-नाते , मित्रता और परस्पर सांझ प्राय: समाप्ति की ओर है। जब किसी की भावनाओं को कुचल दिया जाता है तब दिल को बेहद ठेस पहुंचती है। गौरतलब है कि वह विशेष कार्यालय या संस्थान जहां किसी इंसान ने 30-35 वर्ष अपनी पूरी तनदेही से काम किया होता है वहां सेवानिवृत्ति के बाद काम पड़ने पर अगर उसे वो पहले वाला मान-सम्मान न मिले यानी उसका स्वागत गर्मजोशी से न हो तो उसके मन पर जो ठेस से लगती है, बस वही जानता है। उसको उसी कार्यालय में अपने काम के लिए लाइन में लगना पड़ा तो वह व्यथित हो जाता है।



लेखक: वीरेंद्र शर्मा
सेवानिवृत्त लेक्चरर ऊना (हि. प्र.)

यहां रह बात भी जिक्र योग्य है कि सब जगह सभी को ऐसी परिस्थितियों में से होकर गुजरना पड़े तो यह भी कोई जरूरी नहीं। हां , ठीक इसके विपरीत किसी को अपनी पेंशन लेते पंक्ति में खड़ा होना पड़े तो इससे बड़ी त्रासदी और क्या हो सकती है? प्रस्तुत लेख के लेखक ने खुद अपनी आंखों से किसी के साथ ऐसे होते देखा है। उसी दफ्तर की दीवारें भी उसे अजनबी प्रतीत होती हैं। जिस कुर्सी पर वह काफी वर्ष बैठता रहा, वही कुर्सी उसे पराई लगती है।

उसके साथ काम करने वाले साथी अब उसे बैठने के लिए भी नहीं कहते। उस समय उसके मनोभावों को भला कौन समझ सकता है? ऐसे रूखे व्यवहार का रूझान दिन-प्रतिदिन आखिर क्यों बढ़ता जा रहा है? सब प्राणी अब अपने आप में ही मस्त रहने लगे हैं। कोई किसी की परवाह नहीं करता। काम की व्यस्तता, समयाभाव या सिर्फधन प्राप्ति की अंधाधुंध दौड़ में ही हम सब पिस रहे हैं। ऐसे में क्या सेवानिवृत्त इंसान का ही समूचा दोष है अथवा मौजूदा नवीन युग/ व्यवस्था की कोई खामी है। यह मामला बेहद संवेदनशील है। कितनी दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि सेवानिवृत्त कर्मचारी के साथ सेवानिवृत्ति वाले दिन बहुत लंबे-चौड़े वायदे किए जाते हैं और फिर उसके बाद तुम कौन और मैं कौन? जब कभी उसे किसी काम हेतु दफ्तर इत्यादि में आना पड़े तो सर्वप्रथम उसे कुर्सी देनी बनती है और साथ ही चाय -पानी भी पूछा जाना चाहिए। हो सके तो उसके परिवार का हालचाल पूछ लिया जाए। काम करना न करना वो तो बाद की बात है। कहीं-कहीं शायद रिश्वतखोरी ने भी ऐसी गंभीर परिस्थितियां उत्पन्न कर दीं हैं। सच्चाई तो यह है कि रिटायमेंट आदमी की दफ्तर के बाद घर में भी कदर कम होने लगती है। घर में पारिवारिक मामलों में उससे कोई भी सलाह नहीं ली जाती। आर्थिक, सामाजिक व घरेलू मामले में भी उसे शून्य सा गिना जाता है। उसकी पेंशन ही घर के सदस्य को अच्छी लगती है। एक बात हमें भली-भांति समझ लेनी चाहिए कि उसकी दी गई सलाह किसी भी विपरीत परिस्थितिजन्य हालतों से हमें बेहद आसानी से बाहर निकाल सकती है। दीगर बात है कि यदि कार्यालय/ घर में वह समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा था तो अब भी वह इसी समाज का अभिन्न हिस्सा है। कार्यवश अपने दफ्तर में आने पर अगर उसे कुर्सी ही न दी जाए तो उसका इससे बड़ा अपमान और क्या हो सकता है? हां, यहां मैं लिखना भी जरूरी समझता हूं कि यदि सेवानिवृत्त इंसान का रवैया काम करने के दौरान अपने साथियों के साथ अच्छा न रहा हो तो उस विशेष इंसान से तो रूखे व्यवहार की समझ तो आती है परंतु एक नेक दिल इंसान जी कि ईमानदार, परिश्रमी, कर्मठी और चरित्रवान हो से भी ऐसा ही व्यवहार होने पर दिल खून के आंसू रोता है। इसलिए सभी के साथ अच्छा व्यवहार करें। अशिष्ट व्यवहार शोभा नहीं देता। सभी के साथ सलीके से पेश आया जाए स्मरण रखें हरेक इंसान ने किसी न किसी दिन आखिर सेवानिवृत्त तो होना ही है तब सेवानिवृत्ति के बाद अगर कोई हमारे साथ बदतमीजी से पेश आए तो हम पर क्या बीतेगी? इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। तनिक सोचो, इस विषय पर चिंतिन कीजिए।

अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं, तो हम सब के लिए बेहद श्रेयस्कर रहेगा। हम सब स्वयं को अच्छा बनाएं। जिस प्रकार के व्यवहार की हम अन्य लोगों से अपेक्षा करते हैं ठीक वैसा व्यवहार हम दूसरों के प्रति भी करें, तो इसमें सभी की भलाई है। अच्छी सकारात्मक सोच रखें। प्रत्येक व्यक्ति जो हमारे पास एक उम्मीद लेकर आता है, उसकी उम्मीदों पर खरा उतरें। हमेशा सभी का हंसते-मुस्कराते हुए काम करें। अपने समस्त साथियों विशेषतौर पर सेवानिवृत्त साथियों के साथ प्यार-स्नेह भाव बनाए रखें। हमारे कार्य से यदि एक व्यक्ति भी खुश होकर चला जाए, तो समझो हमारे द्वारा किया हुआ कार्य सार्थक हो गया। निस्संदेह हम इस संसार में सभी को खुश और संतुष्ट नहीं कर सकते, परंतु प्रयास तो करें तब हमारा जीना भी सफल हो जाएगा।

यह तो सर्वविदित है कि मान-सम्मान मिलने से प्रत्येक व्यक्ति की आत्मा खुश हो जाती है। सेवानिवृत्ति के बाद सेवानिवृत्त हुआ व्यक्ति कभी भी अपने आपको अकेला न समझे। वह अखबार पढ़कर, रेडियो व टेलीविजन पर प्रसारित मनोरंजक कार्यक्रम देख/सुनकर अपना समय अच्छे से व्यतीत कर सकता है। किसी समाज-सेवी संस्थाओं से जुड़कर अपने शेष समय को सफल बना सकता है। ऐसे में वह पुन: वही रुतवा हासिल कर सकता है। बीती बातों का ख्याल मन से निकाल दें। भूल जाए वो सुख-सुविधाएं जैसे गनमैन, सरकारी बड़ा बंगला , सरकारी गाड़ी इत्यादि। जिंदगी में सिर्फ पैसा ही सब कुछ नहीं है। समाज में अपना बनता योगदान डालकर जिंदगी की वह मंजिल भी प्राप्त कर सकता है जो उसकी किस्मत के द्वार खोल दे। बिना उद्यम कहां किस्मत खुलती है? सारा दिन सोये रहने या बेकार बैठे रहकर गलत सोचते रहने, ताश खेलने से एक न एक दिन जिंदगी स्वयं को ही बोझ लगने लगती है। अंतत: यही कहा जा सकता है कि नौकरी के दौरान बनी समय-सारिणीबद्ध होकर अपने आगे के जीवन को जिएं तो देखना यह हमारा जीवन कितना सुखद व खूबसूरत लगने लगेगा। आइए, हम परस्पर बढ़िया सुखद अनुभूति को हासिल करने हेतु अच्छे आचरण का पालन करें। इससे सीखकर समस्त जन भी अच्छा व्यवहार करेंगे। किसी के साथ भी किया जाने वाला अशिष्ट और रूखा व्यवहार मात्र कड़वाहट ही पैदा करता है। अच्छा व्यवहार चारों ओर खुशियों के रंग बिखेरता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# शिक्षा हमें जीवन जीने की कला भी सिखाती है

**व**र्तमान परिप्रेक्ष्य में शिक्षा ही जीवन का आधार है। बिना शिक्षा के मनुष्य एक सामाजिक पशु तुल्य माना जा सकता है। शिक्षा, पढ़ाई-लिखाई तक ही सीमित नहीं, बल्कि हमें जीवन जीने की कला भी सिखाती है। मानव को शिक्षा से ही सही गलत की समझ व सोचने समझने की शक्ति मिलती है और हम अपने व समाज के विकास में योगदान देने के काबिल बनते हैं। शिक्षा मानव जीवन को जीने की एक अद्भुत शैली प्रदान करती है। शिक्षा मानव जीवन का एक अनमोल रतन है।



लेखक : हंस ठाकुर
बग्गी, सुंदरनगर

यह केवल, किताबों में लिखे गए शब्दों को पढ़ने या परीक्षा में अच्छे अंक लाने तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा का अर्थ-सही सोच, अच्छी समझ और जीवन जीने की कला सीखने से भी कहीं अधिक व्यापक है। शिक्षा न केवल मानव व्यक्तित्व को निखारती है, बल्कि जीवन जीने का आत्मविश्वास भी प्रदान करती है। शिक्षा ही एक ऐसा धन है जिसे जितना खर्च किया जाए-इस धन में उतनी ही वृद्धि होती है। शिक्षा के द्वारा ही हम अपने विचार खुलकर प्रकट कर सकते हैं। शिक्षा ही मानव विकास व विनाश का सबसे बड़ा हथियार भी है।

मानव जीवन का इतिहास तीन लाख वर्ष से भी पुराना है, मगर माना जाता है कि मानव जीवन में अनौपचारिक शिक्षा की शुरुआत तब हुई, जब प्राचीन मानवों ने अपने अनुभव और ज्ञान को अपनी अगली पीढ़ी तक पहुंचाना शुरू किया-यानि भाषा, संकेत, चित्रों और व्यवहारों के जरिये। तब कोई



औपचारिक स्कूल नहीं था, बल्कि शिकारी-संग्राहक समाजों में बुजुर्ग या अनुभवी लोग बच्चों को शिकार, औजार बनाना, आग जलाना ,जड़ी बूटियां पहचाना जैसी बातें सिखाते थे। औपचारिक शिक्षा (स्कूल गुरुकुल जैसी व्यवस्था) के प्रमाण पांच-छह हजार साल पुरानी सभ्यता से मिलते हैं, जिसमें सुमेर, मिश्र भारत और चीन की सभ्यता शामिल हैं।

प्राचीन भारत में वेदों की शिक्षा गुरुकुल प्रणाली से दी जाती थी जो दुनिया की सबसे पुरानी संगठित शिक्षा प्रणालियां में से एक मानी जाती है। समय के साथ-साथ धीरे-धीरे शिक्षा का स्वरूप बदलता चला गया। प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य केवल जीविकोपार्जन नहीं था, बल्कि आत्मविश्वास, धर्मपालन, सत्य की खोज और समाजसेवा था।

शिक्षा को आध्यात्मिक और नैतिक विकास का माध्यम माना जाता था और छात्र का जीवन गुरु की सेवा, साधारण जीवनयापन, तप, समर्पण व अनुशासन को समर्पित रहता था। आज शिक्षा व्यवस्था उत्तम तकनीकों पर आधारित है जो वैज्ञानिक तरक्की का परिणाम है। समय के साथ शिक्षा की मायने भी बदल रहे हैं। जब शिक्षा में तकनीकी माध्यमों की कमी थी तो शिक्षा मूल्यों पर आधारित थी-आज शिक्षा पद्धति आधुनिक है, मगर नैतिक व सामाजिक मूल्य कहीं विलुप्त रहे हैं। एक शिक्षित व्यक्ति ही मानव जीवन की समस्याओं को ईमानदारी व समझदारी से हलकर सकता है और मानवता की मदद के लिए आगे भी आता है।

हमारे समाज में भी शिक्षा का बड़ा महत्व है। शिक्षित लोग समाज में व्याप्त बुराइयों की जड़ को समझता है और उनके खिलाफ आवाज उठाता है। समाज को आगे बढ़ाने में मदद करता है। आर्थिक दृष्टि में मानव की मजबूती हेतु भी शिक्षा बहुत जरूरी है। अत: हर व्यक्ति को जीवन में शिक्षा का महत्व समझाना चाहिए। वर्तमान समय में सफलता के सर्टिफिकेट इकट्ठा करना ही शिक्षा का पर्याय बन गया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हर** मानव की आत्मशक्ति सरीखा होना अब भरपूर ताकतों का जवाब है। आत्मशक्ति की परिस्थितियां हों या न हों, इन्हें आत्मशक्ति सरीखा होना पड़ता है। हर व्यक्ति के दादा बताते रहे होंगे कि उनके जमाने में वस्तुओं के मूल्य कितने कम थे, परंतु आज का आत्मशक्ति बताता है कि मॉल पर खरीदी गई कमीज किस-किस ब्रांड पर भारी है। वैसे हमारे आत्मशक्ति की लड़ाई ब्रांड से है। आश्चर्य यह कि खानापानी भी ब्रांड हो गया। घर के चूल्हे में कभी आत्मशक्ति होती थी कि यह किसी को खाली पेट जाने नहीं देगा, मांगने वाले तक को भूख से सताने नहीं देगा। उस दिन मांगने वाले का आत्मशक्ति इतनी बढ़ गई कि उसने हमारी चाय पीने के बजाय, बाजार की कॉफी के लिए पैसे मांग लिए। दादा कहते थे, उनके जमाने में आने में एक किलो घी आता था। तब ग्राहक के भीतर खरीददारी के खिलाफ आत्मशक्ति थी।

**विपिन सिंह, टांडा**

# खोखली घोषणाओं के बीच दम तोड़ती स्वास्थ्य सेवाएं

**हि**माचल प्रदेश सरकार हर साल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के दावे करती है—नए अस्पताल खोलने, इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने और बजट बढ़ाने की घोषणाएं होती हैं, लेकिन इन घोषणाओं की हकीकत जब जमीन पर जांची जाती है, तो तस्वीर बेहद निराशाजनक मिलती है।



लेखक : अभिषेक शर्मा
पत्रकार, जोगिंद्रनगर

प्रदेश के कई सरकारी अस्पताल डॉक्टरों की भारी कमी, संसाधनों के अभाव और आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। जोगिंद्रनगर और लडभड़ोल के अस्पतालों की हालत इसका सजीव उदाहरण है। इन अस्पतालों में वर्षों से विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद खाली हैं। गर्भवती महिलाओं, बच्चों और आपातकालीन मरीजों को उपचार के लिए या तो निजी अस्पतालों की महंगी सेवाओं का सहारा लेना पड़ता है या फिर दूर-दराज के शहरों में जाना पड़ता है। यह समस्या सिर्फ इन्हीं क्षेत्रों तक सीमित नहीं है।

**अस्पतालों की आर्थिक बदहाली :** राज्य के कई अस्पताल इतने आर्थिक संकट में हैं कि सामान्य दवाइयां, जांच सुविधाएं और जरूरी उपकरण तक समय पर उपलब्ध नहीं हो पाते। कहीं मशीनें हैं पर चलाने वाला स्टाफ नहीं, तो कहीं इमारतें बन रही हैं लेकिन डॉक्टरों का अता-पता नहीं। यह विडंबना है कि एक ओर अस्पतालों की इमारतें बनती हैं, दूसरी ओर उनमें काम करने वाला स्टाफ नहीं होता।



**विधानसभा में बहसें—सरकार की खामोशी :** विपक्ष ने इस विषय को कई बार विधानसभा में उठाया है। आंकड़े रखे गए, समस्याएं गिनाई गईं और समाधान सुझाए गए, लेकिन परिणाम के तौर पर न कोई ठोस कदम उठाया गया और न ही कोई जवाबदेही तय हुई। यह रवैया दर्शाता है कि जनस्वास्थ्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा।

**जनता बेहाल, जनप्रतिनिधि लापता :** ग्रामीण व गरीब तबका सबसे अधिक प्रभावित है। निजी इलाज उनके बजट से बाहर है और सरकारी अस्पतालों की हालत उन पर अतिरिक्त संकट लाद रही है। ऐसे में जब जनप्रतिनिधि—विधायक से लेकर मंत्री तक—चुप्पी साधे रहते हैं, तो यह लोकतंत्र के प्रति उनकी जवाबदेही पर सवाल खड़े करता है।

**अब चाहिए समाधान, सिर्फ घोषणा नहीं :** सरकार को अब जमीनी सच्चाई से मुंह मोड़ना बंद करना होगा। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति सुधारने के लिए तत्काल और ठोस कदम उठाने की जरूरत है। सभी जिलों और उपमंडलों में डॉक्टरों की स्थायी नियुक्ति की जाए।


अस्पतालों को पर्याप्त बजट, तकनीकी स्टाफ और आधुनिक उपकरण मुहैया कराए जाएं। डॉक्टरों को ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने के लिए विशेष भत्ते और सुविधाएं दी जाएं। विधानसभा में उठाए गए मुद्दों की निगरानी के लिए स्वतंत्र समितियां बनाई जाएं। स्वास्थ्य सेवा कोई सौगात नहीं, नागरिकों का मूल अधिकार है। यह अधिकार खोखली घोषणाओं से नहीं, ठोस नीति और इच्छाशक्ति से सुनिश्चित किया जा सकता है। सरकार को यह समझना होगा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में लापरवाही सिर्फ आंकड़ों की गिरावट नहीं, बल्कि जिंदगियों के साथ खिलवाड़ है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# स्वतंत्रता सेनानी और राजनीतिज्ञ

**पंडित** मोतीलाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पिता थे। इनकी पत्नी का नाम 'स्वरूप रानी' था। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में मोतीलाल नेहरू एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने न केवल अपनी जिंदगी की शानोशौकत को पूरी तरह से ताक पर रख दिया, बल्कि देश के लिए परिजनों सहित अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। मोतीलाल नेहरू अपने समय में देश के प्रमुख वकीलों में थे। किंतु बाद में वह जब महात्मा गांधी के संपर्क में आए, तो उनके जीवन में परिवर्तन आ गया। पंडित मोतीलाल नेहरू अपने समय के शीर्ष वकीलों में थे। उस समय वह हजारों रुपए की फीस लेते थे। उनके मुवक्किलों में अधिकतर बड़े जमींदार और स्थानीय रजवाड़ों के वारिस होते थे, किंतु वह गरीबों की मदद करने में पीछे नहीं रहते थे। उनके पिता का नाम गंगाधर था। वह पश्चिमी ढंग की शिक्षा पाने वाली प्रथम पीढ़ी के गिने-चुने भारतीयों में से एक थे। पंडित नेहरू पढ़ने-लिखने में अधिक ध्यान नहीं देते थे, लेकिन अपने स्कूल और कॉलेज में अपनी हंसी-मजाक और खेल-कूद के लिए विख्यात थे। आरंभ में उन्होंने अरबी और फारसी की शिक्षा प्राप्त की थी। भारत की आजादी के लिए कई बार जेल जाने वाले मोतीलाल नेहरू का निधन लखनऊ में हुआ। मोतीलाल की मृत्यु पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि-'यह चिता नहीं, राष्ट्र का हवन कुंड है और यज्ञ में डाली हुई यह महान् आहुति है। ■



**पंडित मोतीलाल नेहरू**
**जन्म :** 6 मई, 1861
**मृत्यु :** 6 फरवरी, 1931



## कविता

# मुझे मेरे जैसे शरारती दोस्त चाहिए

*सुरेश जाजू, जे गोल्डन मार्बल*

*मुझे मेरे जैसे शरारती दोस्त चाहिए,*
*समझदारों से मेरी निभती ही नहीं।*
*बनावटी लोगों से मेरी पटती ही नहीं,*
*दिमाग से चलने वाले से दोस्ती चलती नही।*
*थोड़े नादान दोस्त चाहिए,*
*जो करते रहते हों थोड़ी बेवकूफियां और गलतियां।*
*थोड़ी नोंक-झोंक और बदमाशियां,*
*जो टांगें मेरी खींचें, मुझे हवा में न उड़ने दें।*
*लेकिन कभी भी जमीं पर न बिखरने दें,*
*जो मेरे दिल की बात सुने दिल खोलकर।*
*और अपने दिल की बातें भी मुझे सुना दे जी भरके,*
*जो मेरे जज्बातों को बिना कहे समझ ले।*
*मुझे दिल के अनमोल दोस्त चाहिए ,*
*जिसके सामने होंठों की हंसी रुके ही नहीं।*
*और दुख मेरे कभी भी टिके ही नहीं ,*
*उम्र की लकीरें जो मेरे जेहन से मिटा दे मुझे मेरे ऐसे ।*
*बेफिक्री से जीने वाले, जिंदादिल दोस्त चाहिए।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# पाठकों के पत्र...



**पहलगाम** आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर सीधा युद्ध न करके विभिन्न रणनीतिक और आर्थिक प्रतिबंध लगाए। इनमें सिंधु जल संधि की समीक्षा, पाकिस्तान को मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा समाप्त करना, व्यापार और परिवहन (जैसे समझौता एक्सप्रेस व बस सेवा) बंद करना, हवाई और समुद्री मार्गों को सीमित करना, पाकिस्तानी कलाकारों और खिलाड़ियों के भारत में प्रदर्शन पर रोक और सोशल-डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर नियंत्रण जैसे कदम शामिल हैं। यह भारत की रणनीतिक संयम नीति का हिस्सा है, जिसमें सैन्य टकराव से बचते हुए कूटनीतिक, आर्थिक व मनोवैज्ञानिक दबाव बनाया जाता है। यह नीति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की जिम्मेदार राष्ट्र की छवि को बनाए रखती है और पाकिस्तान को अलग-थलग करने में मदद करती है। पाकिस्तान पर इस तरह का दबाव बनाना सीमित रूप में प्रभावी रहा है, लेकिन यह दीर्घकालिक समाधान नहीं है। जब तक आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और आंतरिक सुरक्षा मजबूत नहीं होती, तब तक ये उपाय केवल अस्थायी दबाव ही बना सकते हैं। फिर भी, युद्ध की तुलना में यह नीति कम लागत और वैश्विक समर्थन के लिहाज से अधिक व्यवहारिक है।

**मनोज चंदेल**
**योल**



**'करोड़ों** लोगों के सहायतार्थ इलेक्ट्रो होमियोपैथी' देश, दुनिया की जो पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां हैं जैसे आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी-ये सभी प्रकृति से जुड़ी हैं, परंतु इनमें कहीं न कहीं मेटल्स, केमिकल्स या कुछ प्रोसेस्ड तत्वों का उपयोग होता है। जबकि इलेक्ट्रो होमियोपैथी में 100 प्रतिशत प्राकृतिक तरीके से तैयार की गई 115 औषधीय पौधों की शक्ति का उपयोग किया जाता है, जो इसे सबसे विशिष्ट बनाता है। इलेक्ट्रो होमियोपैथी से न केवल कैंसर जैसी भयावह बीमारी का इलाज संभव है, बल्कि डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, थायरॉइड, स्किन डिजीज जैसी लाइफ स्टाइल से जुड़ी बीमारियां भी प्रभावशाली रूप से ठीक की जा सकती हैं। इलेक्ट्रो होमियोपैथी एक उभरती हुई चिकित्सा प्रणाली है जो आधुनिक विज्ञान के सामने एक नैचुरल और शक्तिशाली विकल्प बनकर उभर रही है। अगर इस चिकित्सा प्रणाली को भारत व राज्य सरकारों के उचित व पर्याप्त मान्यता , समर्थन और सहयोग मिलें तो यह न केवल एल्लोपैथी का पूरक बन सकती है, बल्कि भविष्य में देश-विदेश की मुख्यधारा की चिकित्सा का विशेष हिस्सा बनने की पूर्ण योग्यता और सामर्थ्य भी रखती है।

**मुमुक्षु के. ठाकुर**
**मतियारा, मसरूंड, चंबा**



**दैनिक** अनंत ज्ञान समाचार पत्र वर्तमान समय में अन्य समाचार पत्रों के मुकाबले बेहतरीन कार्य कर रहा है। अन्य समाचार पत्रों में कुल्लू व लाहुल स्पीति की खबरों के पेज पर सिर्फ कुल्लू ही लिखा होता है जबकि खबरें लाहुल की भी होती हैं, लेकिन अनंत ज्ञान में कुल्लू व लाहुल-स्पीति का अपना पेज है और खबरें भी बेहतर तरीके से प्रकाशित की जाती हैं। समाज से जुड़े हर मुद्दे सहित हिमाचल प्रदेश से जुड़ी हर छोटी बड़ी खबरों का समावेश होने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय और खेल जगत की खबरों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। खास बात यह है कि इस समाचार पत्र में हर जिला की खबरें अलग-अलग ढूंढने की जरूरत नहीं पढ़ती, हर जिले के अपने पेज हैं जहां पाठकों को आसानी से जिला के समाचार आसानी से मिल जाते हैं। इसके अलावा प्रदेश की विभिन्न समस्याओं और धार्मिक, पर्यटन और स्वास्थ्य संबंधित पृष्ठों के माध्यम से पाठकों तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास कर रहा है। खासकर ओपिनियन में छपे लेखों में काफी कुछ जानकारी मिलती है। जरूरत है तो पर्यावरण से संबंधित, किसान, युवा और बुजुर्गों से जुड़े विशेषांक की। जिसमें इस वर्ग से चुनौतियों को लेकर विस्तृत जानकारियां दी जा सकती हैं। इसके लिए अनंत ज्ञान संस्थान बधाई का पात्र है। हर गांव कुछ कहता सीरीज अच्छी चल रही है वो भी बहुत ही अलग और अनूठी है। मेरा एक सुझाव है कि जिस तरह से सप्ताहभर जो कृषि, शिक्षा, पर्यटन सहित अन्य विषयों पर कुछ कॉलम प्रकाशित होते हैं वैसे ही पर्यावरण को लेकर भी कुछ लिखा जाए ताकि हमारी युवा पीढ़ी पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक हो सके।

**किशन लाल**
**जिला कुल्लू ( मनाली )**
**मोबाइल 98165-08884**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने के लिए प्रदर्शन

## भाजपा ने सेरी मंच पर किया प्रदर्शन, उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू को सौंपा ज्ञापन

**अनिल शर्मा, मंडी**

**भाजपा** ने सोमवार को पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल भारत छोड़ने व कार्रवाई करने को लेकर मंडी के सेरी मंच पर आक्रोश प्रदर्शन किया। तत्पश्चात जिलाधीश के माध्यम से राज्यपाल व प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि पहलगाम में पाकिस्तान से पोषित एवं समर्थित आतंकवादियों ने अत्यंत घृणित, कायराना व हृदय विदारक हरकत कर 27 निर्दोष भारतीय नागरिकों की धर्म के आधार पर निर्मम हत्या कर दी है। उन्होंने कहा कि यह सब कुछ पाकिस्तान सरकार और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के इशारे पर किया गया है। इस दुखद घटना के बाद केंद्र सरकार ने कई कड़े कदम उठाए हैं। पूरी दुनिया के देश पाकिस्तान की इस हरकत के खिलाफ भारत के साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना को अंजाम देने वालों एवं इसके पीछे खड़ी ताकतों को कड़ी फटकार लगाते हुए संकल्प लिया कि ऐसी ताकतों को आज तक का सबसे करारा जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने देश के इस संकल्प के लिए सेना को खुली छूट दे दी है। इसी संकल्प के पहले कदम के रूप में



मंडी में पाकिस्तानी नागरिकों को बाहर निकालने के लिए भाजपा नेता व कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए।

**प्रदेश सरकार जल्द करे पाक नागरिकों की पहचानः बिहारी**

**कहा- जल्द कदम नहीं उठाए तो पूरे प्रदेश में करेंगे प्रदर्शन**

पाकिस्तान के साथ किए गए सिंधु जल समझौते को निरस्त कर दिया है और पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को अत्यंत सीमित कर दिया है। साथ ही भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को एक तय समय-सीमा के अंदर देश छोड़ने के आदेश दिए गए हैं। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने इस बारे में सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी आग्रह किया है कि पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजा जाए, लेकिन हिमाचल प्रदेश में अभी तक कांग्रेस सरकार ने कोई कदम नहीं उठाए हैं। इसी कड़ी में भाजपा ने आज आक्रोश प्रदर्शन कर ज्ञापन भेजा। भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि यदि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान न करके उन्हें वापस नहीं भेजती है, तो भाजपा पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करेगी। बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि देश और प्रदेश के अंदर वैध एवं अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों तत्काल वापस भेजा जाना चाहिए, ताकि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री अनिल शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा, मेयर वीरेंद्र भट, प्रियंता, राकेश, संजय, सोमेश, राहुल व अन्य पदाधिकारी रहे। (अनंत ज्ञान)

# जोगिंद्रनगर को नशामुक्त बनाने में जुटे विधायक प्रकाश राणा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से स्थानीय विधायक प्रकाश राणा की अगुवाई में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस जनजागरूकता अभियान में हजारों लोगों ने भाग लिया और विधायक के प्रयासों को जोरदार समर्थन दिया। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरी, जहां 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। इस आयोजन के दौरान विधायक प्रकाश राणा ने कहा कि यह केवल एक रैली नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन है जो जोगिंद्रनगर को नशे की गिरफ्त से मुक्त करने का लक्ष्य रखता है। रैली से एक दिन पहले विधायक राणा को लेकर कुछ गलत अवधारणाएं और अफवाहें फैलाई गई थीं, जिनका उन्होंने मंच से ही मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मैं सेवा और समाज के हित में काम करता हूं, मेरे प्रयासों को गलत दिशा में प्रस्तुत करने की जो भी कोशिश होगी, उनका सच्चाई के साथ जवाब दिया जाएगा। जनता ही मेरा असली आधार है और आज के जनसमर्थन ने यह साबित कर दिया है। कार्यक्रम में छात्र, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला मंडल और स्थानीय संगठनों ने भाग लिया। रैली के अंत में सभी ने नशामुक्त जोगिंद्रनगर का संकल्प लिया और विधायक के नेतृत्व में इस अभियान को मजबूती देने का वादा किया।


विधायक प्रकाश राणा।

## न्यूज ब्रीफ

### ड्राइविंग टेस्ट के लिए स्लॉट बुकिंग शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन अधिकारी एसडीएम सदर मंडी रूपिंदर कौर ने सूचित किया है कि आगामी 9 एवं 19 मई को ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट मंडी शहर के छोटा पड्डल में बैडमिंटन कोर्ट के सामने की सड़क पर सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने आग्रह किया कि टेस्ट के लिए प्रतिभागी अपने फार्म फोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर फाइल सहित लाएं और उपरोक्त दस्तावेजों के बगैर तथा अपूर्ण फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 9 मई को निर्धारित ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए स्लॉट बुकिंग 3 मई से शुरू हो चुकी है। 19 मई को निर्धारित ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए स्लॉट बुकिंग 12 मई को प्रातः 11.30 से parivahan.gov.in वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है।

### पिपली पंचायत में लगाई 8 नई सोलर लाइट्स

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर की उपतहसील मकरीडी क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपली के सात अलग-अलग गांवों के सार्वजनिक स्थानों पर हाल ही में 8 नई सोलर लाइट्स स्थापित की गई हैं। यह कार्य द्रुब्बल/पिपली वार्ड की पंचायत समिति सदस्य अंजू देवी के प्रयासों से बीडीसी निधि के माध्यम से संपन्न हुआ है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में हर्ष और संतोष का वातावरण है। पंचायत समिति सदस्य अंजू देवी ने बताया कि उपरली लडवाण, घनेतर, पोहल, बागला, कनेहड़, फोगला और रोपा गांवों में यह लाइट्स जनहित की पुरानी मांग पर लगवाई गई हैं। इन स्थानों पर वर्षों से रोशनी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीणों को असुविधा होती थी। सोलर लाइट्स लगने से अब इन क्षेत्रों में रात्रि के समय भी सुरक्षित आवागमन संभव हो सकेगा। यह पहला मौका नहीं है जब बी.डी.सी. निधि का उपयोग पंचायत में रोशनी की व्यवस्था को बेहतर बनाने में किया गया हो। वर्ष 2022 में भी अंजू देवी के प्रयासों से 13 सोलर लाइट्स पिपली पंचायत के विभिन्न गांवों में लगाई गई थीं। अंजू देवी ने आश्वासन दिया कि जिन गांवों में अभी भी सोलर लाइट्स नहीं लग पाई हैं, वहां भी जल्द ही यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि पंचायत के सभी ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। स्थानीय लोगों ने इसके लिए बी.डी.सी. अंजू देवी का आभार जताया है।

### सरकाघाट में कैंसर के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एक्स सर्विसमैन लीग, सरकाघाट के सौजन्य से शिव विलास होटल सरकाघाट में सोमवार को एक विशेष चिकित्सा शिक्षा का आयोजन किया गया। मंच का संचालन लीग की तरफ से सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द भारद्वाज ने किया। इंडस ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एंड स्वास्तिक कैंसर केयर की तरफ से कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दीपक सिंघला, एमडी (मेडिसिन), डीएम (मेडिकल ऑन्कोलॉजी), ईसीएफएमजी (यूएसए), पीडीसीआर, सीनियर कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजी इंडस ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स द्वारा भूतपूर्व सैनिकों, पेंशनर्स, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा उपस्थित वीर नारियों व महिलाओं को कैंसर के बारे में जागरूक किया। डॉक्टर दीपक सिंघला ने बताया कि स्क्रीनिंग और समय रहते कैंसर का पता लगाने और पहचान करने का क्या महत्व है। इस मौके पर एक्स सर्विसमैन लीग, सरकाघाट के चेयरमैन कैप्टेन प्यार चन्द बन्याल, सचिव कैप्टन बलदेव राज, कोषाध्यक्ष रघवीर सिंह, सूबेदार मेजर कुलदीप सिंह, सूबेदार मेजर रविन्द्र कुमार, सूबेदार मेजर विजय कुमार तथा वीर नारियों तथा अन्य महिलाओं में भारती देवी, सागरा देवी, रीतू देवी, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द भारद्वाज, हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति, अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा, खंड सरकाघाट के महासचिव रणजीत सिंह, नेक राम शास्त्री, नायब सूबेदार पटयाल, राज कुमार व रमेश आदि मौजूद रहे।

### किसान भवन के लिए मांगा फर्नीचर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सीताराम वर्मा ने कृषि मंत्री चंद्र कुमार से किसानों की समस्याएं दूर करने की गुहार लगाई है। उनके साथ धर्मपुर किसान सभा के सतपाल मौजूद रहे। पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय में मंत्री को दिए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि किसान भवन लुनापानी में किसानों की सुविधा के लिए फर्नीचर उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने यह भी मांग की की राज्यस्तरीय परी वेदना समिति की बैठक सचिवालय में शीघ्र बुलाई जाए। उन्होंने बताया कि कृषि मंत्री ने तुरंत कृषि निदेशक कुमुद सिंह को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### 10 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** समावेशन, पर्यावरणीय स्थिरता और कौशल विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए रोटरी क्लब मंडी और नेरचौक ने संयुक्त रूप से सहयोग और साकार विद्यालयों के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए 10 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्घाटन सहयोग विद्यालय में हुआ, जो सामुदायिक भागीदारी, पर्यावरण जागरूकता और क्षमता निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक रूप से मंद बच्चों को चीड़ की सूखी पत्तियों से पारंपरिक व पर्यावरण अनुकूल उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में बच्चों के साथ-साथ उनके व्यावसायिक प्रशिक्षकों को चीड़ की पत्तियां, खजरे, जंगली घास और वैजयंती माला जैसे प्राकृतिक संसाधनों से सुंदर व उपयोगी उत्पाद तैयार करना सिखाया जाएगा। इसका उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता को विकसित करना, आत्मविश्वास बढ़ाना तथा आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना है।

# चैलचौक में चिट्टा तस्कर की शिकायत करना पड़ा महंगा, घर में घुसकर की मारपीट

**सुनील शर्मा, गोहर**

**चैलचौक** पंचायत में एक युवक की इसलिए घर में घुसकर पिटाई कर दी कि उसने पुलिस को शिकायत दी थी कि उक्त व्यक्ति चिट्टा बेचने का कार्य करता है।

कुलदीप नाम के युवक की अज्जू उर्फ रमेश कुमार ने उसके घर में घुसकर पिटाई कर दी। कुलदीप की मां और पड़ोसियों ने मुश्किल से उसे अज्जू के चुंगल से बचाया। पुलिस को दी शिकायत में कुलदीप ने बताया कि अज्जू सुबह करीब साढ़े आठ बजे उसके घर में आया और उसे कमरे से पीटते हुए बाहर ले गया। अज्जू उसे बार-बार कह रहा था कि उसने पुलिस में शिकायत की है कि वह चिट्टे का कारोबार करता है और पुलिस ने उसे यह सूचना दी है। अज्जू ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। वहीं कुलदीप की मां ने कहा कि उसके पुत्र को अज्जू ने कमरे में घुसकर उसकी पिटाई की व उसे जान से मारने की धमकी दी है। यदि उसके पुत्र को कुछ होता है तो इसके लिए अज्जू उर्फ रमेश कुमार जिम्मेदार होगा। उसने यह भी मांग की है कि जैसा कि अज्जू ने बताया कि पुलिस वालों ने उसे कुलदीप द्वारा शिकायत करने की बात की है तो इसकी भी जांच की जाए कि वह पुलिस वाला कौन है।

**गोहर पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच**

भग्यार व काफलू गांव के लोगों के साथ गोहर पुलिस थाना पहुंचे चैलचौक पंचायत के पूर्व उपप्रधान रतन लाल ने बताया कि आज के दौर में चिट्टा हमारी युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है और इसके तस्कर खूब चांदी कूट रहे हैं। यदि कोई इनकी शिकायत पुलिस में करे और पुलिस की ओर से यह सूचना तस्करों को दी जाए तो यह बहुत ही निंदनीय कार्य है। ऐसे कर्मियों का पता लगा कर उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। सभी गांववासियों ने भी एकजुटता से नशे के कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। गोहर पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि शिकायत आई है, पुलिस कार्रवाई कर रही है। शिकायतकर्ता का नाम गुप्त रखने का प्रावधान है, यदि इसका उल्लंघन कोई करता है, तो उसके ऊपर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# बीपीएल चयन प्रक्रिया में किया जाए सुधार

## नौजवान सभा ने बीडीओ के माध्यम से सीएम सुक्खू को भेजा ज्ञापन

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**भारत** की जनवादी नौजवान सभा, जोगिंद्रनगर इकाई ने बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) चयन प्रक्रिया में हो रही अनियमितताओं को लेकर कड़ा विरोध दर्ज करवाया है।

संगठन के बैनर तले ग्राम पंचायत मैन-भरोला के पट्ट, आहड़ू, नागण, गदयाडा, ठठरी-रोपा व मैन-भरोला गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार को खंड विकास अधिकारी चौंतड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। सभा के अध्यक्ष संजय जम्वाल ने कहा कि नई शर्तों के चलते असली गरीब लोग बीपीएल सूची से बाहर हो रहे हैं, जबकि कई अपात्र लोग सूची में शामिल हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि आय सीमा को बढ़ाया जाए और मनरेगा में 100 दिन कार्य की अनिवार्यता को हटाया जाए, जिससे अधिक जरूरतमंद परिवार लाभान्वित हो सकें।


खंड विकास अधिकारी चौंतड़ा को ज्ञापन सौंपते हुए।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि जिन परिवारों को पहले से सरकारी मकान मिले हैं, उन्हें बीपीएल प्राथमिकता से बाहर न किया जाए। इसके अतिरिक्त, शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों वाले परिवारों को भी सूची में शामिल किया जाना चाहिए। सभा ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# वन संरक्षण, पौधरोपण व अनुशासन पर मिल रहा व्यवहारिक प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुकेत वन मंडल के अंतर्गत चयनित 72 व वन्य प्राणी परिक्षेत्र सुंदरनगर से संबंधित 4 वन मित्रों के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उप-अरण्यपाल सुकेत राकेश कटोच ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण के लिए तीन स्थल निर्धारित किए गए हैं।

इनमें सुकेत वन मंडल कार्यालय, झुंगी वन परिक्षेत्र कार्यालय व सरकाघाट वन परिक्षेत्र कार्यालय। इन तीनों स्थलों पर कुल 76 वन मित्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिनमें से 72 वन मित्र सुकेत वन मंडल से व 4 वन मित्र वन्य प्राणी परिक्षेत्र सुंदरनगर से संबंधित हैं। उन्होंने बताया कि

**वन मित्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**

सरकाघाट में 19, झुंगी में 23 व सुकेत वन मंडल कार्यालय में 34 वन मित्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य वन मित्रों को वन विभाग की कार्यप्रणाली, वन संरक्षण, जंगलों को आग से बचाने के उपाय, पौधरोपण, नर्सरी संचालन, विरोजा, सालवेज व वन्य प्राणी संरक्षण जैसे विषयों की सैद्धांतिक व व्यावहारिक जानकारी देना है। इस दौरान विभागीय अधिकारियों, सेवानिवृत्त वन अधिकारियों तथा विषय विशेषज्ञों द्वारा सत्र लिए जा रहे हैं। प्रशिक्षण में वानिकी कार्यों से जुड़े सभी आवश्यक विषयों को शामिल किया गया है।

# गेहूं की कटाई का काम जोरों पर मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता

**भीम बसेड़ू, महादेव**

**मौसम** के बनते व बिगड़ते मिजाज के चलते मौका मिलते ही किसान गेहूं की फसल कटाई कर खलिहानों में पहुंचाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। नाचन विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में रबी की फसल यानी खासतौर पर गेहूं की फसल लगभग पक्क कर तैयार हो गई है।

करीब छह दिनों से आसमान में बादल छाए हैं और रुक-रुक कर बारिश भी हो रही है। ऐसे में किसान वर्ग अपने काम में तेजी नहीं ला पा रहा है, लेकिन उसकी कोशिश है कि जब भी मौका मिल रहा है वह जोरदार तरीके से अपनी फसल को इकट्ठा कर देना चाहता है। गांव महादेव की कृषि योग्य भूमि में भी


महादेव में खराब मौसम में गेहूं की कटाई करते हुए किसान।

बमुश्किल बचाई अपनी गेहूं आदि की फसल को समेटने के लिए मेहनती किसान पहले की भांति मौके की तलाश में हैं ताकि वह अपना अनाज सुरक्षित कर अपने घर परिवार में अच्छे से गुजर बसर कर सके। बता दें कि वर्तमान समय में बदलते मौसम चक्र के चलते मेहनती किसान खासी दिक्कतों का सामना कर तो जरुर रहा है, मगर उसकी हिम्मत देखकर लगता है कि सही में ही अन्न रक्षक है। (अनंत ज्ञान)

# थाना पलौहन परियोजना से क्षेत्र में खुलेगा रोजगार का रास्ताः जीवन ठाकुर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर की द्रुब्बल पंचायत में आयोजित तीन दिवसीय गायत्री मेला के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे जीवन ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार थाना पलौहन परियोजना की शुरुआत करने जा रही है, जिससे क्षेत्र में बेरोजगारी पर नियंत्रण लगेगा और युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के कार्यों को जोगिंदर नगर में खोला जाना तय हुआ है। जीवन ठाकुर ने कहा कि द्रुब्बल पंचायत को एक आदर्श पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा, क्योंकि यह विधानसभा क्षेत्र की अंतिम छोर पर स्थित पंचायत है। उन्होंने बताया कि मां चतुर्भुज मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य पूरा किया गया है, वहीं वदन गांव में करीब 3 किलोमीटर सड़क का निर्माण कर ग्रामीणों को सुविधा प्रदान की गई है।

# अभिलाषी विवि में 120 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अभिलाषी** विश्वविद्यालय चैलचौक में सोमवार को एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अभिलाषी आयुर्वेदिक कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, रेड रिबन क्लब, एनएसएस यूनिट और श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक की ब्लड बैंक टीम के सहयोग से आयोजित किया गया। इस शिविर में कुल 120 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

इस शिविर का शुभारंभ अभिलाषी विवि के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी द्वारा किया गया। उनके साथ कुलपति प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ कपिल कपूर, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. देवेंद्र शर्मा, डीन हेल्थ साइंसेज डॉ. डी.के. मिश्रा, रेड रिबन क्लब की समन्वयक डॉ. वंदना कपूर, सुनीता भल्ला, अभिलाषी आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ.


अभिलाषी विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि व अन्य।

दिव्या दीपक, एनएसएस समन्वयक हेमंत कपूर एवं विवि की सभी संकायों के डीन उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अभिलाषी ने कहा कि अभिलाषी विश्वविद्यालय ने सदैव मानवता की सेवा और शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्राथमिकता दी है। इस प्रकार के आयोजन हमारे मूल्यों को दर्शाते हैं। वहीं इस मौके पर अभिलाषी विवि के कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने भी अपने प्रेरणादायक विचार साझा करते हुए कहा किरक्तदान एक पवित्र कार्य है जो समाज को करुणा और मानवता के सूत्र में बांधता है।

श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज, नेरचौक की डॉ. शरब चोपाल के नेतृत्व में डॉ. मधु बाला, डिम्पल, ज्ञान भारती, उदय कुमार, पवन कुमार, दर्शना, चमन और नवीन की टीम ने रक्त संग्रहण का कार्य कुशलता एवं सुरक्षा मानकों के अनुसार संपन्न किया।

# पंचायत समितियों के वार्डों के सीमांकन के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**पंचायतीराज** संस्थाओं के निर्वाचन के दृष्टिगत उपायुक्त अपूर्व देवगन ने इन संस्थाओं के वार्डों के सीमांकन के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। इसके तहत पंचायत समितियों के लिए 31 मई से पूर्व या इस दिन तक सीमांकन से संबंधित अंतिम प्रकाशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

आदेशों के अनुसार इस वर्ष के अंत तक पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचन होने निश्चित हैं जिसके दृष्टिगत गठन से प्रभावित होने वाली पंचायत, पंचायत समिति तथा जिला परिषद के वार्डों का सीमांकन किया जाना है। मंडी जिला की समस्त

**उपायुक्त अपूर्व देवगन ने जारी किए आदेश**

पंचायत समितियों के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन तैयार करने तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशन करने के लिए उपमंडलाधिकारी (ना.) को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपायुक्त ने पंचायत समिति धनोटू, निहरी तथा सुंदरनगर के लिए उपमंडलाधिकारी (ना.) सुंदरनगर को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

पंचायत समिति बल्ह के लिए उपमंडलाधिकारी (ना.) बल्ह को, पंचायत समिति चुराग तथा करसोग के लिए उपमंडलाधिकारी (ना.) करसोग, पंचायत समिति गोहर के लिए उपमंडलाधिकारी (ना.) चच्योट स्थित गोहर, पंचायत समिति सराज के लिए उपमंडलाधिकारी (ना.) थुनाग, पंचायत समिति गोपालपुर के लिए उपमंडलाधिकारी (ना.) सरकाघाट, पंचायत समिति धर्मपुर के लिए उपमंडलाधिकारी (ना.) धर्मपुर, पंचायत समिति सदर के लिए उपमंडलाधिकारी (ना.) सदर, पंचायत समिति द्रंग के लिए उपमंडलाधिकारी (ना.) पधर, पंचायत समिति चौंतड़ा के लिए उपमंडलाधिकारी (ना.) जोगिंद्रनगर तथा पंचायत समिति बालीचौकी के लिए उपमंडलाधिकारी (ना.) बालीचौकी को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# मलेरकोटला के रजाक ने जीता चोलथरा दंगल

## सुंदरनगर के शौर्य वीर ने जीती छोटी माली, नशे से दूर रहने का भी दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**काली** माता छिंज कमेटी के सौजन्य से चोलथरा में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में देशभर से आए 5 अंतरराष्ट्रीय व 30 राष्ट्रीय स्तर के कई गोल्ड मेडलिस्ट तथा अन्य पहलवानों ने अपना दमखम दिखा कर युवाओं को नशे से दूर रहने व समाज में भाईचारा कायम रखने का संदेश दिया। जहां छोटी माली का खिताब सुंदरनगर के शौर्य वीर यादव, सीनियर हिमाचल का खिताब सुंदरनगर के मुकेश धवाल ने अपने नाम किया। बड़ी माली का खिताब मलेरकोटला के रहने वाले रजाक ने हासिल किया।

कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने माली के विजेताओं को धनराशि के साथ हनुमान की गदा देकर


चोलथरा दंगल में विजेता पहलवानों को किया गया सम्मानित।

सम्मानित किया। वहीं 14 वर्षीय बेटी स्वस्तिका ने युवाओं को योग के कई कठिन योगासन दिखाए। इस मौके पर डॉ. रिशम सिंगला मेहर हॉस्पिटल जीरकपुर से विशेष रूप से उपस्थित रहे। छिंज कमेटी के पदाधिकारियों में संयोजक बिहारी लाल, प्रधान कैप्टन सुरेश कुमार, उप प्रधान, सचिव जगदीश चंद, कोषाध्यक्ष अमर सिंह व सह सचिव राकेश बन्याल, वरिष्ठ सलाहकार सेवानिवृत शिक्षा उप निदेशक संजय ठाकुर, मीडिया प्रभारी रमेश चंद भारद्वाज व स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान मेहर चंद गारला आदि उपस्थित रहे।

## जानकारी — मई महीने के प्रथम पखवाड़े में कृषि व पशुपालन के कार्यों की एडवाइजरी जारी

# धान की गैर-बासमती किस्मों की नर्सरी 20 से करें तैयार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**कृषि** विज्ञान केंद्र मंडी स्थित सुंदरनगर ने चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के निर्देशों पर मई माह के प्रथम पखवाड़े में किए जाने वाले कृषि एवं पशुपालन कार्यों की एडवाइजरी जारी की है।

जानकारी देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पंकज सूद ने कहा कि खरीफ मौसम में धान और मक्का प्रमुख खाद्यान्न फसलें हैं। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे केवल अनुशंसित व क्षेत्रीय जलवायु के अनुरूप किस्मों का चयन करें। धान की गैर-बासमती किस्मों जैसे सुकारा धान, एचपी आर-1068, एचपीआर- 2143 तथा एचपीआर-2612 की नर्सरी 20 मई से 7 जून तक तैयार करें। वहीं, बासमती किस्म कस्तूरी बारामती की नर्सरी 15 मई से 30 मई तक बुआई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रति बीघा 2 से 2.4 किलोग्राम बीज पर्याप्त है। बिजाई पूर्व बीज को बैंविस्टिन दवा (2.5 ग्राम प्रति किलो बीज) से उपचारित करना जरूरी है, जिससे बीज जनित रोगों से सुरक्षा मिल सके।

मक्का की बिजाई ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में 15 मई से जून के पहले सप्ताह और मध्यवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में 20 मई से 15 जून तक करें। मक्का के लिए बीज दर 1.6 किलोग्राम प्रति बीघा रखें और बिजाई कतारों में करें। मक्का को पशु चारे के रूप में भी उगाया जा सकता है, जिससे पशुओं के लिए साइलेज तैयार किया जा सकता है। इसके लिए अफ्रीकन टॉल किस्म का चयन करें और प्रति बीघा 4 किलोग्राम बीज की दर से बिजाई करें। उन्होंने कहा कि किसान अधिक जानकारी के लिए कृषि तकनीकी सूचना केंद्र एटिक के दूरभाष नंबर 01894-230395, किसान काल सेंटर नंबर 1800-180-1551 या किसान सारथी पोर्टल पर पंजीकरण कर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों से सीधे संपर्क कर सकते हैं।

### फरवरी-मार्च में लगाए टमाटर, बैंगन और मिर्च में डालें यूरिया खाद

**डॉ.** पंकज सूद ने कहा कि क्षेत्र में फरवरी के अंतिम या मार्च के पहले पखवाड़े में की गई टमाटर, बैंगन, मिर्च, शिमला मिर्च तथा कद्दूवर्गीय फसलों की निराई-गुड़ाई करते हुए प्रति बीघा 3.2 से 4 किलो यूरिया खाद डालें और आवश्यकता अनुसार 7 से 8 दिन के अंतराल पर सिंचाई करते रहे। वहीं मध्यवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में अभी इन फसलों की रोपाई नहीं हुई है तो शीघ्र रोपाई करें। उन्होंने कहा कि रोपण के समय टमाटर, बैंगन, मिर्च व शिमला मिर्च जैसी फसलों में प्रति बीघा 20 क्विंटल सड़ी गोबर की खाद, 19 किलोग्राम 12-32-16 इफको और 2.3 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश खेत में मिलाएं। भिंडी की बिजाई कतारों में करें।

### पशुओं को संतुलित आहार के साथ पर्याप्त मात्रा में दें गेहूं का भूसा

**पंकज** सूद ने कहा कि मई महीने में तापमान में उतार चढ़ाव से पशुओं में गर्मी से संबंधित समस्याएं उत्पन्न होती है। पशुपालकों को चाहिए कि वे अपने पशुओं को गर्मी से बचाने के उपाय करें। पशुओं की नमक मिश्रण और संतुलित आहार के साथ पर्याप्त मात्रा में गेहूं का भूसा और ज्वार चारा में दें। उन्होंने कहा कि गर्मी में खून चूसने वाले कीट और परजीवी की रोकथाम के लिए गौशालाओं की सफाई बनाए रखें और गोबर की नियमित जांच करवा कर डॉक्टर की सलाह अनुसार दवाएं दें।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा ने पाकिस्तान के खिलाफ की नारेबाजी



उपायुक्त जतिन लाल को ज्ञापन सौंपते पूर्व मंत्री राकेश पठानिया।

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला भाजपा ऊना के बैनर तले सोमवार को भाजपा ने लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह ऊना से मिनी सचिवालय तक पाकिस्तान के विरोध में रोष रैली निकालकर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। डीसी को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने प्रदेश सरकार से पाकिस्तानी नागरिकों को हिमाचल छोड़ने की मांग की और कहा कि इस समय प्रदेश सरकार के ढुलमुल रवैया किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। पूर्व मंत्री राकेश पठानिया के नेतृत्व में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम मिन्हास की अगुवाई में रैली निकाली गई। इसमें पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा, राजेश ठाकुर सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे पहले पूर्व मंत्री राकेश पठानिया ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की इस मामले में ढुलमुल रवैये की निंदा की।

### संतों ने दुलेहड़ गोशाला को तूड़ी का ट्रक दिया



पशु चारे से भरा ट्रक रवाना करते संत और श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान, हरोली।** श्री सतगुरु भूरी वाले गुरुगद्दी परंपरा गरीबदासीय संप्रदाय के वर्तमान गुरुगद्दीनशीन वेदांताचार्य श्री सतगुरु चेतना नंद जी भूरी वालों के द्वारा दुलेहड़ गोशाला के लिए एक तूड़ी का ट्रक भेजा गया। इस पुण्य कार्य के लिए गोशाला के सेवादार पंडित किशोरी लाल ने आभार जताया है। बता दें कि पूज्य महाराज जी समय समय पर हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश की विभिन्न गोशालाओं के लिए तूड़ी का प्रबंध करते हैं। पुण्य सेवा के लिए समर्पित श्री सतगुरु चेतना नंद जी भूरी वालों जी के द्वारा प्रतिदिन शुद्ध देसी घी से तैयार लंगर पीजीआई चंडीगढ़ के लिए भेजा जाता है और श्री लाल पुरी विष्णु धाम बीटन हिमाचल प्रदेश से पीजीआई चंडीगढ़ के लिए प्रतिदिन निशुल्क बस सेवा भेजी जाती है। गोशाला प्रबंधक वर्ग ने वेदांताचार्य श्री सतगुरु चेतना नंद जी भूरी वालों का अमूल्य सेवा के लिए धन्यवाद किया है।

### चौकीमन्यार में पर्यावरण संरक्षण पर किए विचार व्यक्त

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार के शिक्षक वर्ग ने 'सतत संवाद-स्वयं से शिक्षा तक' विषय पर आयोजित एक ऑनलाइन सत्र में भाग लिया। यह सत्र बजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी कांगड़ा द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अभिषेक तनेजा ने अपने विचार साझा किए जो 'दि सस्टेनेटिविटी-वाला' के नाम से प्रसिद्ध हैं व अर्थ जस्ट इकोसिस्टम के संस्थापक और निदेशक हैं। तनेजा ने इस सत्र में शिक्षा में आत्म मूल्यांकन स्वनयन स्थायित्व सतता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि शिक्षा को अगर सही दिशा में लागू किया जाए तो यह समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने छात्रों को शिक्षकों को पर्यावरणीय स्थिरता के महत्व के बारे में जागरूक किया और बताया कि कैसे हम अपनी दिनचर्या और शिक्षण पद्धतियों को सततता की ओर मोड़ सकते हैं।' उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे आत्म मूल्यांकन के माध्यम से अपने शिक्षण दृष्टिकोण को निरंतर बेहतर बनाने का प्रयास करें। इस कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार के प्रधानाचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा, प्रो. कविता कौशल, डॉ. रामकुमार नेगी, डॉ. राम सिंह, डॉ. सगुन डोगरा व प्रो. नवीन शर्मा ने भाग लिया।

# मरीजों के काम का नहीं फुटब्रिज

## बारिश में लोगों को हो रही मुश्किल, प्रशासन से लगाई समाधान की गुहार

**हीना पठानिया, बढ़ूही**

उपमंडल बंगाणा की पंचायत बेरियां के वार्ड नंबर 5 में स्थित गांव लड़याला को जोड़ने वाला गारनी खड्ड पर बना फुटब्रिज बरसात के दिनों में सफेद हाथी साबित हो रहा है। यह पुल लोगों को पैदल चलने सुविधा तो दे रहा लेकिन कोई गांव में बीमार पड़ जाए तो कोई गाड़ी या एंबुलेंस गांव में नहीं पहुंच सकती है क्योंकि यह फुटपाथ ब्रिज पैदल व दोपहिया वाहनों के लिए ही बना है, जिससे गांव के लोगों को में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह फुटब्रिज इतना संकरा है कि बारिश के दिनों में न तो पैदल चल पाना आसान होता है और न ही किसी इमरजेंसी की स्थिति में वाहनों की आवाजाही संभव है। अगर कोई बीमार पड़ जाए तो मरीज को कंधों पर उठाकर लाना पड़ता है। आजादी के 77 साल बाद भी लड़याला गांव विकास की राह देख रहा है।

गांव के निवासी करण सिंह, सुरेश कुमार, बृजेश कुमार, हनुमत सिंह सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस फुटब्रिज को जल्द से जल्द चौड़ा किया जाए। उनका कहना है कि अगर पुल को दोनों ओर से कम से कम एक-एक फुट चौड़ा कर दिया जाए, तो इससे लोगों की समस्या काफी हद तक हल हो सकती है।



गारनी खड्ड पर बना फुटब्रिज जिससे दोपहिया वाहन ही गुजर सकते हैं।

▶ **मरीज को कंधों पर उठाकर ले जाना पड़ता है**

▶ **आजादी के 77 साल बाद विकास को तरस रहे लड़यालावासी**

स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। कई बार मरीजों को अस्पताल ले जाने में देरी हो जाती है, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है।

लोगों ने जिला प्रशासन व लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया है कि इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए जल्द से जल्द इस फुटब्रिज की मरम्मत व चौड़ाई का कार्य शुरू किया जाए, ताकि गांव के लोग बिना किसी समस्या के आवागमन कर सकें। (अनंत ज्ञान)

## नशा निवारण पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धमांदरी में सोमवार को नशा निवारण पर एक दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सतीश शर्मा ने कहा कि नशा धीमा जहर होता है अपरिपक्व बच्चे थोड़े समय के लिए आनंद लेने तथा अपने शौक की वजह से इसकी चपेट में आ जाते हैं, जब लगातार नशा इस्तेमाल करते हैं तो तीन या चार वर्ष बाद शरीर अपना कार्य करने में जवाब देने लगता है। धीरे-धीरे बेड पर आ जाते हैं और मृत्यु का इंतजार करते हैं।

उन्होंने बताया कि देश में सभी अपराधों की जननी नशा है, जो एक बार चिट्टे के नशे में आ जाता है, उसे वापस लाना बहुत मुश्किल हो जाता है। बच्चों को उन्होंने बताया कि नशा करने वाले दमे की बीमारी, हार्टबीट का बढ़ना, मुंह का कैंसर, लिवर खराब हो जाना, स्मरण शक्ति का कमजोर पड़ जाना, हाथ पैर कांपना, डर लगना तथा डिप्रेशन जैसी बीमारी लगने से शरीर खोखला हो जाता है।

नशे की लत में लगा व्यक्ति सबसे पहले वह बुरी संगत छोड़ दे, नशा अपने आप कमजोर पड़ जाएगा। अपने आप को आध्यात्मिकबाद से जोड़ना, अच्छी पुस्तक पड़ना, मोबाइल में अश्लील सामग्री न देखना से काफी हद तक नशे से छुटकारा पाया जा सकता है।

## शराब के ठेकों पर ओवर चार्जिंग शुरू बिल मांगने पर किया जा रहा इंकार

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

▶ **गगरेट में बियर की बोतल के लिए 180 की बजाए 280 रुपए**

राज्य कर एवं आबकारी विभाग से जब से आबकारी विभाग अलग हुआ है, तब से शराबी लाबी की मनमानी ऐसी चरम पर पहुंची है कि नियम व विभाग द्वारा तय शर्तें सब ताक पर लग गए हैं। जिला ऊना में पहले शराब लाबी आबकारी विभाग द्वारा तय शराब के रेटों से कहीं कम पर शराब बेच रही थी तो अब शराब लाबी ने ओवर चार्जिंग शुरू कर दी है। गगरेट में शराब के एक ठेके पर बियर की एक बोतल ही दो सौ अस्सी रुपए में दी गई, जबकि बोतल पर अंकित रेट एक सौ अस्सी रुपए है। हद तो यह है कि शराब के ठेकों पर मांगने पर बिल तक नहीं दिए जा रहे हैं लेकिन आबकारी विभाग मौन धारण किए हुए है।

नई शराब नीति के तहत आवंटित किए गए शराब ठेकों के साथ-साथ आबकारी विभाग ने इस बार अधिकतम खुदरा मूल्य पर शराब बेचने की पालिसी तय की है और बकायदा शराब के दाम भी तय किए हैं। उससे अधिक किसी भी शराब ठेके पर शराब के दाम वसूले नहीं जा सकते। गगरेट के अर्जुन सिंह का आरोप है कि भरवाईं रोड पर स्थित एक शराब के टेके पर उसने बियर की एक बोतल ली, जिस पर शराब के दाम 180 रुपए अंकित थे और शराब के ठेके पर तैनात कारिंदे ने उससे दो सौ अस्सी रुपए वसूल किए। अर्जुन सिंह द्वारा जब इसके लिए बिल की मांग की गई तो उसे बताया गया कि शराब की खरीद पर बिल नहीं दिया जाता। जब उसने बोतल पर एक सौ अस्सी रुपए अंकित होने की बात कही तो उसने कहा कि जो रेट उन्हें बताए गए हैं, वह उसी के अनुसार वसूल कर रहा है। अब सवाल यह है कि क्या आबकारी विभाग नियमित रूप से शराब के ठेकों की चैकिंग नहीं कर रहा है।

अगर कर रहा है तो क्यों शराब के ठेकों पर शराब खरीदने पर उपभोक्ता को बिल नहीं दिया जा रहा और किस तरह शराब के ठेकों पर ओवर चार्जिंग हो रही है। उधर, आबकारी विभाग के उपायुक्त टिक्कम सिंह का कहना है कि किसी भी वस्तु की खरीद पर बिल देना अनिवार्य है और अगर ओवर चार्जिंग हो रही है तो निश्चित तौर पर इस पर कार्रवाई की जाएगी।

# भव्य शोभायात्रा से शुरू होगा पिपलू मेला

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

▶ **5 जून से शुरू हो रहे मेले को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित**

जिला स्तरीय ऐतिहासिक पिपलू मेला 5 से 7 जून तक भव्य रूप से पिपलू में मनाया जाएगा। यह बात कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने सोमवार को बीडीओ कार्यालय बंगाणा के सभागार में मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने बताया कि मेले का शुभारंभ 5 जून को एक भव्य शोभायात्रा के साथ किया जाएगा।

यह शोभायात्रा लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह बंगाणा से पिपलू तक निकाली जाएगी। इसके पश्चात पूजा-अर्चना एवं झंडा रस्म निभाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मेले हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और इन्हीं आयोजनों के माध्यम से हमारी संस्कृति को जीवित रखने के लिए बल मिलता है। पिपलू मेला जिला ऊना का एक प्रमुख ऐतिहासिक एवं धार्मिक मेला है जिससे हजारों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। विधायक ने बताया कि इस 3 दिवसीय मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिनमें विभिन्न दलों, स्थानीय स्कूलों और कलाकारों को अपनी प्रस्तुतियां देने का अवसर प्रदान किया जाएगा, साथ ही विवेक शर्मा ने बताया कि मेले के दौरान एक स्टार नाइट का आयोजन भी किया जाएगा।

इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को बंगाणा में उपयुक्त स्थल चिन्हित करने के दिशा-निर्देश दिए। विवेक शर्मा ने निर्देश दिए कि मेले के सफल आयोजन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान तहसीलदार बंगाणा मेला अधिकारी होंगे, जबकि एसएचओ बंगाणा पुलिस मेला अधिकारी होंगे। मेले की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने के लिए एक भव्य बहुरंगी स्मारिका भी प्रकाशित की जाएगी।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में प्रदेश कांग्रेस सचिव देसराज मोदगिल, सीएमओ डॉ. संजीव वर्मा, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, विभिन्न पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**मेले में लगाई जाएंगी विकासात्मक प्रदर्शनियां**

**मेले के** दौरान विभिन्न विभागों की विकासात्मक प्रदर्शनियां भी लगाई जाएगी जिसमें लोगों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा वॉलीबाल, डॉग शॉ, कुश्ती तथा रस्साकशी जैसी खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

# वोट बैंक के लिए प्रदेश की सुरक्षा से किया जा रहा समझौता : चैतन्य

**अनंत ज्ञान, अंब**

गगरेट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता चैतन्य शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि महज वोट बैंक की राजनीति के चलते प्रदेश की सुरक्षा को दांव पर लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अवसरवाद की राजनीति की है, जिसे देश की सुरक्षा और आम जनता की भावनाओं से कोई सरोकार नहीं रहा। चैतन्य शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में चोरी और लूटपाट जैसी घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं, लेकिन प्रदेश सरकार आंखें मूंदे बैठी है।



उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जहां एक ओर पूरे देश में पाकिस्तानियों को देश से बाहर निकाला जा रहा है, वहीं प्रदेश में कांग्रेस सरकार उन्हें सीने से लगाए बैठी है। सवाल यह उठता है कि आखिर क्यों प्रदेश सरकार ऐसे संदिग्ध लोगों को बाहर का रास्ता नहीं दिखा रही? पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने पुलिस प्रशासन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि प्रवासी मजदूरों के एक खास समुदाय के लोगों की ठीक ढंग से वेरिफिकेशन तक नहीं की जाती, जो कि स्थानीय लोगों के आपसी सौहार्द को खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ते।

उन्होंने कहा कि जब कोई गंभीर घटना घट जाती है, तब पुलिस के पास हाथ मलने के सिवाय कुछ नहीं बचता। जिस प्रकार केंद्र सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए कठोर एवं निर्णायक कदम उठा रही है, उसी प्रकार हिमाचल सरकार को भी प्रदेश की जनता की सुरक्षा, विश्वास और संवेदनाओं को प्राथमिकता देते हुए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## धर्मपुर में शोभायात्रा 8 को

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हरोली क्षेत्र के गांव धर्मपुर के किरनी डीग स्थित पोनाहारी मंदिर में 8 से 17 मई तक धार्मिक समागम का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के सेवादार डॉक्टर प्यारा सिंह व शिव शशि कंवर ने बताया समागम में श्री राम कथा सप्ताह के शुभारंभ पर 8 मई को भगवान श्रीराम भगवान की महिमा का गुणगान करते हुए शोभायात्रा निकाली जाएगी। धार्मिक समागम की कलश यात्रा मंदिर से सुबह 9 बजे शुरू होगी। यात्रा दौरान भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान गांव में किया जाएगा। धार्मिक समागम में कथा व्यास राधा जी शामिल होंगी व कथा का गुणगान करेंगी। मंदिर में 9 से 17 मई तक श्रीराम कथा साप्ताहिक कथा रोजाना स्मय सुबह 11 से दोपहर 2 दोपहर तक होगी। कथा उपरांत हर रोज लंगर की व्यवस्था होगी। 17 मई को कथा सप्ताह समाप्ति पर विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा। उन्होंने धार्मिक समागम का लाभ उठाने के लिए श्रद्धालुओं को निमंत्रण दिया है ।

## बगलामुखी मंदिर गगरेट में बगलामुखी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

# समस्त मानव जाति के लिए मांगी सुख-समृद्धि

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

मां बगलामुखी जयंती पर सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर गगरेट में विशेष हवन यज्ञ के साथ समस्त मानव जाति की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की गई। मां बगलामुखी जयंती पर मंदिर परिसर में बनाए गए कई हवनकुंडों में श्रद्धालुओं ने भी हवनयज्ञ में आहूति डालकर अपनी ईष्ट देवी से शत्रुओं के नाश के साथ सुख-समृद्धि की मंगलकामना की।



मां बगलामुखी जयंती पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

मां बगलामुखी को तत्काल फल देने वाली मां के रूप में जाना जाता है जो उन्हें याद करने वालों के पल भर में कष्ट हरती है। मां बगलामुखी जयंती पर मां बगलामुखी मंदिर में भक्तों का इतना हजूम उमड़ा कि कहीं भी तिल धरने तक की जगह नहीं थी। जयंती पर स्थानीय विधायक राकेश कालिया भी मां के दरबार में नतमस्तक हुए तो सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में लगे भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। मां बगलामुखी को तंत्र सिद्धि की माता के रूप में भी जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि मां बगलामुखी जयंती पर भक्त मां से जो भी वर मांगते हैं, वह अवश्य पूरा होता है।

सोमवार को मां बगलामुखी जयंती पर मां बगलामुखी मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। मंदिर परिसर में बने हवनकुंडों से निकलने वाला धुआं वातावरण में भक्ति व शुद्धता घोल रहा था। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ पंजाब से आए सैकड़ों श्रद्धालु मां का आशीर्वाद पाने के लिए लालायित थे। मंदिर परिसर में ही बगलामुखी जयंती पर आयोजित धार्मिक आयोजन में मां के सुंदर भजन भक्तों को निहाल कर रहे थे तो मां की सुंदर झांकियां भक्ति माहौल को और भी आकर्षित बना रही थीं। मान्यता है कि कलियुग में मां बगलामुखी ही ऐसी मां है, जो उन्हें याद करने वाले भक्त को तत्काल फल देती है। कई ऐसे श्रद्धालु हैं, जो मां के चमत्कार से साक्षात हो चुके हैं।

मां बगलामुखी मंदिर गगरेट के महंत मयूर शास्त्री ने बताया कि मां बगलामुखी मां हथेली पर सरसों उगाने वाली मां हैं और मां बगलामुखी जयंती पर मां को नमन करने का विशेष महत्व है।

# प्राथमिक शिक्षकों के निलंबन ने प्रदेश सरकार के चेहरे से उतारा मुखौटा : राजेश

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

प्रदेश भाजपा सचिव एवं गगरेट के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने अपनी मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे प्राथमिक शिक्षकों के प्रदेश सरकार द्वारा किए गए निलंबन को असंवैधानिक करार देते हुए प्रदेश सरकार की तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को ओपीएस देकर कर्मचारी हितैषी होने का ढोंग रचने वाली प्रदेश सरकार के चेहरे से इस कृत्य ने मुखौटा उतार कर रख दिया है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी मांगों को रखना हर किसी का अधिकार है, लेकिन प्रदेश सरकार हिटलरशाही से हर आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है, जो कि उसके ताबूत में आखिरी कील साबित होगी। उन्होंने कहा कि कितने शर्म की बात है कि जिस शिक्षक वर्ग को समाज निर्माता की संज्ञा दी जाती है, उन्हें ही अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरने को विवश होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक तो प्रदेश सरकार को झूठे वादों से ठगकर कांग्रेस ने प्रदेश की सत्ता हासिल की और अब जब प्रदेश कांग्रेस सरकार अपने वादों को पूरा करने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है और जब कोई वर्ग इसके विरुद्ध आवाज उठानी चाह रहा है तो उसकी आवाज को जबरन दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षक लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलनरत हैं, उन्हें वर्तमान प्रदेश सरकार ने झूठे आश्वसानों से न सिर्फ ठगा बल्कि अब जब प्राथमिक शिक्षकों ने सोलह अप्रैल को शिमला में धरना देने की सरकार को जानकारी देने के साथ धरना दिया और हिटलरशाही का परिचय देते हुए प्रदेश सरकार ने उन पर निलंबन की गाज गिरा कर उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया है। उन्होंने सीएम को सलाह दी है कि वह तानाशाहीपूर्ण रवैया छोड़कर इस मसले का शीघ्र समाधान निकाले। भाजपा प्राथमिक शिक्षकों के प्रदर्शन का समर्थन करती है और उनके साथ खड़ी है।

# विधायक विवेक ने किया दरगाह भवन का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने 6.95 करोड़ से निर्मित हो रहे पीर गौस पाक ग्यारहवीं वाले के दरगाह भवन का विधिवत उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह स्थल क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है और अब इसे न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि दरगाह भवन सहित मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार कार्य 6.95 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है, जो आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि वर्षों से श्रद्धालुओं की यह मांग रही है कि जिस मंजिल पर पीर गौस पाक की दरगाह स्थित है, वहां दर्शन और माथा टेकने में कठिनाई होती थी।



पीर गौस पाक ग्यारहवीं वाले के दरगाह भवन में भक्तों के साथ विधायक विवेक शर्मा।

इसे देखते हुए मंदिर परिसर को दो मंजिलों में पुनर्निर्मित करने की योजना तैयार की गई और दरगाह मंजिल को तैयार करके उसका उद्घाटन किया गया।

वहीं, दो मंजिलें अलग से बनाई गई हैं, जिनकी तैयारी के लिए अलग-अलग चरणों में टेंडर निकाले जाएंगे। नया ढांचा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा यह स्थान सभी धर्मों के लोगों की श्रद्धा का प्रतीक है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि मंदिर परिसर के मुख्य द्वार को भव्य रूप दिया जाएगा। इसके अलावा, श्रद्धालुओं के लिए प्रतीक्षा कक्ष, स्नानघर, शौचालय, जलापूर्ति, और विश्राम स्थल जैसी सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाएंगी।

इस अवसर पर मंदिर अधिकारी एवं कार्यवाहक उपमंडलाधिकारी नागरिक बंगाणा अमित कुमार, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, एक्शन जल शक्ति राकेश कुमार, एसडीओ विद्युत उदित कुमार, कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, देसराज मोदगिल, देसराज गौतम के अलावा अन्य मौजूद रहे।

# धन की उगाही करके मेला आयोजित करने को विकास नहीं कहते : गोल्डी

**अनंत ज्ञान, हरोली**

हरोली भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री गोल्डी कौंडल ने हरोली कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा भाजपा नेताओं के कारोबार पर की गई टिप्पणी को लेकर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं का कारोबार पूछने वाले व्यक्ति का अपना क्या धंधा है, हरोली ही नहीं पूरे प्रदेश की जनता अच्छे से जानती है। उन्होंने कहा कि सोमभद्रा नदी में खनन पट्टे देने के बदले साझेदारियों का दबाव कौन और किस पर डालता रहा है, लोग अच्छी जानते हैं।



उन्होंने कहा कि लोगों से धन की उगाही करके मेला आयोजित करने को विकास नहीं कहते। भाजपा महामंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सरकार में उपमुख्यमंत्री का पोर्टफोलियो लेकर घूम रहे व्यक्ति की सरकार में क्या हालत है, यह भी हिमाचल का बच्चा-बच्चा जानता है। उन्होंने कहा कि हालत यह हो चुकी है कि हरोली कांग्रेस के पदाधिकारियों के ऐसे ही काम धंधों के कारण कांग्रेस के अपने ही कार्यकर्ता मुकेश अग्निहोत्री और पार्टी से किनारा करते जा रहे हैं। हरोली कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जिस उपमुख्यमंत्री द्वारा नशे के खिलाफ प्रशासन को दिए जा रहे निर्देशों की बात कर रहे हैं, उसी उपमुख्यमंत्री की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि उसके कहने पर एक चपरासी तक की बदली हिमाचल में नहीं हो रही है।

दिल बहलाने को कांग्रेस के नेता चाहे जो मर्जी बोलते रहे, लेकिन वह भी जानते हैं कि उपमुख्यमंत्री को दिए गए विभागों में भी उनकी एक नहीं चलती। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जनता को यह बताने का कष्ट करें कि उपमुख्यमंत्री लंबे समय से हिमाचल प्रदेश के सचिवालय तक क्यों नहीं पहुंच पाए हैं। जिस खनन माफिया को आगे बढ़ाने के आरोप कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भाजपा पर लगा रहे हैं, उस खनन माफिया का जन्मदाता कौन है?

**मंथन** बाल कल्याण समिति की बैठक में डीसी जतिन लाल ने दिए निर्देश

# बच्चों के मामले की दें तुरंत जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

बाल कल्याण समिति ऊना की त्रैमासिक बैठक सोमवार को उपायुक्त ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में उनके चैंबर में संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने बाल कल्याण समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने बाल कल्याण समिति को निर्देश दिए कि बच्चों से संबंधित कोई भी मामला समिति के संज्ञान में आते ही तुरंत उनके ध्यान में लाया जाए ताकि समय पर उचित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा मीनाक्षी राणा ने बताया कि फोस्टर केयर एवं स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 41 बच्चों को सहायता प्रदान की गई है। वर्तमान में ऊना जिले में दो बाल संरक्षण एवं देखभाल संस्थान प्रेम आश्रम और विशेष विद्यालय एवं बाल संरक्षण संस्थान के साथ संप्रेक्षण गृह संचालित हैं, जो कि समूर कलां में कार्यरत हैं। समिति द्वारा इन संस्थानों का हर माह दो बार निरीक्षण किया जाता है ताकि इनका सुचारु संचालन सुनिश्चित हो सके और बच्चों की उचित देखभाल भी हो सके।



ऊना में बाल कल्याण समिति की बैठक में उपस्थित डीसी और अन्य सदस्य।

इसके अलावा इन संस्थानों में बच्चों को अच्छे मूल्यों को अपनाने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा देने के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा समिति विभिन्न योजनाओं जैसे पॉक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, बाल विवाह निषेध कानून और बच्चों के कल्याण के लिए संचालित अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में स्कूलों में जाकर जागरूकता अभियान भी चलाती है।

बैठक में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष मीनाक्षी राणा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## रैंकिंग के लिए कमेटी ने किया अंब अस्पताल का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, अंब।** कायाकल्प योजना के तहत रैंकिंग के लिए राज्य स्तरीय कमेटी ने सोमवार को सिविल अस्पताल अंब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के लिए कमेटी में डॉ. गौरव सेठी, डॉ. घनश्याम उपाध्याय और डॉ. दीपक गुप्ता का सिविल अस्पताल अंब पहुंचने पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव गर्ग, एसएमओ डॉ. राहुल कतना, डॉ. रूपिंदर शर्मा सहित अन्य डॉक्टर्स और स्टाफ ने स्वागत किया।

टीम सदस्यों ने सिविल अस्पताल अब कैंपस में उपलब्ध सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और उनके बारे विस्तार से जानकारी ली। गौरतलब है कि दो वर्ष पूर्व कायाकल्य के तहत सिविल अस्पताल अंब को राज्य में प्रथम स्थान हासिल हुआ था, जबकि गर्त वर्ष भी सिविल अस्पताल अंब राज्य में छठे स्थान पर था।

# युवाओं को खेलों से जोड़ने की सभा ने दिया खेलों का सामान



सर्वहितकारी सभा ने पंजोआ के युवा क्लब के लड़कों को वॉलीबॉल व नेट भेंट किए।

**अनंत ज्ञान, अंब**

उपमंडल अंब के तहत पंचायत पंजोआ लड़ोली में सर्वहितकारी सभा द्वारा एक सराहनीय कदम उठाते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी अनिल शर्मा के माध्यम से युवा मोर्चा अध्यक्ष अतुल धीमान व उनकी टीम को वॉलीबाल एवं नेट भेंट की गई।

यह आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखने और खेलों की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता अनिल शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। ये न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि युवाओं को नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रखते हैं। हमें खेलों को अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए और नशे जैसी बुराइयों से बचना चाहिए। कार्यक्रम में कमेटी के अध्यक्ष मदन धीमान सहित कुशल धीमान, लखविंद्र सिंह, फतेह सिंह, रमन सोनी, विकास शर्मा और लडोली पंचायत के प्रधान बलविंदर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयासों से गांव का युवा जागरूक व सशक्त बनेगा और नशे से दूर रहेगा।

युवा मोर्चा अध्यक्ष अतुल धीमान ने इस सहयोग के लिए सर्व हितकारी सभा और अनिल शर्मा का आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि युवा इस सुविधा का भरपूर उपयोग करेंगे और गांव का नाम रोशन करेंगे।

# पाकिस्तानियों को क्यों नहीं खदेड़ रही सुक्खू सरकार

## लाहौल-स्पीति में भाजपा ने रैली के दौरान उठाए सवाल, जमकर नारेबाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

प्रदेश भाजपा ने सोमवार को हर जिले में सुक्खू सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में भी रैली का आयोजन किया गया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस मौके पर जिला भाजपा की ओर से डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया। इस मौके पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष पायल वैद्य के नेतृत्व में जिला भाजपा अध्यक्ष रिगजिन हायरप्पा सहित तमाम भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय केलांग में रोष रैली निकालते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। रैली को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष पायल वैद्य ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पश्चात देश की सरकार द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ कुछ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसके चलते देशभर में रह रहे पाकिस्तानियों को यहां से खदेड़ कर बाहर निकाला जा रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार ने इस मामले को लेकर अभी तक चुप्पी साध रखी है। यही वजह है कि यहां से पाकिस्तानियों को खदेड़ने को लेकर सरकार गंभीर नहीं दिख रही है। इसी मांग को लेकर जिला भाजपा द्वारा डीसी लाहौल-स्पीति के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें यह मांग रखी गई है कि जल्द पाकिस्तानियों को प्रदेश से बाहर किया जाए।



डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना को ज्ञापन सौंपते भाजपा के सदस्य।

### देश की रक्षा के लिए मिलकर आगे बढ़ें : पायल

**इस** मौके पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष पायल वैद्य ने कहा कि जिस तरह से कभी केंद्र में तो कभी प्रदेश में कांग्रेस के नेता पहलगाम हमले को लेकर लचीलापन दिखा रहे हैं। देश की सुरक्षा को प्रधानमंत्री द्वारा उठाए जा रहे कदमों पर भी प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं, यह सच में शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में राजनीति नहीं होने चाहिए और देश की रक्षा के लिए मिलकर आगे बढ़ना चाहिए।

### ज्ञापन में ये रही मांगें

**हिमाचल** प्रदेश में रह रहे वैध/अवैध पाक नागरिकों की तत्काल पहचान की जाए। प्रदेश की सभी जिला पुलिस और जांच एजेंसियों को विशेष निर्देश दिए जाएं। केंद्र सरकार की नीति के अनुरूप राज्य सरकार गंभीरतापूर्वक कार्रवाई सुनिश्चित करे। प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखा जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कठोर कदम उठाए जाएं। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रदेश सरकार इस मुद्दे पर जल्द कार्रवाई नहीं करती है, तो भाजपा राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ेगी और जनता को राज्य सरकार की निष्क्रियता के बारे में जागरूक करेगी।

## 8 मई को लगेगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य पर 8 मई को प्रात: 11 बजे पुराने सर्किट हाउस, केलांग में एक ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है।



यह जानकारी डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने दी। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा आयुष विभाग द्वारा आम जनता के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया जाएगा। इसमें लोगों को स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी एवं निशुल्क दवाइयां वितरित की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान एक अन्य प्रमुख उद्देश्य नशे से बचाव के प्रति जागरूकता, सुझाव व मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। इसके लिए विशेष उपदेशकों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने जिले के सभी रक्तदाताओं, महिला मंडलों, युवक मंडलों तथा स्थानीय जनता से इस रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस दौरान सहायक आयुक्त संकल्प गौतम व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रोशन लाल भी उपस्थित रहे।

# जिला भाजपा ने प्रदेश सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय ढालपुर में जिला भाजपा की ओर से प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया गया। भाजपा ने पहलगाम हमले के बाद हिमाचल और कुल्लू में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस अपने देश भेजने को लेकर प्रदेश सरकार के ढुलमुल रवैये को लेकर मोर्चा खोला और इस दौरान पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान भाजपा ने डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश के माध्यम से राज्यपाल व प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजा और मांग रखी कि यदि कुल्लू में कोई वैध या अवैध रूप से पाकिस्तानी नागरिक रह रहा है, तो उसे यहां से वापस भेजा जाए। इस मौके पर भाजपा ने कांग्रेस सरकार को घेरा। धरने को संबोधित करते हुए बंजार के विधायक ने कहा कि जैसे केंद्र सरकार पूरे देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तानियों की पहचान और देश से निकालने जैसी सख्त कार्रवाई कर रही है, तो हिमाचल सरकार क्यों सोई हुई है। उन्होंने कहा क्या राज्य सरकार देश की आंतरिक सुरक्षा के मुद्दे को राजनीतिक चश्मे से देख रही है। इस सोई हुई सरकार को जगाना होगा। वहीं, इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने तत्काल आदेश जारी कर भारत में रह रहे पाकिस्तान के वैध/अवैध नागरिकों की पहचान कर देश से बाहर निकालने के निर्देश राज्यों को भेजा था। इसके तहत सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस को पूरी तरह सतर्क कर खोजबीन शुरू करने के आदेश दिए गए थे। केंद्र सरकार ने देश में रह रहे पाकिस्तानियों की पहचान और निष्कासन को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने न तो पुलिस को कोई अधिसूचना जारी की और न ही किसी एजेंसी को इस दिशा में कार्रवाई के निर्देश दिए। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस सरकार इस मुद्दे पर लापरवाह रवैया अपना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब देश के अन्य राज्यों ने इस अभियान के तहत सक्रियता दिखाकर पाकिस्तान से जुड़े नागरिकों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर भेजा, तब हिमाचल प्रदेश में एक भी ऐसे नागरिक की न तो पहचान की गई और न ही किसी प्रकार की खोजबीन की गई।




भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### काजा व ताबो में वन मित्रों को किया जा रहा प्रशिक्षित

**अनंत ज्ञान, काजा।** स्पीति वन्य प्राणी मंडल में वन मित्रों का प्रशिक्षण 1 से 7 मई तक वन परिक्षेत्र काजा व ताबो में करवाया जा रहा है। उप वनसंरक्षक मंदार जेवरे (भावसे) ने बताया कि वन मित्रों को इन सात दिनों में प्रधान मुख्य अरण्यपाल हिमाचल प्रदेश के निर्देशों के अनुसार वानिकी, पौधरोपण, वन्य प्राणी व संरक्षित क्षेत्रों के प्रबंधन आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी जाएगी, ताकि सभी वन मित्र अपने कार्यक्षेत्रों में जाकर वन व वन्य प्राणीयों के प्रबंधन व संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक कर सकें।

### दिव्यांगता की पहचान, समझ के लिए बनाया सक्षम

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** सामाजिक संस्था सांफिया द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र अरछंडी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एकदिवसीय दिव्यांगता पहचान कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को प्रारंभिक स्तर पर दिव्यांगता की पहचान, समझ, और मार्गदर्शन के लिए सक्षम बनाना था। कार्यक्रम में सांफिया के कार्यक्रम प्रबंधक बीजू हिमदल ने संस्था की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार संस्था दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास के लिए शिक्षा, थैरेपी, परामर्श और सरकारी योजनाओं से जुड़ने में सहायता प्रदान कर रही है। फिजियोथेरेपिस्ट अनु राणा ने कार्यकर्ताओं को विभिन्न प्रकार की थैरेपी सेवाओं (जैसे कि फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थैरेपी आदि) की जानकारी दी और दिव्यांगता के प्रमुख प्रकारों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर सीडीपीओ धनी राम विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सांफिया की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं जमीनी स्तर पर दिव्यांग बच्चों तक पहुंच बनाने में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होती हैं। कार्यशाला में पर्यवेक्षक राजू, समाजसेविका सांफिया धनेश्वरी ठाकुर और जाणा सर्कल की 19 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

### नग्गर व साथ लगते क्षेत्रों में आज बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** बिजली उपमंडल नग्गर के अंतर्गत 33/11 केवी सबस्टेशन नग्गर के आवश्यक रखरखाव के लिए 11केवी बिजली लाइन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली उपमंडल नग्गर के सहायक अभियंता बुद्धि प्रकाश ने बताया कि इस दौरान नग्गर, सरसेई, हलाण प्रथम के अंतर्गत नग्गर, चचोगी, घुड़दौड़, नशाला, जाण, नथान, हिरणी, वरनोट, अरछड़ी, पुलग, रूमसू, बलथा, खुमारटी, रमन, मढ़ी, छाकी, सरसेई, हरिपुर, भोष, रांगड़ी, बटाहर, मनसारी, चकलाड़ी, सेरी नगर, धंमसू, सजला, करजां, खखनाल, गोजरा, गांवों सहित आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार 6 मई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### 8 तक त्रिसदस्यीय सत्यापन समिति का होगा गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण अभिकरण कुल्लू जयवंती ठाकुर ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पूर्व की अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए प्रदेश में (बीपीएल) परिवारों के चयन के लिए मानदंड बारे इच्छुक परिवार जो बीपीएल सूची में शामिल होना चाहते हैं, वह अपने आवेदन आवश्यक घोषणा-पत्र के साथ संबंधित ग्राम पंचायत में 17 मई तक प्रस्तुत कर सकेंगे। 8 मई तक उपमंडल अधिकारी द्वारा त्रिसदस्यीय सत्यापन समिति का गठन किया जाएगा। इसमें पंचायत सचिव, पटवारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल होंगे। सत्यापन समिति द्वारा तैयार की गई सूचियों को वर्ष 2025 में 25 जून तक सार्वजनिक जांच के लिए पंचायत के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित किया जाएगा, ताकि जुलाई माह में ग्राम सभा में मामले पर पारदर्शी रूप से चर्चा की जा सके। संपूर्ण प्रक्रिया अधिमानतः इस वर्ष 15 अक्तूबर तक पूरी कर ली जाएगी।

### 12 मई को मनाई जाएगी बुद्ध जयंती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला मुख्यालय के साथ सटे बदाह गोंपा के बुद्ध विहार में हर साल की तरह इस बार भी 12 मई को बुद्ध जयंती मनाई जाएगी। इस मौके पर खेनपो आचार्य डिमेद नेगी मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। बुद्ध जयंती के दिन सुबह छोग पूजा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए बदाह गोंपा के गुरु की अगुवाई में शाढ़ाबाई देछेन छोस्-खोर महाविहार के पावन लामागण पूजा करेंगे। बुद्ध जयंती के दिन लोगों को महात्मा बुद्ध के उपदेश, शिक्षा और सिद्धांत पर प्रवचन देंगे, जिसे लोग बहुत ध्यान व श्रद्धा से मंत्रमुग्ध होकर श्रवण करते हैं। इस साल श्रद्धेय खेनपो आचार्य डिमेद नेगी प्रवचन देंगे। उन्होंने कहा कि प्रवचन के पश्चात जयंती समारोह में गत वर्ष की भांति इस साल भी हिमालयन बुद्धिस्ट कल्चर स्कूल बटाहर विहाल के बच्चे रंगारंग कार्यक्रम पेश करेंगे। आयोजन समिति द्वारा लोगों के बैठने, जलपान, चायपान के पश्चात दोपहर के भोजन का भी प्रबंध किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर सोसायटी के सभी महिला मंडलों के सदस्यगण एवं गोंपा सोसायटी के पुरुष सदस्यों की भी विभिन्न कार्यों के लिए नियुक्ति की गई है। इस साल दोपहर का भोजन यानी विशाल भंडारा सोसायटी की महिला सदस्य डॉक्टर सोनम छोमो मियास (बिलिंग) के सौजन्य से किया जा रहा है। समारोह के दौरान लाहौल के अन्य कलाकार भी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने कहा कि सब लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसकी शोभा बढ़ाएं।

### पर्यटन स्थलों के लिए संबंधित विभागों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** एसडीएम एवं कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जीवंत गांव कार्यक्रम (वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम) को लेकर बैठक ली। उन्होंने सीमावर्ती गांव में परियोजना के तहत अधोसंरचना विकास से पर्यटन सुविधाओं के विकास, सीमावर्ती गांव के लोगों की अर्थव्यवस्था में व्यापक सुधार और पर्यटकों को अनछुए पर्यटन स्थलों की जानकारी प्राप्त हो इस विषय पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सीमावर्ती गांव में विकसित होने वाले पर्यटन स्थलों के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए, जिससे आधारभूत ढांचे को विकसित किया जा सके और जनजातीय लोगों के हितों की रक्षा भी हो सके। इस दौरान जीवंत गांव कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कुल्लू-मनाली हाईवे पर 17 मील के पास पलटी वोल्वो बस

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

कुल्लू-मनाली हाईवे पर 17 मील के पास पर्यटकों को ले जा रही एक निजी वोल्वो बस दुर्घटना का शिकार हो गई। पुलिस की जानकारी के अनुसार बस में 8 से 10 सवारियां बैठी थीं।

हादसे में एक व्यक्ति को चोटें आई है, जबकि अन्य सभी सुरक्षित बताए गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा सुबह करीब सवा 6:30 बजे पेश आया, जब निजी वोल्वो बस (एचआर 47जी-0011) अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के समय बस में पर्यटक सवार थे, जो कि दिल्ली से मनाली घूमने जा रहे थे, जैसे ही बस पलटी, तो पर्यटकों के बीच चीखो-पुकार मच गई। हादसे के बाद ड्राइवर और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। वहीं, स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे तथा पुलिस प्रशासन को भी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन उससे पहले पर्यटकों को बस से निकाल लिया गया था। हादसे में घायल हुए एक व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया। वहीं, अन्य पर्यटकों को दूसरी बस से गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार गनीमत यह रही कि बस खाई की ओर नहीं गिरी, अन्यथा हादसे का मंजर बहुत बुरा हो सकता था।



### एक व्यक्ति को आईं चोटें, अन्य सुरक्षित

पतलीकूहल थाना की टीम ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार बस चालक बस तेज रफ्तार से चला रहा था, जिस कारण बस अनियंत्रित हो गई और यह हादसा पेश आया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने इस की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि चालक-परिचालक हादसे के बाद वहां से फरार हैं। चालक की तेज रफ्तारी से बस अनियंत्रित हुई, जिस कारण बस पलट गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है। वहीं, उन्होंने वाहन चालकों से वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की अपील की है, ताकि इस प्रकार के हादसों से बचा जा सके।

## पीएम आवास योजना में आवेदन की डेडलाइन बढ़ी

**अनंत ज्ञान, आनी।** ग्रामीण इलाकों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अनुदान के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई तक बढ़ा दी गई है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पहले इसे 30 मार्च से बढ़ाकर 30 अप्रैल किया था। भाजपा आईटी विभाग मंडी संसदीय क्षेत्र के संयोजक आशीष शर्मा ने बताया कि जरूरतमंद और पात्र परिवार जो छूट गए हैं, वे विभाग से सर्वे करा सकते हैं। यह एक निशुल्क प्रक्रिया है। उन्होंने लोगों को सावधान किया कि किसी को भी पैसे न दें। आवेदन की प्रक्रिया को लेकर आशीष शर्मा ने बताया कि यदि कर्मचारी जरूरतमंद तक नहीं पहुंचता है, तो मोबाइल से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। सत्यापन के बाद ब्लॉक और जिला स्तर के अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर पात्र आवेदकों को अनुदान मिलेगा। किसी समस्या के लिए आवेदक अपने वार्ड सदस्य, प्रधान या खंड विकास अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। आनी विधानसभा क्षेत्र के गरीब, अंत्योदय परिवार, भूमिहीन और भवनहीन परिवारों को जल्द से जल्द योजना के सर्वेक्षण में अपना नाम जुड़वाने की सलाह दी गई है।

# तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा गर्ल्स स्कूल सुल्तानपुर



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुल्तानपुर में नाटक का लुत्फ उठाती छात्राएं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन द्वारा कुल्लू के 14 स्कूलों में एकल अभिनय की प्रस्तुति 'कहानियों की कहानी' का 12वां मंचन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुल्तानपुर (गर्ल्स स्कूल) में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

केहर सिंह द्वारा अभिनीत इस नाट्य प्रस्तुति को स्कूल के अध्यापकों, स्कूल में आए बीएड प्रशिक्षुओं और बच्चों ने पूरा उल्लास से देखा और तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। इस प्रस्तुति को देखने के बाद स्कूल की प्रधानाचार्य भावना तनवर ने कहा कि यह बच्चों के लिए एक बहुत ही उत्साहवर्धक और ज्ञान वर्धक प्रस्तुति थी और इससे प्रोत्साहित होकर हमारे विद्यालय की अधिक से अधिक छात्राएं, जो आने वाले समय में ऐक्टिव मोनाल संस्था द्वारा 5 से 7 मिनट की एकल अभिनय की प्रस्तुतियों की प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी और अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी क्योंकि हमारे विद्यालय में बहुत सी प्रतिभावान छात्राएं हैं और उन्हें अगर केहर सिंह ठाकुर, जैसे व्यक्तित्व का मार्गदर्शन मिलेगा, तो उनकी उड़ान को और पंख लग जाएंगे।

# पेंशनर्स की समस्याओं व सदस्यता के नवीनीकरण के बारे में की चर्चा



हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स फेडरेशन नग्गर खंड की बैठक की अध्यक्षता करते भानु प्रकाश।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स फेडरेशन नग्गर खंड की मासिक बैठक वरिष्ठ उपप्रधान भानु प्रकाश गौतम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पहलगाम की आतंकी घटना में मारे गए पर्यटकों की याद में 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस संकट की घड़ी में देश तथा प्रदेश सरकार को अपना पूरा सहयोग देने का फैसला लिया। राष्ट्रवाद की भावना तथा देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने पर भी बैठक में विचार किया गया। इसके साथ ही पेंशनर्स की समस्याओं व सदस्यता के नवीनीकरण के बारे में बैठक में चर्चा की गई। बैठक में फेडरेशन के मुख्य सलाहकार नारायण सिंह ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष रूप सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष प्रेमचंद वर्मा, प्रेस सचिव हीरालाल ठाकुर, कृपाल ठाकुर, हरबंस लाल शर्मा, जवाहरलाल, ठाकुर दास, नीलचंद, ओम प्रकाश, दयाराम, शांति देवी तथा हंसराज भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## काजा स्कूल में नशा निवारण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# खेलों से मिलती है ऊर्जा: शिखा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग एवं तहसील कल्याण विभाग काजा द्वारा सोमवार को काजा स्कूल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं तहसील कल्याण विभाग काजा द्वारा नशा निवारण कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया।

इसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर शिखा ने अपने संबोधन में कहा कि नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है, जो न केवल व्यक्ति के मस्तिष्क, तन, मन और धन, बल्कि पूरे परिवार का नाश करता है। उन्होंने कहा कि परिवार में परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा नशा करने से परिवार के सभी सदस्य परेशान होते हैं। नशा केवल शरीर को नहीं, बल्कि व्यक्ति के भविष्य को भी खराब करता है। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यदि आप अपने आज को संभालेंगे तभी आपका भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने पर बल देते हुए कहा कि पढ़ाई में मन नहीं लगने पर कुछ देर के लिए अवश्य खेलें, खेलों से हमें ऊर्जा मिलती है और उसके उपरांत अपनी पढ़ाई जारी रखें और भविष्य में ऊंचे-ऊंचे पदों पर आसीन होकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। मुख्यातिथि शिखा ने नशा निवारण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए तहसील कल्याण विभाग काजा की सराहना की। इस मौके पर रिसोर्स पर्सन आयुर्वेदिक विभाग काजा से डॉ. सचिन, पुलिस विभाग से हैड कांस्टेबल अमरदीप, क्षेत्रीय अस्पताल से विद्या सागर आदि ने नशे से होने वाले विभिन्न दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



नशा निवारण कार्यक्रम में मुख्यातिथि पहुंची एडीसी काजा व गणमान्य लोग।

## जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट, जातिसूचक शब्द का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के भुंतर थाने के तहत जमीनी विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने दूसरे पक्ष पर जाति सूचक शब्द कहने का भी आरोप लगाया है। भुंतर पुलिस की टीम ने मामला दर्ज कर लिया है व आगामी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शेगली धार के रहने वाले टीकम राम ने बताया कि उसका मान सिंह नाम के व्यक्ति के साथ जमीनी विवाद को लेकर स्टे चला हुआ है। बीते दिन मान सिंह का बेटा राकेश ठाकुर जेसीबी लेकर खेत में आया और उसे खोदने लगा। टीकम राम ने बताया कि जब उन्होंने उसे यहां काम करने से रोका, तो राकेश और उसके भाई वहां पर आए और उन्होंने उसके परिवार के साथ मारपीट करने शुरू कर दी। इस मामले को लेकर एसपी कुल्लू को भी शिकायत सौंपी गई है और आरोपियों पर जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई करने की मांग रखी गई है। वहीं, एसपी कुल्लू गोकुलचंद्रन कार्तिकेयन ने बताया कि पुलिस की टीम ने मामला दर्ज कर लिया है और इस मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है।

**ब्यौरा** मिल्कफेड के अध्यक्ष ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से लिया फीडबैक

# सीएम के आनी दौरे को लेकर किया मंथन

**जितेंद गुप्ता, आनी**

मुख्यमंत्री सुक्खू के आनी विधानसभा क्षेत्र के बागा-सराहन दौरे को लेकर मिल्कफेड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर ने आनी उपमंडल के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने उपमंडल के विभागाध्यक्षों को विभिन्न विकासात्मक योजनाओं से संबंधित ब्यौरा तैयार करने और उस पर उचित कार्रवाई और मांग को लेकर भी तैयारी करने के निर्देश दिए।

बैठक लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग, बिजली बोर्ड सहित अन्य सभी महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों से वर्तमान में चल रहे विकास कार्यों का ब्यौरा मांगा। साथ ही उद्घाटन और शिलान्यास के लिए तैयार विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं पर भी फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि आनी में वर्ष 2023-2024 में आपदा के कारण हुई तबाही की भरपाई के लिए कितने बजट का प्रावधान किया गया है और कहां खर्च किया गया है, इससे संबंधित रिपोर्ट सभी विभाग तैयार करें। इसकी भरपाई के लिए और कितने बजट की आवश्यकता अभी है, इस संबंध में भी स्थिति स्पष्ट की जाए, ताकि मुख्यमंत्री के समक्ष वस्तुस्थिति को सपष्ट किया जा सके और लोगों को राहत प्रदान करने के लिए अतिरिक्त बजट का भी प्रावधान कर कार्रवाई हो सके। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ग्रामीण आर्थिकी को बढ़ावा दे रही है इसके चलते ही वर्तमान में दूध के दामों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी की गई है, जिसका सीधा लाभ पशुपालकों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर आवश्यक कदम उठाएगी। बैठक में जलोड़ी जोत से लेकर बागासराहन को पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए भी विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, पंचायतीराज संस्थाओं के विभिन्न प्रतिनिधि और स्थानीय कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



बुद्धि सिंह ठाकुर आनी उपमंडल के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करते हुए।

### हरिपुर में लगेगा मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट

**उन्होंने** कहा कि आनी के हरिपुर में वर्तमान में 10 हजार लीटर दूध एकत्रित किया जा रहा है, जबकि क्षेत्र से 20 हजार लीटर दूध एकत्रित हो रहा है। भविष्य में इस स्थान पर मिल प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने को लेकर मिल्कफैड कार्रवाई कर रहा है। इसके लिए भूमि चिन्हित की गई है, जिस पर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने पशुपालकों को दूध से संबंधित भुगतान समय पर करने को लेकर भी प्रतिबद्धता जताई।

# 30 लोगों को आपदा प्रबंधन व राहत कार्यों के लिए किया जा रहा तैयार



पतलीकूहल में डिजास्टर मैनेजमेंट को लेकर प्रशिक्षण शिविर के दौरान गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

पतलीकूहल में डिजास्टर मैनेजमेंट को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया।

यह शिविर बीडीओ कार्यालय पतलीकूहल में सोमवार से शुरू हुआ और इसमें कटराईं पंचायत और दुआड़ा पंचायत के निवासियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें दोनों पंचायतों के तीस लोगों ने भाग लिया। वहीं, कुल्लू से आए डिजास्टर मैनेजमेंट प्रशिक्षक कमल भंडारी ने जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्थानीय निवासियों को आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों के लिए तैयार करना है। प्रशिक्षण में आपदा के समय घबराहट में न आने और जान-माल की सुरक्षा के उपायों पर जोर दिया जा रहा है। शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को आपदा के समय प्रभावी ढंग से काम करने और नुकसान को कम करने के तरीके सिखाए जा रहे हैं। यह प्रशिक्षण शिविर तीन दिनों तक चलेगा और इसमें विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक और सैद्धांतिक जानकारी प्रदान की जाएगी। इस दौरान नग्गर खंड अधिकारी मुकेश कुमार, नग्गर खंड कर्मचारी जितेंद्र, कटराईं पंचायत प्रधान गीता ठाकुर, वार्ड सदस्य एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### डिजास्टर मैनेजमेंट प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

## न्यूज ब्रीफ

### नाहन में सड़कों पर उतरे बेरोजगार युवा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में सैकड़ों बेरोजगार युवा सिरमौर बेरोजगार संघ के बैनर तले सड़कों पर उतरे और युवा बेरोजगार विरोधी रैली निकाली। रैली के बाद बेरोजगार संघ ने डीसी के जरिए प्रदेश सरकार को मांगपत्र भेजा। इसमें 10 दिनों के भीतर चयन आयोग को बहाल करने का अल्टीमेटम दिया गया है। मीडिया से बात करते हुए सिरमौर युवा बेरोजगार संघ के अध्यक्ष मामराज ने कहा कि ढाई साल के कार्यकाल में प्रदेश की कांग्रेस सरकार युवाओं से किया कोई भी वादा पूरा नहीं कर पाई है। यही कारण है कि आज हिमाचल प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा बेरोजगार संघ द्वारा मांग की जा रही है कि 10 दिनों के भीतर यदि चयन आयोग की बहाली नहीं की गई तो प्रदेश भर में बेरोजगार युवा एक साथ सड़कों पर उतरने के लिए तैयार हो जाएंगे। संघ के सदस्य अरुण चौहान ने कहा कि जिन वादों के साथ सरकार सत्ता में आई थी। युवाओं से किए वह कोई भी वादे सरकार पूरा नहीं कर पाई है, जिससे युवाओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में करीब 3 लाख ऐसे युवा हैं, जो टीजीटी और जेबीटी कमीशन की तैयारी कर रहे हैं, मगर भर्तियों का सरकार कोई प्रावधान नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि कई युवा दिन-रात पुस्तकालय में बैठकर परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और इसी चिंता में डूबे हैं कि कब उनकी परीक्षाएं होंगी।

### 103 दल मिलकर लड़ेंगे बिहार चुनावः बलदेव

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** भारत गठबंधन के 103 दल बिहार विधानसभा चुनावों को मिलकर लड़ेंगे। चुनावों की योजना बैठक 18 मई को पटना में होगी। यह जानकारी स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा भारत गठबंधन की कोर टीम के सदस्य बलदेव राज सूद ने दी। उन्होंने बताया यह बैठक 18 मई को बिहार भवन, रायपुर लेन मुसल्लहपुर हाट पटना-6 में होगी। बलदेव राजसूद ने बताया कि जेपी आंदोलन के हजारों क्रांतिकारी, अन्ना हजारे ग्रुप तथा अन्य सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों ने बिहार चुनाव में भारत गठबंधन का साथ देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि बैठक में स्वाभिमान पार्टी के साथ, संपूर्ण क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्रह्मदत्त पटेल, जागरूक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मिथिलेश, प्रजाशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकुमार मिश्रा, भारतीय महासंघ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार, भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेसी उपरेति, अखिल भारतीय हिंद क्रांतिदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश त्रिपाठी, भारत रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष माहेश्वरी पांडेय, भारत पुनर्निर्माण दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. संजय कुमार शर्मा, राष्ट्रीय जननीति प्लेट फार्म के राष्ट्रीय संयोजक अभिषेक कुमार आदि बैठक में भाग ले रहे हैं।

### नाहन में पेयजल संकट गहराता जा रहाः गर्ग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन शहर में बिगड़ती पेयजल व्यवस्था को लेकर भाजपा ने जल शक्ति विभाग और जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पेयजल समस्या को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। मीडिया को जारी बयान में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राकेश गर्ग ने कहा कि आए दिन शहर में पेयजल संकट गहराता जा रहा है और लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, मगर इसे लेकर न तो स्थानीय विधायक और न ही जल शक्ति विभाग गंभीर है। पूर्व सरकार के समय में पूर्व विधायक डॉ. राजीव बिंदल के कार्यकाल में शहर के लिए बनी पुरानी पेयजल योजनाओं को भी दुरुस्त करवाया गया था। साथ ही गिरि पेयजल योजना से भी भरपूर मात्रा में पानी मिल रहा था, मगर अब व्यवस्था आए दिन लड़खड़ाती जा रही है। शहर के भीतर कई वार्डों में लोगों को पेयजल किल्लत से जूझना पड़ रहा है और लोग हैंडपंप से पानी भरने के लिए मजबूर हैं, साथ ही लोगों द्वारा की जाने वाली शिकायतों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### परिवहन निगम कर्मियों की सुरक्षा की उठी मांग

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** नालागढ़ में वर्कशॉप के गेट पर हिमाचल परिवहन मजदूर संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें परिवहन संघ के अनेक कर्मियों ने हिस्सा लिया और हालही में हरियाणा राज्य के पिंजौर के नजदीक कंडक्टर पर हुए हमले के मामले में प्रदेश सरकार से परिवहन निगम के कर्मियों की सुरक्षा की मांग की। कर्मियों ने एक जुट होकर एक आवाज में कहा कि जिस तरह कोरोना महामारी के समय चिकित्सकों के लिए मेडि पर्सन एक्ट लागू किया गया था, उसी तरह प्रदेश से बाहर जाने वाले एचआरटीसी स्टाफ को भी सुविधा होनी चाहिए। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा ने कहा कि निगम के कंडक्टर कुलदीप कुमार की बाजुओं में दो फैक्चर हुए हैं और वह अब भी उपचाराधीन हैं, ऐसे में उन पर हुए जानलेवा हमले के बाद अब चालकों व परिचालकों में बाहरी राज्यों को जाने के लिए भय का माहौल बना हुआ है। सरकार ने अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, जिससे परिवहन कर्मियों का हौसला बढ़ा हो। हमें मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व एमडी एचआरटीसी से उम्मीद है कि वह निगम कर्मियों की सुरक्षा के लिए जल्द से जल्द कोई उचित कदम उठाए जाएंगे। संघ ने मढावाला पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई की प्रशंसा की है।

### बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन बारे जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान संपर्क अभियान के अंतर्गत सोलन नगर निगम के वार्ड नंबर-6 में एक प्रभावी संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा रेहड़ी-फड़ी एवं झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक तरसेम भारती ने सहभागिता निभाई। उनके साथ वार्ड पार्षद रेखा साहनी तथा सोशल मीडिया विभाग के शिमला संसदीय क्षेत्र संयोजक विक्रम मट्टू भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वार्ड के कई परिवारों से संपर्क स्थापित किया गया और उन्हें बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन, उनके योगदान तथा कांग्रेस द्वारा उनके साथ किए गए अन्याय की जानकारी दी गई। संपर्क के दौरान यह भी बताया गया कि किस प्रकार कांग्रेस सरकार ने बाबा साहेब को उनका उचित सम्मान नहीं दिया और कैसे भाजपा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचा रही है। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने अभियान की भावना को समझाते हुए अनुसूचित जाति से संबंधित प्रबुद्ध लोगों से विशेष संवाद किया और अभियान के पत्रक वितरित किए। भारती ने कहा कि यह संपर्क अभियान भाजपा के राष्ट्र निर्माण व सामाजिक समरसता के संकल्प को और मजबूती प्रदान करता है।

### बोरवैल व अन्य कार्यों को जल्द पूरा किया जाए

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत रौड़ी के गांव बागा के ग्रामीणों ने विधायक अर्की संजय अवस्थी से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। गांव बागा के निवासी राम की अध्यक्षता में ग्रामीणों ने विधायक से अनुरोध किया कि गांव में एक बोरवैल और सड़क निर्माण सहित अन्य कार्यों को जल्द पूरा किया जाए। सुधार सभा महासचिव प्रेम केशव ने बताया कि विधायक संजय अवस्थी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए। लोगों ने विधायक संजय अवस्थी का धन्यवाद किया और उनकी मांगों को पूरा करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान राम, लोकराम, रमेश ठाकुर, प्रेम केशव, सुखराम, श्याम लाल, कुलदीप, खेमराज, लच्छी राम आदि मौजूद रहे।

### पुरुवाला-काशीपुर में बाबा साहेब को किया याद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा के शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रभारी व पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं विधायक पांवटा साहिब सुखराम चौधरी ने भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत संपर्क ग्राम पंचायत पुरुवाला -काशीपुर में अनुसूचित जाति बस्तियों में जनसंपर्क अभियान किया। अभियान के दौरान सुखराम चौधरी ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर ने भारत का संविधान लिखा था, जिसके लिए बाबा साहेब को भगवान का दर्जा दिया गया है। कांग्रेस की सरकार ने हमेशा बाबा साहेब को अपमानित किया है। बाबा साहेब के द्वारा लिखे गए संविधान का कांग्रेस पार्टी व गांधी-नेहरू परिवार द्वारा अपने फायदे के लिए 74 बार संशोधन किया गया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर ने दलितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। बाबा साहेब ने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने में भी अहम योगदान दिया, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा उनका अपमान ही किया। कांग्रेस पार्टी ने अनुसूचित वर्ग को हमेशा उपेक्षा की नजरों से देखा व वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया।

### नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत बागा करोग में समाजसेवी चौहान कृष्णा ने नशे के खिलाफ खात्मे को लेकर एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान शुरू किया। इस अभियान के तहत उन्होंने स्थानीय लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने के लिए पत्रक बांटे और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समाजसेवी चौहान कृष्णा ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के प्रति जागरूक करना और उन्हें इसके दुष्प्रभावों से बचाना है। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को खराब करता है, बल्कि यह उनके परिवार और समाज के लिए भी हानिकारक होता है। समाजसेवी ने कहा कि जल्द ही इस तरह के आयोजन उपतहसील दाड़लाघाट और जिला परिषद वार्ड दाड़लाघाट के तहत आने वाली पंचायतों में भी शुरू किए जाएंगे।

### आतंकवाद के खिलाफ सड़कों पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेशव्यापी आह्वान पर सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में भी भाजपा के कार्यकर्ता आतंकवाद के खिलाफ सड़कों पर उतरे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाहन शहर में एक रोष रैली निकालकर प्रदर्शन किया और इसके बाद डीसी सिरमौर के जरिए राज्यपाल और मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजा। मीडिया से बात करते हुए पूर्व मंत्री व पांवटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर हमला किया जाना बेहद कायराना हरकत है और केंद्र सरकार भी अब आतंकवादियों के खिलाफ सख्ती से निपटने की तैयारी में है। आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जिसकी चौतरफा सराहना भी हो रही है।

# मौसम में बदलाव से वायरल की चपेट में लोग

## रोज उपचार को पहुंच रहे रोगी, अब तक सामने आए 50 से अधिक मरीज

**आर मोहन चौहान, सोलन**

मौसम में आए बदलाव से लोग वायरल और डायरिया की चपेट में आने लगे हैं। गर्मी बढ़ते ही जिला सोलन के अस्पतालों में जलजनित बीमारियों के रोगी उपचार को पहुंच रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक सोलन अस्पताल में पिछले 10 दिनों में डायरिया से ग्रसित 60 से अधिक रोगी उपचार को पहुंचे। हालत यह है कि अब मरीजों को वार्ड में भर्ती कर उपचार देने की भी जरूरत पड़ रही है। वहीं, जिले के छह स्वास्थ्य खंड से भी डायरिया के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। जिले भर में एक सप्ताह के अंदर अस्पतालों में 700 के करीब वायरल के रोगी उपचार को पहुंचे। वहीं, राहत की बात तो ये है कि डायरिया मामले एक जगह से नहीं आ रहे हैं। यानी कोई क्लस्टर नहीं बन रहा है फिर भी विभाग जल जनित बीमारियों को लेकर अलर्ट हो गया है। (अनंत ज्ञान)



मौसम में आए बदलाव से वायरल और डायरिया की चपेट में आए लोग, क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में उपचार के लिए पहुंचे।

> **गर्मी में** डायरिया को रोकना चुनौती रहता है। हेल्थ वर्कर्स के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों से पानी उबाल कर ही पीने की सलाह है। हो सके तो बाजार में खुले में बनी चीजों का सेवन न करें। पानी को ढक कर ही रखें। बार - बार हाथ धोते रहें।
> **डॉ. अमित रंजन तलवार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, सोलन।**

### गर्मियों में बढ़ जाते हैं मामले

**गर्मी** बढ़ने के साथ मरीजों की संख्या में भी इजाफा हो गया है। लोग वायरल के साथ-साथ पेट दर्द, दस्त की समस्या लेकर अस्पताल आ रहे हैं, जब डायरिया टेस्ट करवाया जाता है, तो मरीज पॉजिटिव निकल रहे हैं। बताया जा रहा है कि पानी की किल्लत होने के कारण लोग प्राकृतिक पेयजल स्रोतों का सहारा ले रहे हैं। इसी के साथ बाहरी व्यंजन के सेवन के कारण मामलों में वृद्धि हो रही है। बढ़ते डायरिया मामलों पर आशा वर्कर्स को फील्ड में जाकर लोगों को जागरूक करने के दिए निर्देश, पानी की किल्लत के चलते प्राकृतिक पेयजल स्रोतों से पानी का सेवन कर रहे लोग देखते हुए स्वास्थ्य महकमे ने अलर्ट कर दिया है। लोगों को एडवाइजरी जारी कर बचाव का आग्रह कर रहे हैं। वहीं, आशा वर्कर्स और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को फील्ड में उतरकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

### डायरिया के लक्षण और बचाव

**मतली** और उल्टी आना बुखार, सिरदर्द ,सूजन, पेट फूलना, पेट दर्द, भूख में कमी, कमजोरी आना सुस्ती रहना है। इसके बचाव के लिए पानी उबाल कर पीना चाहिए। शौच जाने के बाद हाथ अच्छे से धोकर खाना खाएं। दस्त लगने पर ओआरएस का घोल मरीज को दें। जितना जल्द हो सके, मरीज को अस्पताल पहुंचाएं। साफ और ढका हुआ खाना ही खाएं। डायरिया के लक्षण लगने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लेने के बारे में भी कहा है।

# सिरमौर में 203 नव नियुक्त वन मित्रों को किया जा रहा प्रशिक्षित

**अनंत ज्ञान, नाहन**

प्रदेश सरकार वन संपदा को सुरक्षित करने की दिशा में आवश्यक कदम उठा रही है। इस कड़ी में प्रदेश सरकार द्वारा वन मित्र योजना आरंभ की गई है। हालही में प्रदेश में वन मित्रों को नियुक्त भी किया गया है।

योजना के तहत नवनियुक्त वन मित्रों की कार्यशैली को बेहतर बनाने के लिए अब विभाग द्वारा इन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। वन मित्रों की नियुक्ति से जहां एक ओर युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। वहीं, वन विभाग को आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता भी सुनिश्चित हुई है। वन मित्र योजना के तहत जिला सिरमौर में 203 वन मित्रों का चयन किया गया है, जिन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा प्रशिक्षण के उपरांत इन्हें वन बीटों में तैनात कर दिया जाएगा। वन अरण्यपाल सिरमौर वसंत किरण ने जानकारी देते हुए बताया कि सिरमौर में 4 वन मंडल हैं, जिसमें नाहन, पांवटा साहिब, रेणुकाजी व राजगढ़ शामिल हैं। इन सभी चारों वन मंडलों में 2-2 स्थानों पर नव नियुक्त वन मित्रों को विभाग द्वारा 5 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन विभाग की कार्य प्रणाली व वन मित्रों के दायित्व व अन्य कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है तथा प्रशिक्षण के दौरान उन्हें फिल्ड़ विजिट करवाने के साथ-साथ रिपोर्टिंग व फायर सीजन के दौरान उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों के बारे में भी प्रशिक्षित किया जा रहा है।


सिरमौर जिले में 203 नव नियुक्त वन मित्रों को प्रशिक्षण देते हुए।

# हरिपुरधार में बनाया जाएगा सिविल अस्पताल : विनय

## विधानसभा उपाध्यक्ष ने जिला स्तरीय मां भंगायणी मेले का किया समापन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने हरिपुरधार में जिला स्तरीय मां भंगायणी मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए लोगों को मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेले एवं त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति का प्रतीक हैं, तथा यह मेले आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं।

उन्होंने कहा कि यह मेला हरिपुरधार तथा साथ के क्षेत्रों का प्रमुख मेला है, इस मेले की ख्याती प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के हर क्षेत्र के एक समान व संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हरिपुरधार क्षेत्र के लोगों के विकास के लिए उनके द्वारा उठाई गई मांगों को पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। विस उपाध्यक्ष ने स्थानीय लोगों द्वारा हरिपुरधार में बस स्टैंड की मांग पर लोगों को भूमि चयनित करने को कहा। उन्होंने कहा कि हरिपुरधार में जल्द ही सिविल अस्पताल बनाया जाएगा, जिससे हरिपुरधार व इसके साथ लगती पंचायतों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। इससे पूर्व उपाध्यक्ष ने मां भंगायणी मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान अनिल शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा मंदिर कमेटी हरिपुरधार द्वारा स्मृति चिन्ह, ढांगरा, लोईया, शाल व टोपी भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीडीसी अध्यक्ष संगड़ाह तेजेंद्र कमल, एसडीएम संगड़ाह सुनिल कायथ, पूर्व बीडीसी संगड़ाह दलीप सिंह, प्रधान परिषद अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर, अध्यक्ष ब्लॉक समिति रेणुका जी तपेंद्र चौहान, महासचिव ब्लॉक कांग्रेस रेणुका जी मित्र सिंह तोमर, बीसीसी सदस्य यशपाल चौहान तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।


हरिपुरधार में विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार का स्वागत करते लोग।

# रोनहाट मंच ने खोला कांग्रेस का झूठ व फरेब का पुलिंदा : बलदेव

**अनंत ज्ञान, नाहन**

रोनहाट में आयोजित कांग्रेस सरकार का तथाकथित सरकारी कार्यक्रम कांग्रेस की हताशा और असफलता का जीवंत उदाहरण बनकर रह गया, जब आम जनता ने इस झूठे, दिखावटी आयोजन को पूरी तरह नकार दिया, तो कांग्रेस सरकार ने स्कूली बच्चों को जबरन कार्यक्रम स्थल पर बिठाकर भीड़ का ढोंग खड़ा किया।



यह आरोप भाजपा नेता और शिलाई से पार्टी प्रत्याशी रहे बलदेव तोमर ने जारी बयान में लगाया। उन्होंने कहा कि यह कृत्य शर्मनाक ही नहीं, बल्कि निंदनीय और बच्चों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ है। क्या अब कांग्रेस की राजनीतिक विफलताओं का बोझ मासूम बच्चों पर डाला जाएगा? क्या अब स्कूली बच्चे कांग्रेस की भीड़ जुटाने की मशीन बनेंगे? भाजपा इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी और इस मुद्दे को हर मंच पर उठाएगी। कांग्रेस नेताओं ने मंच से जिस तरह झूठ का पुलिंदा खोला, वह इस बात का प्रमाण है कि सरकार के पास दिखाने के लिए कुछ नहीं बचा है। शिक्षा मंत्री और उद्योग मंत्री दोनों ने ऐसे-ऐसे दावे किए जो जमीनी हकीकत से कोसों दूर हैं। शिक्षा मंत्री कहते हैं कि उन्होंने सैकड़ों शिक्षकों की नियुक्ति की, लेकिन यह नहीं बताते कि उन्हीं की सरकार ने शिलाई जैसे दुर्गम क्षेत्र में सैकड़ों स्कूल बंद कर दिए। जब स्कूल ही बंद हैं, तो शिक्षक किस दीवार से टिकाकर पढ़ा रहे हैं? यह झूठे आंकड़ों की बाजीगरी नहीं तो और क्या है? कांग्रेस सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को चौपट कर दिया है और अब आंकड़ों से भ्रम फैलाने की असफल कोशिश की जा रही है।

# लापता नारायण सिंह का नहीं लगा सुराग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के शिलाई से 38 वर्षीय नारायण सिंह पुत्र झगड़ू राम दो महीनों से लापता हैं। नारायण सिंह के बड़े भाई जालम सिंह ने पुलिस थाना शिलाई में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जालम सिंह ने बताया कि उनका छोटा भाई अपने परिवार सहित शिलाई में लगभग पिछले सात सालों से रह रहे हैं। उसके पास तीन बच्चे हैं, जो सीसे स्कूल शिलाई में पढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि भाई नारायण सिंह शिलाई में दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है कभी-कभी दिहाड़ी के लिए शिलाई से बाहर भी जाता था, वह दो माह से लापता है, उसका न तो कोई मोबाइल संपर्क हुआ है न ही कही पर देखे जाने की सूचना है। नारायण दो माह से लापता है, लेकिन उसकी पत्नी से पिछले 7 दिन पहले ही लापता होने की सूचना मिली। परिवार व बिगरौली गांव के लोगों ने ढूंढने की बहुत कोशिश की, लेकिन कहीं कोई पता नहीं चल पाया है। इसके बाद पुलिस थाना शिलाई में गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया गया है।



# छात्रों ने बनाए पौधों के क्यूआर कोड

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सिरमौर के ब्लॉक नारग ग्राम पंचायत दाड़ो देवरिया के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बरोग में विज्ञान अध्यापक तुषार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने फ्लोरा क्यूआर कोड बनाना और स्कैन करना सीखा। यह गतिविधि स्कूल के ईको क्लब के अंतर्गत मिशन फॉर लाइफ के अंतर्गत आयोजित की गई। इसका उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। बनाए गए क्यूआर कोड को स्कूल परिसर में विभिन्न स्थानों पर टैग किया गया है। इसके अतिरिक्त ईको क्लब के अंतर्गत पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## प्रदेश में पाकिस्तान नागरिकों को तत्काल भारत छोड़ने की मांग

# माल रोड पर पाकिस्तान के खिलाफ की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा मंडल सोलन ने सांसद डॉ. सिकंदर कुमार के नेतृत्व में पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में धरना-प्रदर्शन कर हिमाचल में वैध एवं अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तान नागरिकों को तत्काल भारत छोड़ने के लिए कार्रवाई की मांग की। इसको लेकर डीसी सोलन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। पार्टी कार्यकर्ताओं ने माल रोड में रैली निकाल पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की।

साथ ही केंद्र सरकार से आतंकियों के खात्मे की मांग उठाई। भाजपा प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा कि कुछ दिन पूर्व पाकिस्तान द्वारा पल्लवीत, पोषित एवं समर्थित आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर घाटी के पहलगाम में एक अत्यंत घृणित, कायराना एवं हृदय को झकझोर देने वाली हरकत करते हुए 26 निर्दोष भारतीय नागरिकों को उनके धर्म के आधार पर मौत के घाट उतार दिया। इस जघन्य अपराध को, जो कि अब तक की सबसे कायराना हरकत है, पाकिस्तान की खूफिया एजेंसी आईएसआई एवं पाकिस्तानी फौज के इशारे पर अंजाम दिया गया, जहां एक तरफ देश इस कायराना हमले से न केवल स्तब्ध एवं गुस्से में है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी ने इस घटना को अंजाम देने वालों एवं इसके पीछे छिपी ताकतों को कड़ी फटकार लगाते हुए संकल्प लिया कि ऐसी ताकतों को आज तक का सबसे करारा जवाब दिया जाएगा। कोई भी आतंकवादी और उनका पालन करने वाली ताकतें बच नहीं पाएंगी। प्रधानमंत्री ने देश के इस संकट के लिए सेना को खुली छूट दे दी है। भारत की सेना आज दुनिया की सबसे सक्षम सेनाओं में मानी जाती है, हमें विश्वास है कि भारत की सेना और माननीय प्रधानमंत्री का संकल्प जल्द ही इस कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब देगा।


भारतीय जनता पार्टी के नेता डीसी सोलन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजते हुए।

# कांग्रेस सरकार के मंत्रियों से जनता का मोह भंग : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछले कल जिला सिरमौर के रोनहाट में प्रदेश सरकार के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का प्रवास कार्यक्रम था।



इस कार्यक्रम में शिलाई विधानसभा चुनाव क्षेत्र के कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता प्रदेश सरकार के दो मंत्रियों के लिए भीड़ नहीं जुटा पाए क्योंकि क्षेत्र की जनता का कांग्रेस सरकार एवं उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान से मोह भंग हो चुका है। रावत में कहा कि कार्यक्रम में भीड़ दिखाने के लिए क्षेत्र के स्कूली स्टूडेंट्स को लाया गया था, जो बहुत ही निंदनीय एवं शर्मनाक है हम इसकी कड़े शब्दों में घोर निंदा करते हैं। रावत ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने प्रदेश की जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाकर 10 बड़ी गारंटियां दी थी। इसमें सबसे बड़ी गारंटी प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को हर साल एक लाख सरकारी नौकरी देने की थी और दूसरी गारंटी 18 साल से ऊपर की सभी महिलाओं को हर महीने 15 सो रुपए देने की थी तीसरी गारंटी 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की थी व चौथी और पांचवी गारंटी सो रुपए लीटर भैंस का दूध और 80 रुपए लीटर गाय का दूध लेने की थी। इतना ही नहीं प्रदेश के किसानों को गोबर खरीदने की भी गारंटी दी थी, लेकिन यह सारी गारंटी झूठी साबित हुई है। कार्यक्रम में भीड़ न जुटने का कारण कांग्रेस पार्टी की झूठी गारंटी और गिरि पार क्षेत्र के लोगों को समय रहते हुए एसटी का दर्जा न देना मुख्य कारण रहा है।

**व्यवस्था** स्थानीयों श्रद्धालुओं को पूर्ण छूट, सुधरेगी पर्यटन सुविधा

# चूड़धार अभ्यारण्य में लगेगा प्रवेश शुल्क

**एसपी जैरथ, नाहन**

प्रसिद्ध चूड़धार वन्यजीव अभ्यारण्य में अब पर्यटकों को प्रवेश के लिए शुल्क देना होगा। वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन और पर्यटक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह नई व्यवस्था लागू की है।

खास बात यह है कि स्थानीय लोगों को इस शुल्क से पूरी तरह छूट दी गई है। वन विभाग के डीएफओ शाहनवाज के अनुसार, चूड़धार में लगातार बढ़ती पर्यटकों की संख्या को देखते हुए पर्यावरण पर दबाव कम करने और व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है। शुल्क से प्राप्त राशि का उपयोग ट्रैकिंग मार्गों पर शौचालय, पेयजल, विश्राम स्थल और सूचना केंद्र जैसी सुविधाओं को विकसित करने में किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों के निवासियों, साथ ही मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रवेश शुल्क से छूट दी गई है। वे चाहें तो स्वच्छता और संरक्षण के लिए स्वैच्छिक योगदान कर सकते हैं।

हिमाचल के अन्य जिलों से मंदिर आने वालों के लिए 2, बाहरी राज्यों से मंदिर आने वालों के लिए 50, सभी ट्रैकर्स के लिए 100, टेंट शुल्क 200 से 400, घोड़ा/खच्चर शुल्क प्रति यात्रा 100, विदेशी नागरिकों के लिए प्रवेश 200, टेंट 500, मोबाइल कैमरा को छोड़कर अन्य कैमरों पर अलग से शुल्क लिया जाएगा। चूड़धार अभयारण्य के भीतर चल रही अस्थायी दुकानों को अब ईको-शॉप के रूप में नीलाम किया जाएगा, जहां केवल पर्यावरण-अनुकूल सामग्री में हिमाचली पारंपरिक व्यंजन बेचे जा सकेंगे। वन विभाग का मानना है कि इस व्यवस्था से चूड़धार में पर्यटन और पर्यावरण के बीच संतुलन बनेगा, पर्यटकों को सुविधा मिलेगी और स्थानीय समुदाय को आर्थिक रूप से लाभ पहुंचेगा। (अनंत ज्ञान)


धार्मिक स्थल चूड़धार पीक, व्यवस्था से पर्यटन और पर्यावरण के बीच बनेगा संतुलन।

# मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना के अंतर्गत भूपेंद्र को मिला 12 .34 लाख का अनुदान

**अनंत ज्ञान, नाहन**

प्रदेश की अधिकांश जनसंख्या कृषि तथा बागवानी पर निर्भर है उनके हितों का ध्यान रखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा जन हितैषी तथा कल्याणकारी योजनाएं किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से क्रियान्वित की जा रही हैं। साथ ही इन योजनाओं का लाभ उठाकर प्रदेश के किसान अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ बना रहे हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना चलाई गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य किसानों की फसलों को पशुओं व जंगली जानवरों के नुकसान से बचाना तथा किसानों की मेहनत को सुरक्षा प्रदान करना है। मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना के लाभार्थी भूपेंद्र सिंह, जोकि पांवटा साहिब की कोटड़ी व्यास पंचायत के निवासी हैं उनका कहना है कि वह वर्षों से खेती पर निर्भर थे, लेकिन हर साल जंगली जानवरों और पशुओं के कारण उनकी फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों में मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना नई उम्मीद लेकर आई, जब भूपेंद्र सिंह को पता चला कि मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना के तहत सरकार खेतों के चारों और सौर ऊर्जा आधारित बाड़ लगाने के लिए 70 फीसदी अनुदान राशि प्रदान कर रही है, तो उन्होंने तुरंत इस योजना की पूर्ण जानकारी एकत्रित करने के उपरांत आवेदन किया।



कृषि विभाग के अधिकारियों ने उनका मार्गदर्शन किया और आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूर्ण करवाने के उपरांत कुछ ही महीनों में उनके लगभग 70 बीघा खेतों के चारों ओर सोलर बाड़ लगा दि गए।

इस बाड़ से न केवल जंगली जानवरों का खेत में प्रवेश बंद हुआ, बल्कि पहली बार उनकी पूरी फसल सुरक्षित रही।

भूपेंद्र सिंह ने अपने पूरे परिवार की ओर से किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से चलाई गई मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इससे 12. 34 लाख का अनुदान मिला। कृषि विकास अधिकारी पांवटा साहिब मंजीत सिंह ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना के तहत सौर बाड़बंदी की जाती है, जिसमें चार फुट तक जालीदार तथा उसके ऊपर तीन तारें लगाई जाती हैं। इस बाड़बंदी में सौर ऊर्जा के माध्यम से करंट का संचालन भी किया जाता है, ताकि पशु तथा जंगली जानवर फसलों से दूर रह सकें।




## न्यूज ब्रीफ

### सीएम सैनी ने मनोहर लाल को जन्मदिन पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर बधाई दी है। सैनी आज यहां हरियाणा सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के लिए आयोजित 'वित्तीय सहायता वितरण समारोह' में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मनोहर लाल को सरलता और सादगी की प्रतिमूर्ति बताते हुए ईश्वर से उनके सुख, शांति और समृद्धि से भरपूर स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन प्रदान करने की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जीवन समर्पण, ईमानदारी और सेवा की मिसाल है। जनकल्याण एवं सुशासन की दिशा में उनके नेतृत्व में हरियाणा ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उनके दूरदर्शी निर्णयों ने प्रदेश प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा है।

### हरियाणा में पकड़े गए दो बांग्लादेशी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गांव जाडरा में ईंट-भट्ठे से दो बांग्लादेशी भागते हुए पकड़े गए हैं। परिवार को इन बांग्लादेशियों ने पहले ही बहादुरगढ़ में भेज दिया था, ताकि वह पकड़े न जाएं। सोमवार को खुद वह यहां से जाने वाले थे। इन बांग्लादेशियों की पहचान जिला कुड़ीग्राम के गांव खाईताड़ी के थाना फुलवाड़ी निवासी शिवेन बर्मन व मुस्तफा की पहचान जिला कुड़ीग्राम के गांव सतकुरापार, थाना नागेश्वरी निवासी के रूप में हुई है। शिवेंद्र करीब 22-23 साल से रेवाड़ी में रह रहा था। मुस्तफा करीब 18-20 साल से रेवाड़ी में काम कर रहा था। सीआईडी गुप्तचर विभाग व केंद्रीय खुफिया एजेंसी की टीम ने ये कार्रवाई की है। दरअसल, टीम को सूचना मिली थी कि बांग्लादेशी रेवाड़ी से भागकर बहादुरगढ़ जाने वाले हैं। इसी सूचना के आधार पर संयुक्त रूप से टीम का गठन किया गया और दबिश दी गई। मौके पर वह गाड़ी भी मिली, जिसमें वे भागने वाले थे। दोनों ने गाड़ी में सामान भर लिया था। टीम ने दोनों की जांच पड़ताल कर कागजात मांगे तो वह कागज पेश नहीं कर पाए। कड़ी पूछताछ में उन्होंने बांग्लादेशी होने की बात स्वीकार की है। उसके बाद उन्होंने बांग्लादेश का अपना स्थायी पता भी बताया। फिलहाल टीम दोनों से पूछताछ कर रही है कि बाकी उनके साथी कहां पर छिपे हुए हैं।

यूटी चंडीगढ़ में राज्य स्तरीय नशा विरोधी निकाली रैली, गुलाब चंद कटारिया ने कहा–

# नशे से निपटने के लिए एकता जरूरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

नशाखोरी के खतरे से निपटने और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय नशा विरोधी रैली आज चंडीगढ़ में यूटी सचिवालय से शुरू हुई और तिरंगा पार्क, सेक्टर-17 चंडीगढ़ में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने किया। सेक्टर-9 स्थित यूटी सचिवालय में प्रशासक ने शहर में एलईडी डिस्प्ले और ऑडियो स्पीकर के माध्यम से नशाखोरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने वाले 'ड्रग्स विरोधी विज्ञापन वैन' को हरी झंडी दिखाई।



रैली में पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक के साथ, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, सांसद सतनाम सिंह संधू, सांसद डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, पंजाब के सीएम भगवंत मान शामिल हुए। चंडीगढ़ नगर निगम की मेयर हरप्रीत कौर बबला, हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, पूज्य जैन आचार्य लोकेश मुनि, बाबा भूपेंद्र सिंह, महामंडलेश्वर स्वामी दिनेश्वरानंद जी, यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा, आईएएस तथा चंडीगढ़ प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

रैली में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के 5,000 से अधिक प्रभावशाली छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने उत्साहपूर्वक तिरंगा पार्क तक मार्च किया।

आज की 'ड्रग्स के खिलाफ रैली' 'नशा मुक्त चंडीगढ़ अभियान' की श्रृंखला में एक ऐतिहासिक घटना है, जिसकी शुरुआत 26 अप्रैल 2025 को पीएम श्री जीएम एसएसएस धनास से हुई थी। पंजाब और हरियाणा दोनों के मुख्यमंत्रियों ने जमीनी स्तर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग के मुद्दों को संबोधित करने में उनके समर्पित प्रयासों के लिए गुलाब चंद कटारिया की सराहना की।

पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने अपने संबोधन में नशीली दवाओं के खतरे से निपटने के लिए नागरिकों के बीच एकता के महत्व पर जोर दिया और उपस्थित सभी लोगों से राष्ट्र के भविष्य की सुरक्षा में एक साथ खड़े होने का आग्रह किया।

कटारिया ने गुरु साहिब और उनके बेटों के बलिदानों से प्रेरणा लेते हुए भारत के युवाओं को उनके आदर्श जीवन से शक्ति और प्रेरणा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कटारिया ने युवाओं को व्यस्त रखने के लिए कौशल निर्माण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला ताकि वर्तमान पीढ़ी भारत को एक स्वस्थ, खुशहाल और विकसित देश बनाने के लिए आने वाले समय के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हो सके। उन्होंने कहा कि 'नशा मुक्त भारत अभियान' का अंतिम उद्देश्य एक ऐसा समाज बनाना है जहां व्यक्ति नशे के बोझ के बिना पनप सकें और राष्ट्र की प्रगति में सकारात्मक योगदान दे सकें।

### जागरूकता को दें बढ़ावा

**कटारिया** ने सभी से इस आंदोलन में शामिल होने का आग्रह किया और कहा, आइए, हम सब एकजुट होकर नशे को नकारें और प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ, सुरक्षित और नशा मुक्त भारत के सपने को वास्तविकता में बदलें। जागरूकता को बढ़ावा देने और समर्थन प्रदान करके, ऐसे आंदोलनों का उद्देश्य व्यक्तियों को संतुष्ट जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है, जिससे एक अधिक समृद्ध और नशा मुक्त राष्ट्र में योगदान मिलता है। इस मिशन का प्राथमिक ध्यान समुदायों, विशेष रूप से युवाओं को स्वस्थ और नशा मुक्त जीवन शैली जीने के लिए शिक्षित और सशक्त बनाना है। शैक्षणिक संस्थानों, गैर सरकारी संगठनों और सरकारी निकायों जैसे विभिन्न हितधारकों को शामिल करके, अभियान निवारक शिक्षा, उपचार और पुनर्वास कार्यक्रमों के माध्यम से नशीली दवाओं की मांग को कम करने का प्रयास करता है।

# नशे के खिलाफ दिलाई जाएगी शपथ : वीएस चौहान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा नशीली दवाओं के खतरे के खिलाफ लड़ाई के प्रयासों के तहत, एनसीसी ग्रुप चंडीगढ़ ने पूरे वर्ष अपने नशा विरोधी पहल के तहत कई कार्यक्रमों की योजना बनाई है। इस संबंध में ब्रिगेडियर वीएस चौहान, वाईएसएम कमांडर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय चंडीगढ़ ने बताया कि एनसीसी ग्रुप चंडीगढ़ द्वारा शिक्षा विभाग के तत्वावधान में और चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य विभागों के सहयोग से पूरे वर्ष ये गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

मई 2025 के अंतिम सप्ताह के दौरान महत्वाकांक्षाओं को सशक्त बनाने और व्यसनों को खत्म करने के लिए नशा विरोधी जागरूकता पर सभी प्रिंसिपलों की कार्यशाला की योजना बनाई जा रही है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर 26 जून 2025 को नशा विरोधी शपथ और रैली की योजना बनाई गई है। अगस्त 2025 के दूसरे भाग में रविवार को स्वास्थ्य दौड़ और फिटनेस चुनौती आयोजित की जाएगी। अक्तूबर 2025 में विभिन्न एनसीसी संबद्ध स्कूलों में कई नशा विरोधी कार्यशालाओं की योजना बनाई गई है। एनसीसी ग्रुप चंडीगढ़ द्वारा नशा विरोधी पहल 29 नवंबर 2025 को एनसीसी दिवस पर शॉपिंग प्लाजा, सेक्टर 17, चंडीगढ़ में एक समारोह के साथ समाप्त होगी।

**नशा विरोधी पहल 29 को एनसीसी दिवस पर होगी समाप्त**

## पुरानी रंजिश में ली जान, दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पुलिस ने गांव नांगल जमालपुर निवासी 19 वर्षीय सौरव हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव सीहा निवासी कर्मवीर व गांव तुर्कियावास निवासी हेमंत के रूप में हुई है। डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण ने बताया कि पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई है कि घटना के दिन मृतक सौरव अपने दोस्त के घर गांव हांसाका में ठहरा हुआ था। सौरव की आरोपी कर्मबीर से पहले ही जान पहचान थी। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को ठिकाने लगाने के लिए शव को बाइक पर रखकर फिदेड़ी के जोहड़ में डाल दिया था।

# हरियाणा को पानी देने के खिलाफ आज प्रस्ताव लाएगा पंजाब

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब और हरियाणा के बीच पानी का विवाद गहराता जा रहा है। केंद्र सरकार के कहने के बावजूद पंजाब ने रविवार को दूसरे दिन भी हरियाणा को भाखड़ा से 4500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी उपलब्ध नहीं कराया।



वहीं आज सुबह 11 बजे पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र है। इसमें हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने की सिफारिश के खिलाफ प्रस्ताव लाया जा सकता है। इसमें भगवंत मान सरकार को विपक्ष का भी समर्थन मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर, हरियाणा ने सुप्रीम का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर ली है, लेकिन इससे पहले वह पंजाब विधानसभा में पास होने वाले प्रस्ताव को देखेगा और कानूनी विशेषज्ञों की सलाह लेने के बाद ही अगला कदम उठाएगा। इस बीच, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बीच रविवार को हुई मुलाकात के दौरान इस मसले पर विस्तार से चर्चा हुई। सीएम सैनी ने पंजाब के रुख और राज्य के सभी दलों की ओर से आए सुझावों की जानकारी मनोहर लाल को दी। बताया जा रहा है कि केंद्र नंगल बांध का नियंत्रण बीबीएमबी को सौंपने के लिए पंजाब के खिलाफ कड़ा रुख अपना सकता है। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) ने हरियाणा को 4500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी देने की पैरवी की थी। इसके बाद दो मई को दिल्ली में हुई बैठक में केंद्रीय गृह सचिव ने पंजाब को बीबीएमबी के प्रस्ताव के अनुसार हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने का सुझाव दिया था। इसके अलावा केंद्र ने नंगल बांध (भाखड़ा बांध का कंट्रोल रूम) पर पंजाब पुलिस के पहरे पर आपत्ति जताई थी और तत्काल इसे बीबीएमबी को सौंपने को कहा था। मगर रविवार शाम तक पंजाब ने कंट्रोल रूम से नियंत्रण नहीं हटाया। ऐसे में केंद्र कंट्रोल रूम को बीबीएमबी को सौंपने के लिए सोमवार को कड़ा रुख अपना सकता है।

# सॉफ्ट स्किल्स पर दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



यूआईडीएआई मुख्यालय के प्रशिक्षण और परीक्षण प्रभाग के सहयोग से चंडीगढ़ के यूआईडीएआई आरओ ने चंडीगढ़ के सेक्टर 26 में आधार ऑपरेटरों और पर्यवेक्षकों के लिए एक दिवसीय राज्य स्तरीय मेगा प्रशिक्षण का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन यूआईडीएआई, चंडीगढ़ के निदेशक जगदीश कुमार ने किया।

चंडीगढ़ के विभिन्न विभागों जैसे सूचना प्रौद्योगिकी, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य सेवाएं, डाक, सीएससी, बैंक और आधार सेवा केंद्र से लगभग 75 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया, जिसमें आधार पारिस्थितिकी तंत्र, नियमों और प्रक्रियाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों को शामिल किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आधार ऑपरेटरों को अपने कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक निभाने और यूटी के निवासियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाना था।

यूआईडीएआई के निदेशक ने ऑपरेटरों द्वारा त्रुटियों की संभावना को कम करने के लिए नियमों और नवीनतम निर्देशों का सख्ती से अनुपालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने उन निवासियों द्वारा दस्तावेज अपडेट करने पर भी जोर दिया, जिन्होंने पिछले 10 वर्षों में अपना आधार अपडेट नहीं किया है। ऑपरेटरों को सॉफ्ट स्किल्स, यूआईडीएआई के विजन और उच्च स्तर की कार्य नैतिकता सुनिश्चित करने के मिशन पर भी प्रशिक्षण दिया गया।

उपस्थित यूआईडीएआई की उप निदेशक तरुणा कटारिया ने ऑपरेटरों के सामने आने वाली वास्तविक दुनिया की चुनौतियों को संबोधित किया और कुशल आधार सेवा वितरण के लिए कार्रवाई योग्य समाधान पेश किए।

### ईरानी विदेश मंत्री अब्बास पाकिस्तान पहुंचे



**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। तनाव को कम करने का दुनियाभर के देश प्रयास कर रहे हैं। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची पाकिस्तान पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि अराघची यहां भारत की सैन्य कार्रवाई के डर से बौखलाए पाकिस्तान को शांति अपनाने और बड़बोलेपन से बचने की नसीहत देंगे। इसके बाद ईरानी विदेश मंत्री भारत आएंगे। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उपप्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ अहम बैठक करेंगे। इस दौरान वे क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम को लेकर भी बात करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद पहुंचीं सीएम ममता



**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नहीं चाहती कि मैं पीड़ित परिवारों से मुलाकात करूं, इसलिए भाजपा ने दंगा प्रभावित परिवारों को अन्य स्थानों पर भेज दिया है। ममता बनर्जी ने कहा कि कुछ बाहरी लोग और धार्मिक नेता समुदायों के बीच हिंसा और दुश्मनी भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। जो लोग दंगे भड़का रहे हैं वे पश्चिम बंगाल के दुश्मन हैं। उन्हें सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के बजाय हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए प्रयास करने चाहिए। ओडिशा में बंगाल के प्रवासी श्रमिकों पर हमले हो रहे हैं। यह निंदनीय है। केंद्र पर हमला बोलते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि जब आप कुर्सी पर होते हैं तो आप लोगों को धार्मिक आधार पर नहीं बांट सकते। देशभर में सांप्रदायिका फैलाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### यूएसए में हमलावरों ने नौ लोगों को मारी गोली

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना ने सभी को हिलाकर रख दिया है। इस बार एक रेस्तरां में फायरिंग हुई है। वारदात में नौ लोगों को गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात फीनिक्स के उपनगरीय इलाके में स्थित एक रेस्तरां में नौ लोगों को गोली मारी गई। ग्लेनडेल पुलिस विभाग के अधिकारी मोरोनी मेंडेज ने घटनास्थल पर ब्रीफिंग के दौरान बताया कि पुलिस को एल कैमरन गिगांटे मैरिस्कोस एंड स्टीकहाउस में शाम करीब 7:45 बजे गोली चलने की सूचना मिली। हताहतों की संख्या तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाई है। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि यह संख्या लगभग नौ के करीब हो सकती है। पुलिस का मानना है कि वारदात में एक से अधिक शूटर शामिल थे। मेंडेज ने बताया कि फिलहाल कोई संदिग्ध हिरासत में नहीं है, लेकिन कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# इसराइल करेगा पूरे गाजा पर कब्जा

## प्लान को सुरक्षा कैबिनेट से भी मिली मंजूरी

**एजेंसी, तेल अवीव**

इसराइल अब गाजा पट्टी पर पूरी तरह से कब्जा करने के लिए बड़े स्तर पर हमले शुरू कर सकता है। इसराइल के अधिकारियों का कहना है कि उनकी सुरक्षा कैबिनेट ने सोमवार को पूरे गाजा पर कब्जा करने और अनिश्चित समय तक वहां बने रहने की योजना को मंजूरी दी है। यह योजना हमास से बंधकों को मुक्त करने और इसराइल की शर्तों पर युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ाने के इजराइल के प्रयासों का हिस्सा है। इस योजना में सैन्य हमलों के जरिए सैकड़ों फिलिस्तीनियों को गाजा से विस्थापित करना भी शामिल है। यह योजना लागू हुई तो फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजराइल के सैन्य अभियान का विस्तार होगा। इससे पूरे क्षेत्र में नया तनाव फैलने के साथ ही गाजा में मानवीय संकट बढ़ सकता है।

**गाजा में 2023 से हो रहे इसराइली हमले**

गाजा में अक्तूबर, 2023 से इसराइल हमले कर रहा है। हमास के दक्षिण इसराइल में हमला कर 1200 से ज्यादा लोगों को मारने और करीब 250 को बंधक बनाने के बाद ये लड़ाई शुरू हुई है। इसराइल अभी तक हमास को गाजा से पूरी तरह खत्म करने तक लड़ाई करने की बात कहता रहा है। अब उसने लड़ाई में और तेजी लाते हुए पूरे गाजा नियंत्रण की बात कही है। (अनंत ज्ञान)

### गाजा में बंधक बनाए लोगों को मुक्त कराना मकसद



**एपी** की रिपोर्ट के मुताबिक, इसराइल के कैबिनेट मंत्रियों सोमवार सुबह हुए मतदान में गाजा पूरी तरह कब्जे की योजना को मंजूरी दी। इससे कुछ घंटे पहले ही इसराइल के सेना प्रमुख ने कहा था कि सैनिकों को तैयार रहने के लिए कह रही है। इसराइली अधिकारियों के अनुसार इस नई योजना का मकसद हमास को गाजा में हराने और गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराना है। इस योजना में हजारों फिलिस्तीनियों को दक्षिण गाजा की ओर जाने पर मजबूर किया जा सकता है।

# सेंसेक्स 295 अंक उछलकर 80,797 के स्तर पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**



हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी सोमवार को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 295 अंक ऊपर 80,797 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 114 अंक की तेजी रही, यह 24,461 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में तेजी देखने को मिली। अडाणी पोर्ट्स का शेयर 6.31 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 3.73 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.11 प्रतिशत और जोमैटो 2.45 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। वहीं, कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 4.59 प्रतिशत और एसबीआई का 1.26 प्रतिशत नीचे आ गए हैं। निफ्टी के 50 शेयरों में से 38 में तेजी रही। एनएसई के सेक्टोरल इंडाइसेज में ऑटो में 1.85 प्रतिशत, मेटल में 0.96 प्रतिशत और ऑयल एंड गैस में 1.70 की तेजी रही, जबकि बैंकिंग सेक्टर में मामूली गिरावट रही। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के कमजोर नतीजों के बाद प्राइवेट सेक्टर बैंक कोटक महिंद्रा के शेयर में सोमवार को 4.59 प्रतिशत की गिरावट रही। (अनंत ज्ञान)

**निफ्टी 114 अंक चढ़ा 24,461 पर पहुंचा**

निर्मला सीतारमण ने एशियन डेवलपमेंट बैंक के अध्यक्ष से उठाई मांग

# पाक को आर्थिक मदद देना बंद करे एडीबी



वित्त मंत्री सीतारमण एशियन डेवलपमेंट बैंक के अध्यक्ष मासाको कांडा के साथ।

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े एक्शन लिए हैं। भारत पाकिस्तान के खिलाफ हर मोर्चे पर प्रहार कर रहा है। इस कड़ी में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को एशियन डेवलपमेंट बैंक के अध्यक्ष मासाको कांडा से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को मिलने वाली आर्थिक मदद को बंद करने की भी मांग की।

इसके अलावा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मासातो कांडा के अलावा इटली के वित्त मंत्री जियानकार्लो डियोर्जेट्टी से भी मुलाकात की और अपनी मांगों को दोहराया। (अनंत ज्ञान)

# देहरादून में बादल फटा, सांग नदी में बाढ़

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देशभर में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। भारतीय मौसम विभाग ने देश के 26 राज्यों में तेज आंधी-तूफान, बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। उत्तराखंड के देहरादून में बादल फटने से सांग नदी में बाढ़ आ गई, जिससे कई पर्यटक फंस गए, हालांकि सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया। उत्तर भारत, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान में भी मौसम का कहर जारी है।

**कई पर्यटक फंसे, सभी को सुरक्षित निकाला**

जयपुर में बिजली गिरने से 5 साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि सीकर में तेज बारिश से जलभराव हो गया। मध्य प्रदेश के छतरपुर में तेज तूफान से मोबाइल टावर गिर पड़ा। भोपाल, इंदौर, देवास, खंडवा और उज्जैन में भी तेज बारिश और ओले गिरे। राजस्थान के पश्चिमी हिस्से में ऑरेंज अलर्ट और पूर्वी भागों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, यूपी के 10 जिलों में ओलावृष्टि और भारी बारिश ने जनजीवन प्रभावित किया। चारधाम यात्रा मार्ग पर ऋषिकेश के पास भू-स्खलन के कारण सड़क बाधित हुई, हालांकि कुछ समय बाद मार्ग को फिर से खोल दिया गया। (अनंत ज्ञान)

# पहलगाम हमले से जुड़ी नई याचिका पर सुप्रीम फटकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर पर्यटकों की सुरक्षा की मांग करने वाली जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। पर्यटकों की सुरक्षा पर जनहित याचिका दायर करने पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि यह बिना किसी सार्वजनिक कारण और महज प्रचार के लिए है। कोर्ट ने यह भी कहा कि आप मामले की संवेदनशीलता को नहीं समझते। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने जनहित याचिका दायर करने के लिए अधिवक्ता विशाल तिवारी की खिंचाई की। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रचार के लिए है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, 'आपने इस तरह की जनहित याचिका क्यों दायर की? आपका असली मकसद क्या है? क्या आप इस मुद्दे की संवेदनशीलता को नहीं समझते? मुझे लगता है कि आप इस जनहित याचिका के जरिए जुर्माने को आमंत्रित कर रहे हैं।' (अनंत ज्ञान)

**याचिकाकर्ता से कहा, आप संवेदनशीलता नहीं समझते**

**दुस्साहस** खालिस्तानियों ने कनाडा सरकार से सभी हिंदुओं को निर्वासित करने की उठाई मांग

# टोरंटो के गुरुद्वारे में निकाली हिंदू विरोधी परेड

**एजेंसी, टोरंटो**

कनाडा के एक पत्रकार डेनियल बोर्डमैन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में खालिस्तानी कट्टरपंथी माल्टन गुरुद्वारे में हिंदू विरोधी परेड निकालते दिखाई दे रहे हैं। खालिस्तानियों ने कनाडा से सभी हिंदुओं को निर्वासित करने की मांग भी की। यह परेड टोरंटो के में निकाली गई। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी खालिस्तानियों ने भारत विरोधी परेड का आयोजन किया था, जिसमें पूर्व पीएम इंदिरा गांधी से संबंधित विवादित कटआउट लगाए गए थे। (अनंत ज्ञान)

### कई बार हिंदू मंदिरों को बनाया गया निशाना



टोरंटो स्थित माल्टन गुरुद्वारे में हिंदू विरोधी परेड निकालते खालिस्तानी।

**हाल** ही में कनाडा में चुनाव हुए हैं और मार्क कार्नी ने एक बार फिर सत्ता संभाली है। उम्मीद की जा रही थी कि मार्क कार्नी के सत्ता में आने के बाद कनाडा और भारत के रिश्तों में बेहतरी हो सकती है, लेकिन खालिस्तानी अपनी हरकतों से अभी भी बाज नहीं आ रहे हैं। इससे पहले कनाडा में कई मदिरों को क्षतिग्रस्त करने और मंदिर की दीवारों पर खालिस्तानी नारे लिखने की कई घटनाएं सामने आई हैं।

### यह भारत सरकार के खिलाफ प्रदर्शन नहीं, बल्कि हिंदुओं के खिलाफ नफरत

**डेनियल** बोर्डमैन ने अपने पोस्ट में लिखा कि 'ये जिहादी हमारी सड़कों पर उत्पात मचा रहे हैं और हमारे सामाजिक ताने-बाने को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। वे यहूदियों को धमका रहे हैं। क्या मार्क कार्नी का कनाडा जस्टिन ट्रूडो के कनाडा से अलग होगा?' डेनियल बोर्डमैन ने एक अन्य यूजर शॉन बिंदा की पोस्ट को रिट्वीट किया था। बिंदा ने अपने पोस्ट में लिखा कि माल्टन गुरुद्वारा में खालिस्तानी गैंग ने आठ लाख हिंदुओं को भारत भेजने की मांग की है। कनाडा में त्रिनिदाद, गुयाना, सूरीनाम, जमैका, दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड्स, मलेशिया, श्रीलंका, सिंगापुर, केन्या और कई अन्य देशों के लोग बसे हैं। यह भारत सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह साफ तौर पर हिंदुओं के खिलाफ नफरत है।

# चीन का पाकिस्तान को समर्थन देने का ऐलान

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** भारत के हमले की आशंका के मद्देनजर पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने इस्लामाबाद में चीन के राजदूत से मुलाकात की है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में चीनी राजदूत जियांग जैदोंग ने ऐवान-ए-सदर में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात की है। इस दौरान चीनी राजदूत ने पहलगाम की घटना के बाद पाकिस्तान और भारत के बीच तनावपूर्ण स्थिति सहित द्विपक्षीय महत्व के मामलों पर चर्चा की है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि चीन ने पाकिस्तान का साथ देने का भरोसा दोहराया है। इस बैठक के दौरान पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी ने भारत की आक्रामक हमलों की तैयारियों को लेकर चीन राजदूत से बात की है। पाकिस्तान को डर है कि अब भारत कभी भी हमला कर सकता है, जिसका मुकाबला करने की क्षमता इस्लामाबाद में नहीं है। आसिफ अली जरदारी ने चीनी राजदूत को बताया है कि इस तरह की कार्रवाइयां क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा हैं। (अनंत ज्ञान)



## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप

**विराट कोहली**

505




पर्पल कैप

**प्रसिद्ध कृष्णा**

19




सिक्सर किंग

**निकोलस पूरन**

34

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बेंगलुरु | 11 | 08 | 03 | 00 | 16 |
| 2. | पंजाब | 11 | 07 | 03 | 01 | 15 |
| 3. | मुंबई | 11 | 07 | 04 | 00 | 14 |
| 4. | गुजरात | 10 | 07 | 03 | 00 | 14 |
| 5. | दिल्ली | 10 | 06 | 04 | 00 | 12 |
| 6. | कोलकाता | 11 | 05 | 05 | 01 | 11 |
| 7. | लखनऊ | 11 | 05 | 06 | 00 | 10 |
| 8. | राजस्थान | 12 | 03 | 09 | 00 | 06 |
| 9. | हैदराबाद | 10 | 03 | 07 | 00 | 06 |
| 10. | चेन्नई | 11 | 02 | 09 | 00 | 04 |

## आईपीएल प्लेऑफ की प्रबल दावेदार, मुंबई को अभी तीन में से जीतने होंगे दो मैच

# मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस में भिड़ंत आज

**एजेंसी, मुंबई**

प्लेऑफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस का सामना आईपीएल में मंगलवार को गुजरात टाइटंस से होगा तो फॉर्म में चल रहे गुजरात के शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाजों के लिए बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कड़ी चुनौती होगी। सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ नेट रन रेट वाली मुंबई की टीम को बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे ताकि प्लेऑफ में प्रवेश कर सके।



पांच बार की चैंपियन टीम इनमें से दो मैच अपने मैदान पर खेलेगी जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। वहीं चौथी रैंकिंग वाली गुजरात की टीम को अभी चार मैच खेलने हैं जिनमें से दो अहमदाबाद में खेलने हैं जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं।

शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम को भी प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दो मैच और जीतने हैं। गुजरात के बी साइ सुदर्शन (504 रन), जोस बटलर (470) और कप्तान गिल (465) जबर्दस्त फॉर्म में हैं। अब उन्हें मुंबई के ट्रेंट बोल्ट (16 विकेट), हार्दिक पांड्या (13), जसप्रीत बुमराह (11) और दीपक चाहर (नौ) का सामना करना है जो आसान नहीं होगा। मुंबई के जीत की राह पर लौटने के बाद से इन्होंने किसी मैच में 200 से अधिक रन विरोधी टीम को बनाने नहीं दिए हैं। मुंबई खराब शुरुआत के बाद लगातार छह मैच जीतकर आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। गुजरात की सफलता की कुंजी उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन रही है। दूसरी ओर मुंबई को भी लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात के शानदार रिकॉर्ड से चिंता हो रही होगी।

गुजरात ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन मैच भारी अंतर से जीते हैं। गुजरात के शीर्ष तीन बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म के कारण बाकी बल्लेबाजों की परीक्षा नहीं हो सकी है। मध्यक्रम में शेरफान रदरफोर्ड (201) को कुछ मौका मिला है। मुंबई के गेंदबाजों का लक्ष्य अब गुजरात के शीर्षक्रम को सस्ते में आउट करने का होगा। तीन सत्र पहले हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने पदार्पण के साथ आईपीएल खिताब जीता था। वही हार्दिक अब मुंबई के कप्तान हैं जिसने बेहद औसत शुरुआत के बाद वापसी की है। हार्दिक खुद 157 रन बनाने के साथ 13 विकेट ले चुके हैं।

रोहित शर्मा (293 रन) और सूर्यकुमार यादव (475 रन) भी फॉर्म में हैं। रियान रिकेल्टन (334 रन) धीमी शुरुआत के बाद लय पकड़ चुके हैं। तिलक वर्मा (239) और नमन धीर (155) बल्लेबाजी को गहराई देते हैं। रबाडा मनोरंजन के लिए प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण प्रतिबंध झेल रहे हैं और अभी यह पता नहीं है कि वह लौट पाएंगे या नहीं। गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा 19 विकेट लेकर परपल कैप पहन चुके हैं जबकि मोहम्मद ने 14 और आर साइ किशोर ने 12 विकेट लिए हैं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**मुंबई इंडियंस :** सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेल्टन, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, हार्दिक पंड्या, नमन धीर, राज बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, लिज़ाड विलियम्स, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएट्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़ और करीम जनत।

## दिल्ली ने पावरप्ले में गंवाए चार विकेट



**एजेंसी, हैदराबाद**

आईपीएल 2025 का 55वां मैच सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच सोमवार को राजीव गांधी इंटरनेशनल (उप्पल) स्टेडियम में खेला गया। हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया, जो उसके लिए फायदेमंद साबित हुआ।

दिल्ली की बैटिंग की शुरुआत बेहद खराब रही। उसने पावरप्ले में अपने चार विकेट गंवा दिए। स्थिति यह थी कि दिल्ली ने जल्दी-जल्दी अपने विकेट खो दिए और स्कोर भी कुछ खास नहीं था। पैट कमिंस ने आज खूब कहर बरपाया। उन्होंने मैच की पहली बॉल पर करुण नायर को पवेलियन भेज दिया, जिससे शुरुआत में ही दिल्ली की टीम दबाव में आ गई। इसके बाद पैट कमिंस ने डु प्लेसिस को भी आउट कर दिया। तीसरे ओवर में दिल्ली ने दूसरा विकेट गंवा दिया। यहां फाफ डु प्लेसिस 3 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें भी पैट कमिंस ने विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराया।

इसके बाद 5वें ओवर की पहली बॉल पर पैट कमिंस ने अभिषेक पोरेल (8 रन) को पवेलियन भेजा। केएल राहुल (10 रन) को जयदेव उनादकट और अक्षर पटेल (6 रन) को हर्षल पटेल ने पवेलियन भेजा। समाचार लिखे जाने तक हैदराबाद ने 12 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 62 रन बना लिए थे। ट्रिस्टन स्टब्स और विपराज निगम क्रीज पर डटे थे। ट्रिस्टन 14 रन और विपराज 18 रन बनाकर खेल रहे थे।

# जीवन जीने का तरीका सरल, मैं वर्तमान में जीने का लेता हूं पूरा आनंद : अर्शदीप

**एजेंसी, धर्मशाला**

पंजाब किंग्स की लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ आईपीएल मैच में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का जीवन जीने का तरीका बेहद सरल है, बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना और वर्तमान में जीने का पूरा आनंद लेना।



अर्शदीप ने लखनऊ के चोटी के तीन बल्लेबाजों को आउट करके पंजाब को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके साथ ही अब तक आईपीएल के वर्तमान सत्र में 11 मैचों में 16 विकेट ले लिए हैं और प्रसिद्ध कृष्णा (19 विकेट) और जोश हेजलवुड (18 विकेट) के बाद सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। अर्शदीप ने मैच के बाद कहा, ''मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचता और अभी केवल वर्तमान में जीने का पूरा आनंद ले रहा हूं। हम एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।''

उन्होंने कहा, 'यहां शुरू में गेंद को थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था और मैंने वास्तव में इसका पूरा आनंद लिया।'' अर्शदीप खुश हैं कि वह पावरप्ले के अंदर मिशेल मार्श, एडेन मार्कम और निकोलस पूरन जैसे धाकड़ बल्लेबाजों के विकेट लेने में सफल रहे। उन्होंने कहा,''मैं बस उसे (मार्श को आउट करने के लिए नेहल वढेरा का कैच) गेंद की ओर दौड़ते हुए देख रहा था। मैं प्रार्थना कर रहा था बस इसे पकड़ लो क्योंकि आप जानते हैं कि मिच एक बहुत ही खतरनाक खिलाड़ी है।

इस विकेट का पूरा श्रेय नेहल को जाता है।'' अर्शदीप ने कहा, ''लखनऊ के चोटी के तीन बल्लेबाज ही अधिक रन बना रहे थे इसलिए, हमने सोचा कि अगर हम उनको जल्दी आउट कर देते हैं तो हमारा पलड़ा भारी रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## इंग्लिश को तीसरे नंबर पर भेजना अय्यर का फैसला : पोंटिंग

**एजेंसी, धर्मशाला**

पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया कि लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव का सामना करने के लिए जोश इंग्लिश को बल्लेबाजी के लिए तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला कप्तान श्रेयस अय्यर का था। इंग्लिश ने इस सत्र में अधिकतर समय मध्यक्रम में बल्लेबाजी की थी। लखनऊ के खिलाफ उन्होंने मयंक को अपने निशाने पर रखा तथा 14 गेंद में 30 रन बनाए। पंजाब ने यह मैच 37 रन से जीता।



पोंटिंग ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''इंग्लिश को तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला कप्तान का था। यहां की पिच और विरोधी टीम के आक्रमण को देखते हुए उनका मानना था कि अगर विकेट जल्दी गिर जाता है तो फिर इंग्लिश को भेजना सही होगा।'' उन्होंने कहा, ''हम यह मानकर चल रहे थे कि मयंक शुरू में गेंदबाजी करेगा। अगर आप उसकी गेंदबाजी पर गौर करो तो वह बहुत अधिक शॉर्ट पिच गेंदबाजी करता है और इंग्लिश इस तरह की गेंदों को खेलने में माहिर है जैसा कि हमने इस मैच में भी देखा। उनके पुल शॉट अद्भुत थे।'' पोंटिंग ने कहा, ''इंग्लिश को तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला लखनऊ के लिए भी हैरानी भरा था और इसका हमें फायदा मिला। हमारी बल्लेबाजी में काफी गहराई है और इससे हमारे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका मिलता है। लखनऊ ने 200 से अधिक रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, अपने चोटी के तीन बल्लेबाज मिशेल मार्श, निकोलस पूरन और एडेन मार्कम के विकेट जल्दी खो दिए थे। बडोनी ने मैच के बाद कहा, ''मुझे लगता है कि हम 10-15 रन और रोक सकते थे, लेकिन लक्ष्य अभी भी हासिल किया जा सकता था। विकेट बहुत अच्छा था।'' पावर प्ले में हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। बेहतर शुरुआत की होती तो नतीजा और होता।' (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### ईस्पोर्ट्स केआईवाईजी में प्रदर्शनी खेल के तौर पर हुआ शामिल

**एजेंसी, पटना।** ईस्पोर्ट्स को पहली बार खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) में शामिल किया गया है जिसमें खिलाड़ियों को 'बीजीएमआई', 'स्ट्रीट फाइटर 6', शतरंज और 'ई-फुटबॉल' में प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा। ईस्पोर्ट्स उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से इसे मुख्यधारा के खेल के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। ईस्पोर्ट्स 2026 एशियाई खेलों में एक आधिकारिक पदक खेल होगा। इसके साथ ही पहला ओलंपिक ईस्पोर्ट्स खेल 2027 में शुरू होने वाला है। बिहार ने केआईवाईजी 2025 में इसे प्रदर्शन खेल के तौर पर शामिल करने से पहले बिहार राज्य ईस्पोर्ट्स ओपन चैंपियनशिप और 'द बिहार इंटर स्कूल एंड कॉलेज ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप' का पिछले एक साल में आयोजन किया है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु और नागालैंड जैसे राज्यों ने भी जमीनी स्तर पर ई-स्पोर्ट्स कार्यक्रमों को समर्थन और औपचारिक बनाने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। ईस्पोर्ट्स प्रतियोगिताएं छह और सात मई को पाटलीपुत्र खेल परिसर में आयोजित होंगी। इसमें 'बैटलग्राउंड्स मोबाइल इंडिया (बीजीएमआई)', 'स्ट्रीट फाइटर 6', शतरंज और 'ई-फुटबॉल' के मुकाबले शामिल हैं। इसे मोबाइल और कंसोल दोनों पर खेला जाएगा। बीजीएमआई भारत में सबसे लोकप्रिय ईस्पोर्ट्स खेल है।

### कैथरीन झू का खूबसूरत अंदाज

**कनाडा।** कैथरीन झू एक अव्वल दर्जे की टेनिस खिलाड़ी है। उनका जन्म वैंकूवर, कनाडा में हुआ था। कॉलेज स्तर पर वह गोल्फ भी खेलती रही हैं। विश्वविद्यालय में उनका स्कोर औसत 76.54 रहा है। झू अपने पिता की तरह एक शौकीन टेनिस खिलाड़ी भी हैं।



### भारत के पर्व चौधरी ने युवा एवं जूनियर विश्व चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**एजेंसी, लीमा (पेरू)।** भारतीय भारोत्तोलक पर्व चौधरी ने यहां आईडब्ल्यूएफ युवा और जूनियर विश्व वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। पर्व ने लड़कों के युवा वर्ग के 96 किग्रा भार वर्ग में कुल 315 किग्रा वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 140 किग्रा वजन उठाया। क्लीन एवं जर्क में उन्होंने 175 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। मौजूदा टूर्नामेंट में यह भारत का तीसरा पदक है। ज्योशना सबर (40 किग्रा) और हर्षवर्धन साहू (49 किग्रा) ने भी पिछले सप्ताह अपने-अपने भार वर्ग में कांस्य पदक जीते थे। विश्व चैंपियनशिप में, ओलंपिक खेलों के विपरीत, स्नैच, क्लीन एवं जर्क और कुल वजन के लिए अलग-अलग पदक दिए जाते हैं।



## श्रीकांत और भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की नजरें ताइपे ओपन में लय हासिल करने पर

**एजेंसी, ताइपे**

लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे किदाम्बी श्रीकांत और कई भारतीय युवा बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 240000 डॉलर ईनामी राशि के ताइपे ओपन में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत लगातार चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं जिसके कारण वह मौजूदा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में 61वें स्थान पर खिसक गए हैं।



विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता 32 वर्ष के श्रीकांत पिछले साल 14 टूर्नामेंटों में खेले और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन स्विस ओपन में रहा जिसमें वह सेमीफाइनल तक पहुंचे थे।

**श्रीकांत विश्व रैंकिंग में 61वें स्थान पर खिसके**

इस साल श्रीकांत ने पांच टूर्नामेंट खेले और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट में रहा जिसमें वह क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। श्रीकांत का सामना पहले दौर में हमवतन एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रहमण्यम से होगा जिन्होंने इस साल मार्च में स्विस ओपन में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराया था।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी पहले दौर में चीनी ताइपे के तीसरी वरीयता प्राप्त ली चिया हाओ से खेलेंगे। राष्ट्रीय खेल 2023 के स्वर्ण पदक विजेता तरुण मन्नेपल्ली का सामना जापान के शोगो ओगावा से होगा जबकि एम लुवांग मेसनाम की टक्कर सातवीं वरीयता प्राप्त कनाडा के ब्रायन यांग से होगा।

महिला वर्ग में अनुपमा उपाध्याय और उन्नति हुड्डा पहले दौर में आमने सामने होंगी। अनमोल खरब और रक्षिता संतोष रामराज की नजरें भी आगे तक जाने पर लगी होंगी। आकर्षि कश्यप भी दौड़ में हैं। (अनंत ज्ञान)

# लखनऊ सुपर जायंट्स की गाड़ी पटरी से उतरी

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में पंजाब किंग्स से हारने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम कांगड़ा एयरपोर्ट से वापस लौट गई। टीम के खिलाड़ी कप्तान ऋषभ पंत के साथ दिल्ली के लिए रवाना हो गए। खेल पर नजर डाली जाए तो आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स की गाड़ी पटरी से उतर चुकी है।



**लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम दिल्ली रवाना**

6 मैचों में 4 जीत हासिल करने वाली ऋषभ पंत की टीम अगले 5 मैचों में चार हार गई। 11 मैचों में 5 जीत के साथ लखनऊ के 10 प्वाइंट ही हैं। टीम टेबल में सातवें स्थान पर आ गई है। उसका नेट रन रेट भी टॉप-7 टीमों में सबसे खराब है। पंजाब किंग्स 11 मैच में 15 प्वाइंट के साथ टेबल में दूसरे स्थान पर आ गई है। अभी 5 टीमें-रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, मुंबई इंडियंस और गुजरात और दिल्ली के पास 18 प्वाइंट तक पहुंचने का मौका है। (अनंत ज्ञान)

### तीन मैच हारने के बाद भी ऋषभ पंत के हौसले बुलंद



**लखनऊ** सुपर जायंट्स (एलएसजी) आईपीएल 2025 में लगातार तीन मैच हार गई है, लेकिन इससे ऋषभ पंत के हौसले अब भी बुलंद हैं। एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत ने आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद नहीं छोड़ी है। उनका मानना है कि बाकी तीन मैचों में उनकी टीम हालात बदल सकती है। लखनऊ के अभी 11 मैचों में 5 जीत से 10 अंक हैं। लखनऊ सुपरजायंट्स को रविवार के मुकाबले में पंजाब किंग्स ने 37 रन से हराया। धर्मशाला में खेले गए इस मैच के बाद पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल पॉइंट टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। 11 मैचों से 15 अंक हो गए हैं। पंजाब से ज्यादा अंक सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हैं। बेंगलुरु की टीम 16 अंक के साथ टॉप पर है। लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम पंजाब से हारकर टेबल में 7वें नंबर पर पहुंच गई है। लखनऊ का नेट रन रेट माइनस 0.47 है। पंजाब किंग्स से मिली हार के बाद ऋषभ पंत ने कहा, 'सपना अब भी बरकरार है। पंत ने स्वीकार किया कि 236 रन का लक्ष्य बहुत अधिक था और उनकी फील्डिंग भी औसत रही। उन्होंने कहा, हमने शुरुआत ही अच्छी नहीं की लेकिन यह होता है।

### पंजाब किंग्स 7 जीत से 15 अंक लेकर दूसरे स्थान पर

**पंजाब** किंग्स 7 जीत से 15 अंक लेकर तालिका में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (16 रन) के बाद दूसरे स्थान पर है। प्रभसिमरन ने अपनी 48 गेंद की पारी में 6 चौके और 7 छक्के जड़े। इसकी बदौलत पंजाब ने पांच विकेट पर 236 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 45 रन और जोश इंग्लिस ने 30 रन का योगदान दिया।

इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलएसजी का शीर्ष क्रम विफल रहा। अर्शदीप (16 रन देकर तीन विकेट) की भूमिका अहम रही और उन्होंने पावरप्ले में तीन विकेट झटके। आयुष बदोनी (74 रन, 40 गेंद, पांच चौके, पांच छक्के) और अब्दुल समद (45 रन, 24 गेंद, दो चौके, चार छक्के) ने छठे विकेट के लिए 81 रन की भागीदारी निभाकर टीम को उबारने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और 20 ओवर में सात विकेट पर 199 रन ही बना सकी।

## आईसीसी रैंकिंग टेस्ट प्रारूप में एक स्थान नीचे चौथे नंबर पर खिसका भारत, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर काबिज

# भारत का वनडे और टी20 में शीर्ष स्थान बरकरार

**एजेंसी, दुबई**

भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सोमवार को जारी नवीनतम वार्षिक पुरुष रैंकिंग में सफेद गेंद प्रारूप में अपना दबदबा कायम रखते हुए वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, लेकिन टेस्ट प्रारूप में वह एक स्थान नीचे चौथे नंबर पर खिसक गया जिसमें ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर काबिज है।



नवीनतम रैंकिंग में मई 2024 के बाद से खेले गए सभी मैचों की दर 100 प्रतिशत और उससे पहले के दो वर्षों की 50 प्रतिशत है।

वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले भारत को वनडे रैंकिंग में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का फायदा मिला है। इससे उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़कर 124 हो गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका ने हाल के महीनों में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय शृंखला जीत भी शामिल है। इससे उसे पांच रेटिंग अंक का फायदा हुआ और वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है। उसने पाकिस्तान (एक अंक के लाभ के साथ पांचवें) और दक्षिण अफ्रीका (चार अंक के नुकसान के साथ छठे) को पीछे छोड़ा।

अफगानिस्तान चार अंकों के सुधार के बाद सातवें स्थान पर पहुंच गया जबकि पूर्व विश्व चैंपियन इंग्लैंड चार अंक खोने के बाद आठवें स्थान पर आ गया। वेस्टइंडीज पांच अंक हासिल करके नौवें स्थान पर पहुंच गया। बांग्लादेश चार अंकों की गिरावट के साथ 10वें स्थान पर खिसक गया है।

टी20 में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत शीर्ष पर है, हालांकि दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया पर उसकी बढ़त 10 से घटकर नौ अंक हो गई है।

पहली बार वार्षिक अपडेट में वैश्विक टी20 रैंकिंग में 100 टीमों को शामिल किया गया है। सूची में वे सभी टीमें शामिल हैं जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इंग्लैंड तीसरे नंबर पर है, जबकि न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका क्रमश: चौथे, पांचवें और छठे नंबर पर हैं। इनके बाद श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिंबाब्वे का नंबर आता है। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट टीम रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, हालांकि वार्षिक अपडेट के बाद उसकी बढ़त 15 से घटकर 13 अंक रह गई है। ऑस्ट्रेलिया के 126 रेटिंग अंक हैं। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों को पछाड़ते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

उसके रेटिंग अंक 113 हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका (111) और भारत (105) एक एक स्थान फिसलकर क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके बाद न्यूजीलैंड, श्रीलंका, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे हैं। टेस्ट तालिका में अभी केवल 10 टीम शामिल हैं। आयरलैंड को रैंकिंग हासिल करने के लिए अगले 12 महीनों में एक और टेस्ट खेलना होगा, जबकि अफगानिस्तान को सूची में शामिल होने के लिए तीन और मैच खेलने होंगे। (अनंत ज्ञान)

## रबाडा के डोप टेस्ट में नाकाम रहने को लेकर गोपनीयता पर भड़के टिम पेन

**एजेंसी, सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन ने कैगिसो रबाडा के डोप टेस्ट में नाकाम रहने के मामले में पारदर्शिता के अभाव की आलोचना करते हुए कहा है कि इस मामले से जुड़े अधिकारियों को पूरा खुलासा करना चाहिए।



रबाडा ने एक सनसनीखेज खुलासे में बताया कि मनोरंजन के लिये इस्तेमाल होने वाली प्रतिबंधित दवा के इस्तेमाल के कारण वह अस्थायी निलंबन झेल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के इस तेज गेंदबाज ने गुजरात टाइटंस के लिए दो मैच खेलने के बाद ही निजी कारणों से आईपीएल छोड़ दिया था। पेन ने 'सेन रेडियो' से कहा, '' यह अजीब है। मुझे यह पसंद नहीं है। इस तरह से बात छिपाने की क्या जरूरत है क्योंकि यह निजी मामला नहीं है।''

उन्होंने कहा, '' अगर किसी पेशेवर खिलाड़ी ने टूर्नामेंट के दौरान इस तरह के पदार्थ का सेवन किया है तो यह निजी मसला नहीं है। इसका मतलब है कि आपने अनुबंध तोड़ा है। यह निजी मसला नहीं है।'' रबाडा का डोप टेस्ट एसए 20 के दौरान जनवरी में हुआ था। पेन ने कहा,'' चाहे मनोरंजन के लिए या प्रदर्शन में सुधार के लिए प्रतिबंधित पदार्थ लिया गया हो, यह निजी मसला नहीं है जिसे एक महीने तक छिपाया गया।

उसे आईपीएल से बाहर करके दक्षिण अफ्रीका भेज दिया गया और सब पर पर्दा डाल दिया। इसके बाद प्रतिबंध पूरा होते ही उसे वापस ले लिया जाएगा। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए रबाडा की वापसी होगी या नहीं। (अनंत ज्ञान)